राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.vishalindia.in



# विशाल इंडिया

सच्चाई की राह पर!

गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

वर्ष : 14
अंक : 346
पृष्ठ : 08
गौतमबुद्धनगर
शनिवार 08 नवंबर 2025
मूल्य :2 /-

RNI No .UPHIN/2014/55236

मुख्य अपडेट
पेज 3 नोएडा का बनेगा अपना लॉजिस्टिक प्लान
पेज 4 एसटीएफ ने गो-तस्कर वाकिफ को एनकाउंटर में मार गिराया
पेज 6 महिला विश्वकप सेमीफाइनल की हार से अब भी उबर नहीं

## सुप्रीम कोर्ट का आदेश- स्कूल, अस्पताल से आवारा कुत्ते हटाएं

### जहां से पकड़ें, नसबंदी के बाद वहीं न छोड़ें; हाईवे से आवारा जानवर भी हटाएं

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने आवारा कुत्तों को स्कूल, कॉलेज, अस्पताल और बस स्टैंड से दूर रखने के आदेश दिए हैं।

कोर्ट ने शुक्रवार को कहा कि स्कूल-कॉलेज और अस्पतालों में बाड़ लगाई जाए, ताकि कुत्ते वहां न पहुंच सकें।

कोर्ट ने कहा कि पकड़े गए आवारा कुत्तों को उसी जगह पर वापस नहीं छोड़ा जाएगा, जहां से उन्हें उठाया गया था। उन्हें शेल्टर होम में रखा जाएगा।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि स्कूलों, अस्पतालों, खेल परिसरों, बस स्टैंड और रेलवे स्टेशनों जैसे संस्थागत क्षेत्रों में बार-बार डॉग बाइट की घटनाएं सिर्फ प्रशासनिक लापरवाही नहीं, बल्कि सिस्टम की विफलता दिखाती हैं।

कोर्ट ने सभी नेशनल और स्टेट हाईवे से आवारा पशु हटाने का आदेश भी दिया। सभी राज्यों के मुख्य सचिव इन आदेशों का सख्ती से पालन कराने को कहा है।

कोर्ट ने यह भी कहा कि ऐसी घटनाएं पब्लिक सेफ्टी, पर्यटन और देश की वैश्विक छवि को नुकसान पहुंचा रही हैं। इस मामले में 3 हफ्ते में स्टेटस रिपोर्ट और हलफनामा मांगा गया है। अगली सुनवाई 13 जनवरी 2025 को होगी।

#### कोर्ट के आदेश की 8 बड़ी बातें

सभी नेशनल हाईवे पर आवारा पशुओं की मौजूदगी की सूचना देने के लिए हेल्पलाइन नंबर ल गा ा न े होंगे।



सभी राज्यों के मुख्य सचिव निर्देशों का सख्ती से पालन कराएंगे। स्टेटस रिपोर्ट और हलफनामा 3 हफ्ते में दायर किया जाए।

राज्य सरकारें और टी 2 हफ्ते में ऐसे सरकारी और निजी स्कूल-कॉलेज, अस्पतालों की पहचान करेंगी, जहां आवारा जानवर और कुत्ते घूमते हैं। उनकी एंट्री रोकने के लिए बाड़ लगाई जाएगी।

कैंपस और बाड़ के रखरखाव के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त होगा।

नगर निगम, नगर पालिका और पंचायत 3 महीने में कम से कम एक बार इन कैंपस की जांच करें।

पकड़े गए आवारा कुत्तों को उसी जगह वापस नहीं छोड़ा जाएगा, जहां से उन्हें उठाया गया था।

रेलवे, बस डिपो, स्टेडियम और स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में 24×7 मॉनिटरिंग की व्यवस्था।

एंटी-रैबीज वैक्सीन और इम्युनोग्लोबुलिन सभी सरकारी अस्पतालों में उपलब्ध कराने के निर्देश। एनिमल वेलफेयर बोर्ड ऑफ इंडिया को 4 हफ्तों में SOP जारी करनी होगी।

## संक्षिप्त खबरें

### तीसरे केदार तुंगनाथ के कपाट बंद

**रुद्रप्रयाग।** उत्तराखंड में स्थित पंचकेदारों में तीसरे केदार भगवान तुंगनाथ के कपाट गुरुवार सुबह 11: 30 बजे 189 दिनों बाद बंद कर दिए गए। रुद्रप्रयाग जिले में स्थित यह मंदिर भगवान शिव को समर्पित है और इसे एक हजार साल से भी अधिक पुराना माना जाता है। आज अलसुबह से ही तुंगनाथ धाम में कपाट बंद करने की पारंपरिक तैयारियां शुरू हुई। सुबह 5 बजे से मंदिर में शीतकालीन पूजा-अर्चना हुई। धार्मिक अनुष्ठानों के बाद सुबह 11 बजे मंदिर के कपाट श्रद्धालुओं के लिए पूरी तरह बंद कर दिए गए। कपाट बंद होने के बाद बाबा तुंगनाथ की चल उत्सव विग्रह डोली अपने शीतकालीन गद्दीस्थल मक्कूमठ स्थित मर्कटेश्वर मंदिर के लिए रवाना हो रही।

### सुप्रीम कोर्ट में महाराष्ट्र सरकार बोली-पुलिसवाले का कोई धर्म नहीं

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को अकोला दंगा मामले में महाराष्ट्र सरकार की याचिका पर स्प्लिट वर्डिक्ट सुनाया। सरकार ने याचिका में विशेष जांच दल में हिंदू और मुस्लिम दोनों समुदायों के पुलिस अधिकारियों को शामिल करने के निर्देश की समीक्षा मांगी थी। सरकार ने याचिका में कहा था कि पुलिस को धार्मिक आधार पर बांटना राज्य की धर्मनिरपेक्ष नीतियों के खिलाफ है। पुलिसवाले का कोई धर्म नहीं होता। मामले की सुनवाई जस्टिस संजय कुमार और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा की डबल बेंच ने की।



### हैप्पी मॉर्निंग

एक काला आदमी मरने के बाद
स्वर्ग गया
स्वर्ग में उसे परी मिली और बोली-
तुम कौन हो?
काला आदमी परी को इम्प्रेस
करने के लिए बोला-
मैं टाइटैनिक का हीरो हूं
परी- टाइटैनिक डूबी थी,
जली नहीं
थी.....



### शायरी

महँगाई में हर इक शय के दाम
हुए हैं दूने
मजबूरी में बिके जवानी दो कौड़ी
के मोल

### अर्थसार



सेंसेक्स:
83,216.28
-94.73 (0.11%)
निफ्टी:
25,492.30
-17.40

### मौसम



| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | | : 27 डिग्री से0 |
| न्यूनतम | | : 12 डिग्री से0 |
| सूर्योदय | रविवार | : 6 : 40 |
| सूर्यास्त | शनिवार | : 5 : 42 |

## आज पचमढ़ी पहुंचेंगे कांग्रेस नेता राहुल गांधी

**पचमढ़ी।** कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी आज और कल (शनिवार-रविवार) को पचमढ़ी में रहेंगे। राहुल गांधी पचमढ़ी के रविशंकर भवन में एमपी कांग्रेस के चुनिंदा नेताओं से मुलाकात करेंगे। इसके बाद होटल हाईलैंड में जिला अध्यक्षों के प्रशिक्षण शिविर में एक सत्र को संबोधित करेंगे। जिला अध्यक्षों के प्रशिक्षण शिविर में राहुल



गांधी के शामिल होने के पहले पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह, पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण यादव, सहित तमाम दिग्गज नेता पचमढ़ी पहुंचेंगे।

### भारत को 113 तेजस मार्क-1ए इंजन देगा अमेरिका

नई दिल्ली। हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड ने शुक्रवार को अमेरिकी कंपनी जनरल इलेक्ट्रिक के साथ 1 अरब डॉलर (करीब 8,870 करोड़) की डील की। इस इसके तहत GE भारत को 113 जेट इंजन और सपोर्ट पैकेज देगी। एसएएल ने समझौते के बारे में एक्स में पोस्ट कर जानकारी दी। कंपनी ने बताया कि ये इंजन 97 मार्क-1ए लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट में लगाए जाएंगे। इंजन की डिलीवरी 2027 से 2032 के बीच होगी।

## बस्तर में एनआईए की आइईडी विस्फोट मामले में बड़ी कार्रवाई

### 12 ठिकानों पर की छापेमारी; नकदी-माओवादी पर्चे बरामद

जगदलपुर। राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने शुक्रवार को छत्तीसगढ़ के बस्तर क्षेत्र में 12 स्थानों पर एक साथ छापेमारी की। यह कार्रवाई 2023 में हुए अरनपुर आईईडी विस्फोट और माओवादी हमले के मामले से जुड़ी है। एनआइए ने बताया कि यह छापे संदिग्ध और



आरोपित व्यक्तियों के परिसरों में मारे गए, जो प्रतिबंधित संगठन सीपीआइ के सशस्त्र कैडरों से जुड़े थे। तलाशी के दौरान एजेंसी ने कई आपत्तिजनक सामग्री जब्त की है, जिनमें नकदी, हस्तलिखित पत्र, माओवादियों द्वारा की जाने वाली लेवी वसूली की रसीद बुकें और डिजिटल उपकरण शामिल हैं। यह हमला दंतेवाड़ा जिले के अरनपुर थाना क्षेत्र के पेद्का गांव के पास 26 अप्रैल 2023 को दरभा डिवीजन कमेटी के माओवादियों ने किया था। एनआइए इस मामले की जांच जारी रखे हुए है और अब तक 27 आरोपितों को गिरफ्तार कर दो आरोपपत्र दाखिल कर चुकी है।

## दिल्ली में सरकारी-एमसीडी दफ्तरों का समय बदला

### नई टाइमिंग 15 नवंबर से लागू, 4 महीने तक प्रभावी रहेगी; प्रदूषण-ट्रैफिक कम करने की कोशिश

**नई दिल्ली।** दिल्ली में सरकारी दफ्तर और म्यूनिसिपल कॉर्पोरेशन डिपार्टमेंट के दफ्तरों की टाइमिंग बदली गई है। दिल्ली की रेखा गुप्ता सरकार ने ये फैसला एयर पॉल्यूशन और ट्रैफिक में कमी लाने के लिए किया है।

नई टाइमिंग 15 नवंबर से लागू होंगी, जो 15 फरवरी 2026 तक लागू रहेगीं। अब दिल्ली सरकार के दफ्तर सुबह 10 बजे से शाम 6.30 बजे तक खुलेंगे। वहीं, एमसीडी दफ्तर सुबह



8.30 से शाम 5 बजे तक खुलेंगे।

अभी दोनों दफ्तरों का समय सिर्फ 30 मिनट के अंतर से चलता है। इसके कारण सुबह-शाम ट्रैफिक बढ़ जाता है और प्रदूषण में भी इजाफा होता है। नई टाइमिंग से पीक ऑवर ट्रैफिक कम करने की कोशिश की गई है।

इधर, पहाड़ों पर बर्फबारी से मैदानी राज्यों में ठंड ने दस्तक दे दी है। राजस्थान के 3 शहरों में गुरुवार को न्यूनतम तापमान 10 डिग्री से नीचे पहुंच गया। फतेहपुर में तापमान सबसे कम 7.5 डिग्री दर्ज हुआ। नागौर में 9.4 और बीकानेर के पास लूणकरणसर में 8.9 डिग्री तापमान दर्ज हुआ।

### दिल्ली के रोहिणी में आग लगी, कई झुग्गियां जलकर राख

**नई दिल्ली।** दिल्ली के रोहिणी इलाके में रिठाला मेट्रो स्टेशन के पास शुक्रवार रात झुग्गियों में भीषण आग लग गई। दमकल विभाग को रात करीब 10: 56 बजे सूचना मिली, जिसके बाद 15 फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर भेजी गईं। आग इतनी तेजी से फैली कि कई झुग्गियां जलकर राख हो गईं। पुलिस सूत्रों के अनुसार झुग्गियों में रखे गैस सिलेंडर ब्लास्ट होने से आग और बढ़ गई। लोगों में अफरा-तफरी मच गई और कई परिवारों ने अपने घर खाली कर दिए। पुलिस ने इलाके को घेरकर सुरक्षित कराया।

## दिल्ली एयरपोर्ट का एयर ट्रैफिक सिस्टम 12 घंटे बाद दुरुस्त



- 800 फ्लाइट्स लेट, 20 रद्द : दिनभर लोग परेशान होते रहे, 50 मिनट देरी से प्लेन उड़े

**नई दिल्ली।** दिल्ली एयरपोर्ट पर एयर ट्रैफिक कंट्रोल के ऑटोमेटिक मैसेज स्विच सिस्टम में शुक्रवार को तकनीकी खराबी आने से फ्लाइटस ऑपरेशन 12 घंटे से ज्यादा प्रभावित रहा।

800 से ज्यादा डोमेस्टिक और इंटरनेशनल फ्लाइट्स देरी से उड़ीं और 20 को रद्द करना पड़ा। सिस्टम में खराबी सुबह 9 बजे आई थी। रात करीब साढ़े 9 बजे ठीक हुई।

एयरपोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने बताया कि एएमएसएस सिस्टम एक्टिव है और ठीक से काम कर रहा है।

दिनभर लोग एयरपोर्ट पर परेशान होते रहे। बोर्डिंग गेट के पास लंबी कतारें लगी हुई थीं। उड़ानों पर नजर रखने वाली वेबसाइट फ्लाइटरडार24 के अनुसार, सभी फ्लाइट में एवरेज 50 मिनट की देरी हुई।

दिल्ली एयरपोर्ट पर फ्लाइट लेट होने का असर मुंबई, भोपाल, चंड़ीगढ़, अमृतसर समेत देशभर के कई एयरपोर्ट्स पर भी दिखा। दिल्ली से वहां आने-जाने वाली फ्लाइट भी लेट हुईं।

इंडिगो, एअर इंडिया, एअर इंडिया एक्सप्रेस, स्पाइसजेट और अकासा एयरलाइंस दिनभर उड़ानों के अपडेट्स की जानकारी दे रहे।

### फ्लाइट ट्रैकिंग पोर्टल पर दिल्ली के आसमान की तस्वीर

उड़ानों के रूट को ट्रैक करने वाले पोर्टल फ्लाइट अवेयर ने दिल्ली के आसमान में मंडरा रहे प्लेन्स की लोकेशन को ग्राफिक के जरिए दिखाया है। इसमें कई फ्लाइट्स को एक ही जगह चक्कर लगाते देखा जा सकता है।

न्यूज एजेंसी के मुताबिक गुरुवार शाम से ही एयरपोर्ट पर तकनीकी खराबी थी।

फ्लाइट ट्रैकिंग वेबसाइट Flightradarwy.com के मुताबिक गुरुवार को 513 फ्लाइट्स देरी से रवाना हो सकी थीं।

## कर्नाटक में किसानों की पुलिस से झड़प, पथराव हुआ

### गन्ना की कीमतें बढ़ाने की मांग, 8 दिन से आंदोलन जारी; सीएम सिद्धारमैया का पीएम को लेटर

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के बेलगावी में हट्टारागी टोल प्लाजा पर शुक्रवार शाम गन्ना किसानों और पुलिस के बीच झड़प हुई।

इस दौरान पत्थरबाजी में कई वाहनों को नुकसान पहुंचा। कुछ पुलिसकर्मी भी घायल हुए। कई बसों, ट्रक और दूसरे वाहनों की विंडशील्ड और खिड़कियों पर लगे कांच टूटे।

बेलगावी एसपी डॉ. भीमाशंकर एस. गुलेड़ ने कहा- किसान संगठन नेशनल हाईवे पर आ गए थे। पुलिस ने उन्हें हाईवे खाली करने के कहा। जब वे नहीं हटे तो उन्हें हटाया गया। इस दौरान कुछ लोगों ने पथराव किया। हमने किसान नेताओं को विश्वास में लिया और उनसे बात स्थिति संभाली।

#### केंद्र सरकार मदद नहीं कर रही : सिद्धारमैया



कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने पीएम मोदी को लेटर लिखकर इस मामले में तत्काल बैठक की मांग की है। उन्होंने शुक्रवार को आरोप लगाया कि केंद्र सरकार गन्ना किसानों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य नहीं बढ़ा रही है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने 2019 से एमएसपी में बढ़ोतरी नहीं की है। इसने एथेनॉल की दर में भी वृद्धि नहीं की है। उन्होंने कहा कि मैं पहले भी केंद्र सरकार को लेटर लिखा चुका हूं, लेकिन केंद्र से सपोर्ट नहीं मिल रहा है।

एसपी ने कहा कि कुछ वाहनों को नुकसान पहुंचा है। 6 पुलिस कर्मियों को चोटें आई हैं। उपद्रवियों की पहचान की जा रही है। उनके खिलाफ कार्रवाई होगी। किसी भी निर्दोष व्यक्ति को गिरफ्तार नहीं किया जाएगा।

दरअसल, बेगवाली समेत राज्य के बगलकोट, विजयपुरा, विजयनगर, बीदर, गड़ग, हुबली-धारवाड़ और हावड़ी जिलों में किसान गन्ना बीते 8 दिन से आंदोलन पर हैं। वे चीनी मिलों से 3500 प्रति टन कीमत की मांग कर रहे हैं। जबकि चीनी मिलें 3200 प्रति टन देने को तैयार हैं।

## टीएमसी सांसद के बंद पड़े अकाउंट से 56 लाख उड़ाए

**कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस के सांसद कल्याण बनर्जी के एक डॉर्मेंट अकाउंट (कई दिनों से निष्क्रिय या बंद खाता) से करीब 56 लाख रुपए निकाल लिए गए। इस मामले में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के अधिकारियों ने खुद कोलकाता पुलिस की साइबर क्राइम सेल में शिकायत दर्ज कराई है।



पुलिस ने बताया कि जालसाज ने बनर्जी के अकाउंट की केवाईसी डिटेल को अपडेट करने के लिए सांसद का फेक पैन और आधार कार्ड का इस्तेमाल किया। इसके बाद स्कैमर ने 28 अक्टूबर, 2025 को अकाउंट से लिंक रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर को भी बदल दिया। ऐसा करने पर उसे अकाउंट का पूरा एक्सेस मिल गया। एक बार क्रेडेंशियल्स बदल दिए जाने के बाद, धोखेबाज ने कथित तौर पर कई सारे अनऑथराइज्ड इंटरनेट बैंकिंग ट्रांजैक्शन किए और 56,39,767 रुपए की रकम निकाल ली।

## देशभर में एसआईआर लागू करने के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका

एजेंसी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने पूरे देश में मतदाता सूचियों में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआइआर) करने के चुनाव आयोग के निर्णय को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर 11 नवंबर को सुनवाई करने पर सहमति व्यक्त की है।

ध्यान रहे कि 11 नवंबर को ही बिहार विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण का मतदान भी होना है। यही पहला राज्य है जहां एसआइआर को लागू किया गया है।

जस्टिस सूर्यकांत और जायमाल्य बागची की पीठ ने शुक्रवार को कहा कि वह 11 नवंबर से इन याचिकाओं की सुनवाई शुरू करेगी।

इससे पहले, गैर सरकारी संगठन एसोसिएशन आफ डेमोक्रेटिक रिफार्म्स की ओर से अधिवक्ता प्रशांत भूषण ने कहा कि यह मुद्दा लोकतंत्र की जड़ों से संबंधित है।

### 11 नवंबर से कई महत्वपूर्ण मामलों की सुनवाई सूचीबद्ध

पीठ ने कहा कि हालांकि 11 नवंबर से कई महत्वपूर्ण मामलों की सुनवाई सूचीबद्ध है, वह अन्य मामलों की सुनवाई को समायोजित करने का प्रयास करेगी ताकि एसआइआर मामलों को उठाया जा सके।

भूषण ने कहा कि इस मामले की तात्कालिकता इसलिए है क्योंकि उत्तर प्रदेश समेत विभिन्न राज्यों में एसआइआर अभ्यास शुरू हो चुका है।

सीबीआई जांच

### केंद्र की मंजूरी, जांच एजेंसी ने एफआईआर दर्ज की, बेटे की मौत में पत्नी-बहू भी आरोपी

## पंजाब के पूर्व डीजीपी मुस्तफा के खिलाफ सीबीआई जांच होगी

**चंडीगढ़।** यूपी के रहने वाले पंजाब के पूर्व पुलिस महानिदेशक मोहम्मद मुस्तफा, मलेरकोटला से तीन बार की विधायक व पूर्व मंत्री रही उनकी पत्नी रजिया सुल्ताना, उनकी बेटी एवं पुत्रवधु के खिलाफ अब सीबीआई जांच करेगी। इनके खिलाफ सीबीआई ने हत्या एवं आपराधिक साजिश रचने की धारा के तहत एफआईआर दर्ज की है। इन चारों पर अकील अख्तर की हत्या का आरोप है।

बता दें कि अकील की 16 अक्टूबर की देर रात पंचकुला में मौत हो गई थी। परिवार ने बताया था कि दवाइयों की ओवरडोज की वजह से



अकील अख्तर
मृतक बेटा

रजिया सुल्ताना
मां, पूर्व मंत्री

मो.मुस्तफा
पिता, पूर्व डीजीपी

मौत हुई। सहारनपुर में अंतिम संस्कार किया गया था। अंतिम संस्कार के बाद एक वीडियो सामने आया था। यह वीडियो 27 अगस्त का बताया गया था।

वीडियो में अकील यह कहते दिखाई दिए कि परिवार के लोग उसे मारने के लिए साजिशें रच रहे हैं। पत्नी की शादी मेरे साथ नहीं, डैड के साथ हुई है। इसी को आधार बनाते हुए पूर्व डीजीपी के पड़ोसी शमशुद्दीन ने मनसा देवी थाने में मामले में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। अब तक पंचकूला पुलिस द्वारा गठित एसआईटी इस मामले की जांच कर रही थी।

एसआईटी इस मामले में अभी तक मृतक के दो मोबाइल फोन उसका लैपटॉप और उसकी डायरी रिकवर कर चुकी है। इन्हें जांच के लिए आगे भेजा गया है। वहीं अकील पटियाला में जिस नशा मुक्ति केंद्र में दो बार भर्ती रहा था, वहां जाकर भी एसआईटी पूछताछ कर चुकी है। इस मामले में मैनेजर को समन किया था। एसआईटी अभी तक क्राइम सीन की फोरेंसिक जांच भी करवा चुकी है।

### 1985 बैच के आईपीएस, कैप्टन अमरिंदर के करीबी रहे मुस्तफा मोहम्मद

मुस्तफा 1985 बैच के आईपीएस रहे। पंजाब में कांग्रेस सरकार के वक्त मुख्यमंत्री रहे कैप्टन अमरिंदर सिंह के करीबियों में मुस्तफा की गिनती होती थी। हालांकि, जब कैप्टन ने मुस्तफा को पंजाब पुलिस का डीजीपी नहीं बनाया तो उनके रिश्ते बिगड़ गए। कैप्टन ने जब दिनकर गुप्ता को डीजीपी बना दिया तो सिनियरिटी का हवाला देकर मुस्तफा सुप्रीम कोर्ट तक गए। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने इसे खारिज कर दिया।

# संपादकीय

## चोर की दाढ़ी में तिनका — और लोकतंत्र की गर्दन पर फंदा



जितेन्द्र चौधरी, प्रधान संपादक, विशाल इंडिया हिंदी दैनिक

### जब लोकतंत्र का चौथा खंभा डगमगाया

भारत का लोकतंत्र चार स्तंभों पर टिका है — न्यायपालिका, विधायिका, कार्यपालिका और चुनाव। पर आज चौथा स्तंभ ही सवालों के घेरे में है। विपक्ष के नेता राहुल गांधी का बयान देश की राजनीति में तूफ़ान लाने वाला था —

**'वोट चोर, गद्दी छोड़!'**

हरियाणा, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, कर्नाटक और अब बिहार — लगभग हर राज्य से वोट चोरी के आरोप उठे हैं। राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर सीधा आरोप लगाया — 'मोदी चुनाव चोरी करके प्रधानमंत्री बने हैं।' पर प्रधानमंत्री मौन हैं। न कोई स्पष्टीकरण, न कोई जांच की घोषणा — बस सन्नाटा। क्या यह वही कहावत नहीं साबित कर रही — 'चोर की दाढ़ी में तिनका'? जब सत्ता ही चुनाव की रेफरी बन जाए, तो खिलाड़ी कौन और जनता किसकी?

### आरोपों की बाढ़ — और सबूतों का तूफ़ान

2024 लोकसभा चुनावों के बाद शुरू हुआ यह विवाद अब कई राज्यों में फैल चुका है।

**कांग्रेस के मुताबिक —**

- हरियाणा में 2 करोड़ मतदाताओं में से 25 लाख फर्जी वोट डाले गए।
- महाराष्ट्र के पालघर में एक ही महिला के नाम पर छह एंट्री मिलीं।
- वाराणसी, प्रधानमंत्री का संसदीय क्षेत्र, वहाँ तक में डुप्लिकेट वोट मिले।
- कर्नाटक के महादेवपुरा क्षेत्र में 1 लाख से ज़्यादा फर्जी नाम पाए गए।
- बिहार में एसआईआर (स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन) के नाम पर 69 लाख मतदाताओं के नाम काटे गए — और वो भी ज़्यादातर दलित, पिछड़े और अल्पसंख्यक समुदायों के।

### कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा —

'2019 में हमारी हार भी वोट चोरी से हुई। मोदी सरकार चोरी की सरकार है।'
यह सिर्फ़ आरोप नहीं, लोकतंत्र की आत्मा पर सवाल है।
क्योंकि चुनाव सिर्फ़ वोट की गिनती नहीं — भरोसे की परीक्षा है।

### राहुल गांधी का हमला — और सोशल मीडिया की गूंज

राहुल गांधी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में डेटा, फोटो और दस्तावेज़ पेश करते हुए कहा — 'संविधान कहता है 'एक व्यक्ति, एक वोट'।
पर मोदी–शाह–चुनाव आयोग मिलकर इस सिद्धांत को तोड़ रहे हैं।'
बिहार यात्रा के दौरान गूंज उठा नारा — 'वोट चोर, गद्दी छोड़!' सोशल मीडिया पर #VoteChori ट्रेंड करने लगा।
एक यूज़र ने लिखा — 'मोदी की चुप्पी ही अपराध है।'
दूसरे ने कहा — 'EC अब BJP का आईटी सेल बन चुका है।'

### चुनाव आयोग का बचाव — और जनता का अविश्वास

चुनाव आयोग (ECI) ने इन आरोपों को 'निराधार' बताया और कहा — कांग्रेस ने समय पर शिकायत क्यों नहीं की? सबूत दो या माफ़ी मांगो।
पर सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी ने पूरे माहौल को बदल दिया — 'जनता का भरोसा टूटा है, ट्रस्ट डेफिसिट बढ़ा है — अगर सबूत हैं, तो जांच ज़रूरी है।'

### भाजपा ने पलटवार किया —

'राहुल गांधी हार नहीं पचा पा रहे, अफवाह फैला रहे हैं।' पर जनता का सवाल अब भी वही है — 'अगर आरोप झूठे हैं, तो मोदी चुप क्यों हैं?' अगर आयोग सचमुच स्वतंत्र है, तो उसे सरकार से नहीं — जनता से जवाब देना चाहिए।

### ईवीएम से वोटर लिस्ट तक — भरोसे की बर्बादी

ईवीएम विवाद के बाद अब वोटर लिस्ट पर भी संदेह की परतें हैं
एडीआर रिपोर्ट बताती है —
- केरल के त्रिशूर में 40–50 हजार फर्जी वोट मिले।
- महाराष्ट्र में एक ही घर में 500 मतदाताओं के नाम दर्ज।

### अंतरराष्ट्रीय मीडिया भी सवाल उठा रहा है —

- The Guardian ने लिखा — 'भारत का लोकतंत्र अब बैलेट नहीं, एल्गोरिथ्म से चल रहा है।'
- New York Times ने कहा — "Modi" s win is a stolen victory."
- Deutsche Welle (DW) ने रिपोर्ट दी — 'ECI ने भाजपा को अनुचित लाभ दिया।'

### और केंद्र सरकार?

उसने RTI के तहत चुनाव से जुड़े दस्तावेज़ सार्वजनिक करने पर रोक लगा दी। क्या छिपाना चाहती है सरकार?

### अर्थव्यवस्था और नैतिकता दोनों पर चोट

जब लोकतंत्र पर भरोसा टूटता है, तो सिर्फ़ राजनीति नहीं, अर्थव्यवस्था भी गिरती है। युवा बेरोजगार हैं, महंगाई चरम पर है, और निवेशक अस्थिरता से डर रहे हैं।
**खड़गे ने कहा :** 'मोदी देश को फर्जी वोटों से चला रहे हैं।'

### राहुल गांधी ने तंज कसा —

'वोट चोरी के बाद अब ज़मीन चोरी — यही है 'नया भारत'।'
जब नैतिकता मरती है, तो अर्थव्यवस्था भी दम तोड़ती है।

### लोकतंत्र में फिर से ऑक्सीजन भरो

1. स्वतंत्र जांच आयोग बने — जो वोटर लिस्ट और EVM दोनों की निष्पक्ष जांच करे।
2. 100 प्रतिशत VVPAT मिलान हर चुनाव में अनिवार्य किया जाए।
3. चुनाव आयोग की नियुक्ति प्रक्रिया सरकार से अलग की जाए, ताकि उसकी स्वायत्तता बनी रहे।
4. पारदर्शिता कानून फिर से लागू हों — ताकि जनता को पता चले, उसका वोट कहाँ गया।
5. RTI और मीडिया की आज़ादी सुनिश्चित की जाए — क्योंकि लोकतंत्र बिना सवालों के जिंदा नहीं रह सकता।

### जब मौन अपराध बन जाए


मोदी जी, अब यह समय चुप रहने का नहीं, जवाब देने का है।
क्योंकि इतिहास गवाह है — जब भी सत्ता ने सवालों से मुँह मोड़ा, वह खुद सवाल बन गई। लोकतंत्र की आत्मा मतपेटी में बंद नहीं की जा सकती। अगर 'वोट चोरी' का आरोप झूठ है, तो उसे झूठ साबित कीजिए। क्योंकि मौन सत्ता का आभूषण नहीं, अपराध का सबूत होता है। सत्ता जनता की होती है — चोरों की नहीं। और जनता सब देख रही है।

### आने वाला इतिहास यही पूछेगा —

'जब लोकतंत्र लहूलुहान था, तब प्रधानमंत्री मौन क्यों थे?+
यह मौन तिनका नहीं — आग है,
जो एक दिन पूरे ताजमहल को जला सकती है —
अगर लोकतंत्र को समय रहते ऑक्सीजन न मिली।

# आत्मघाती होती शिक्षा प्रणाली : मौतों का भयावह यथार्थ

-ललित गर्ग-



भारत की शिक्षा प्रणाली को लेकर समय-समय पर प्रश्न खड़े होते रहे हैं। शिक्षा की विसंगतियों एवं दबावों के चलते भी अनेक सवाल खड़े हैं। इन्हीं से जुड़ा यह एक बेहद हृदय विदारक और चिंताजनक तथ्य है कि एक वर्ष देश में लगभग 14,000 स्कूली बच्चों ने आत्महत्या कर ली। इस तथ्य की पुष्टि राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) भी कर रही है। अधिक घातक तथ्य यह है कि बीते एक दशक में छात्रों की आत्महत्या के मामलों में लगभग 65 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। वर्ष 2019 की तुलना में यह संख्या 34 प्रतिशत अधिक है। यह केवल आंकड़े नहीं हैं, बल्कि उन मासूम सपनों की समाधियाँ हैं जिन्हें हमारी शिक्षा प्रणाली ने दम तोड़ने पर विवश कर दिया। यह स्थिति किसी एक स्कूल, राज्य या परिस्थिति की नहीं, बल्कि सम्पूर्ण भारतीय शिक्षा तंत्र की विफलता का दर्पण है। पहली नजर में इतनी बड़ी संख्या में आत्मघात के मूल में पढ़ाई का दबाव, अभिभावकों की अतिश्योक्तिपूर्ण महत्वाकांक्षाएं, छात्रों की संवेदनशीलता और तंत्र की नाकामी बताई जा सकती है। लेकिन सवाल है कि हमारा तंत्र क्यों संवेदनहीन बना हुआ है? यही वजह है कि सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकारों को तलब करके इस बाबत विस्तृत विवरण मांगा है। साथ ही सवाल पूछा है कि क्या देश के सभी शिक्षण संस्थान छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जिम्मेदारी निभा रहे हैं? शिक्षा को प्रतिस्पर्धा का रणक्षेत्र कब तक बनने दिया जाता रहेगा?

आज का विद्यार्थी बचपन से ही एक ऐसी अंधी एवं प्रतिस्पर्धी दौड़ में धकेल दिया जाता है, जिसमें लक्ष्य अंक, ग्रेड, और रैंक बन गए हैं-ज्ञान, संवेदना और चरित्र नहीं। स्कूल अब शिक्षालय नहीं, बल्कि परीक्षा-केंद्र यानी गलाकाट प्रतियोगिता के केन्द्र बन चुके हैं। माता-पिता, शिक्षक और समाज-सभी ने मिलकर एक ऐसा माहौल बना दिया है, जहाँ सफलता का अर्थ केवल डॉक्टर, इंजीनियर, आईएएस या उच्च वेतन वाली नौकरी तक सीमित हो गया है। शिक्षा अब व्यक्ति के भीतर के मनुष्यत्व, रचनात्मकता और संवेदना को विकसित करने का माध्यम नहीं रही, बल्कि उसने जीवन को प्रदर्शन की प्रतियोगिता बना दिया है। छोटे बच्चों पर कोचिंग का बोझ, अभिभावकों की अपेक्षाएँ, और असफलता का भय?- ये तीन त्रिकोणीय दबाव उन्हें धीरे-धीरे मानसिक रूप से तोड़ देते हैं। शिक्षा अब एक बोझ और मानसिक तनाव का कारण बन गयी है।

एनसीआरबी के आँकड़े बताते हैं कि छात्रों में आत्महत्या के प्रमुख कारण हैं-परीक्षा में असफलता, अभिभावकीय दबाव, भविष्य की चिंता और मानसिक अवसाद। भारत दुनिया के उन शीर्ष देशों में शामिल है जहाँ किशोरों में डिप्रेशन और आत्महत्या की प्रवृत्ति सबसे अधिक है। कबीर ने कहा था-पढ़ि-पढ़ि पंडित भया, पर भीतर का मन ना गया। आज की शिक्षा बच्चों को केवल जानकार बना रही है, ज्ञानी नहीं। विद्यालयों में रट्टामार संस्कृति, अंक-केंद्रित मूल्यांकन और शिक्षकों की संवेदनहीनता बच्चों के भीतर आत्मविश्वास के बजाय भय भर रही है। कई प्रतिष्ठित कोचिंग सेंटर्स में तो यह प्रवृत्ति और विकराल हो जाती है। कोटा, पटना, हैदराबाद, चेन्नई जैसे शहरों में हर वर्ष दर्जनों विद्यार्थी आत्महत्या करते हैं। विडंबना यह है कि वहाँ शिक्षा से ज्यादा प्रतियोगिता का उद्योग पनप गया है। बच्चे अपने परिवारों से दूर, दबाव और भय में जीते हैं, और अंततः जीवन से हार जाते हैं।

साल 2020 में आई नई शिक्षा नीति (एनइपी) को लेकर बहुत उम्मीदें थीं कि शायद यह शिक्षा को बच्चों के बोझ से मुक्ति देगी, उसे रचनात्मकता और नैतिकता से जोड़ेगी।

नीति में होलिस्टिक लर्निंग, जॉयफुल एजुकेशन, रिड्यूस्ड बोर्ड प्रेशर जैसे शब्द तो हैं, पर व्यवहारिक स्तर पर हालात में कोई ठोस परिवर्तन नहीं आया।

स्कूलों में परीक्षा का दबाव जस का तस है, कॉलेजों में बेरोजगारी का डर और कोचिंग की होड़ बढ़ी है। शिक्षा नीति के भीतर आत्महत्या जैसे मानसिक स्वास्थ्य संकट पर कोई गंभीर विमर्श नहीं हुआ। जब तक शिक्षा नीति का केंद्र मानव-निर्माण नहीं होगा, तब तक यह प्रणाली केवल आंकड़े बढ़ाएगी-आत्महत्याओं के भी और बेरोजगारों के भी। सवाल यह भी है कि शैक्षणिक परिसरों में आत्महत्या रोकने के लिये जो कदम केंद्र व राज्य सरकारों को उठाने चाहिए थे, उसके बाबत देश की शीर्ष अदालत को क्यों पहल करनी चाहिए? इस मामले में सख्त रवैया अपनाते हुए सर्वोच्च न्यायालय को कहना पड़ा कि केंद्र व राज्य सरकारें आठ सप्ताह के भीतर वह विस्तृत ब्योरा प्रस्तुत करें, जो आत्महत्या रोकने के दिशा-निर्देशों का क्रियान्वयन सुनिश्चित करे।

शिक्षा का मूल उद्देश्य क्या है? महात्मा गांधी ने कहा था-शिक्षा का अर्थ है शरीर, मन और आत्मा का सम्यक विकास। स्वामी विवेकानंद ने भी कहा शिक्षा वह है जो व्यक्ति में आत्मविश्वास, आत्मसंयम और आत्मबल भर दे। परंतु आज की शिक्षा न शरीर को स्वस्थ रख पा रही है, न मन को शांत, न आत्मा को ऊँचा। बच्चों को किताबों के बोझ तले दबा दिया गया है, पर जीवन की समझ नहीं दी गई।

उन्हें बताया गया कि असफलता अपराध है, जबकि जीवन का सबसे बड़ा शिक्षक तो असफलता ही होती है। माता-पिता और शिक्षक दोनों को यह समझना होगा कि बच्चा कोई प्रोजेक्ट नहीं, एक जीवित आत्मा है। उसे सफलता के साँचे में ढालने से पहले उसे अपने ढंग से खिलने का अवसर देना जरूरी है। शिक्षक यदि केवल अंक देने वाले बन जाएँ और अभिभावक केवल रिपोर्ट कार्ड से बच्चे की योग्यता मापें, तो बच्चे का आत्मसम्मान कुचलना निश्चित है। जरूरी है कि घर और स्कूल दोनों जगह एक भावनात्मक संवाद स्थापित हो- जहाँ बच्चा अपनी असफलता, डर और उलझन को बिना भय के साझा कर सके।

भारत में मानसिक स्वास्थ्य को अब भी गंभीरता से नहीं लिया जाता। अधिकांश स्कूलों में काउंसलिंग सिस्टम या तो है ही नहीं या नाममात्र का है।


बच्चों को यह सिखाया ही नहीं जाता कि तनाव से कैसे निपटें, असफलता को कैसे स्वीकारें या भावनाओं को कैसे व्यक्त करें। जिन्हें हम टॉपर कहते हैं, वे अक्सर भीतर से टूटे हुए होते हैं।

आत्महत्या करने वाले बच्चों के पीछे अक्सर यह मनोवैज्ञानिक सत्य होता है कि उन्होंने कभी किसी से अपनी व्यथा कही ही नहीं। शिक्षा को केवल सूचना-प्राप्ति का माध्यम नहीं, जीवन-समझ का साधन बनाना होगा। जब तक बच्चों को यह नहीं सिखाया जाएगा कि जीवन अंक-पत्र से बड़ा है, तब तक यह संकट बना रहेगा। विद्यालयों में ध्यान, योग, संवाद, कला, संगीत और नैतिक शिक्षा को अनिवार्य बनाना चाहिए। सिर्फ पाठ्यक्रम नहीं, संवेदना-केंद्रित संस्कृति गढ़नी होगी।

देश में मोटी पगार वाली नौकरियों की गलाकाट स्पर्धा में शिक्षण संस्थाएं व शिक्षक उस दायित्व को भूल गए हैं, जो छात्रों को विषयगत शिक्षा के साथ विषम परिस्थितियों के बीच जीवन जीने की कला सिखा सके। उन्हें व्यावहारिक जीवन का कौशल सिखाने के साथ ही चुनौतियों से जूझने की मानसिक शक्ति विकसित करने के लिए तैयार कर सकें। आखिर किसी परिवार की उम्मीद को किस स्थिति में यह सोचना पड़ता है कि मौत को गले लगाना अंतिम विकल्प है? शिक्षा परिसरों में ऐसी स्थितियां क्यों विकसित हो रही हैं कि विद्यार्थी जीवन से हार मानने लगे हैं? निस्संदेह, शिक्षण संस्थानों का एक मात्र लक्ष्य किताबी ज्ञान देकर डिग्री बांटने तक ही नहीं हो सकता।यह प्रश्न अब टालने योग्य नहीं रहा कि क्या हम बच्चों को पढ़ा रहे हैं या उन्हें धीरे-धीरे तोड़ रहे हैं? शिक्षा यदि आत्महत्या का कारण बन जाए, तो उससे बड़ा विडंबनापूर्ण पराजय कोई नहीं। जरूरत है ऐसी शिक्षा की जो बच्चों को जीवन से प्रेम करना सिखाए, न कि जीवन से भागना। महर्षि अरविंद ने कहा था-सच्ची शिक्षा वह है जो भीतर की दिव्यता को प्रकट करे। समय आ गया है कि हम शिक्षा की दिशा को पुनर्परिभाषित करें, जहाँ परीक्षा नहीं, व्यक्तित्व महत्वपूर्ण हो; रैंक नहीं, रचनात्मकता का मूल्य हो; और सफलता नहीं, संतुलन एवं सुख शिक्षा का लक्ष्य बने। यदि हम यह नहीं कर पाए, तो आने वाले वर्षों में यह आंकड़ा-14,000 से बढ़कर, हमारी सामूहिक संवेदनहीनता की जीवित कब्र बन जाएगा। निस्संदेह, देश के स्कूली छात्रों में आत्मघात की प्रवृत्ति राष्ट्र की गंभीर क्षति है, जिसे संवेदनशील ढंग से दूर करने की तत्काल जरूरत है।

# टाईम पास

## काकुरो पहेली - 3703




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणतः:

1+2+3+4+5+6=21
1+2+3+4+5+7=22
3+5+6+7+8+9=38
4+5+6+7+8+9=39

### काकुरो - 3702 का हल



## हंसी के फूव्वारें

'यार, एक बात समझ में नहीं आई, तुमने अपनी फर्म के लिए विकलाँग खजांची का चुनाव क्यों किया?' पहले मित्र ने जानना चाहा.

'ताकि फरार होने पर वह जल्द से जल्द पकड़ा जा सके.' दूसरे मित्र ने कारण बताया.

□ □ □

द्वार पर बहुत देर तक दस्तक पड़ने के कारण पति महोदय की नींद खुली, तो पत्नी को जगाते हुए बोली, 'सुनती हो, बहुत देर से कोई हमारे द्वार पर दस्तक दे रहा है.'

'ओह! तो तुम घर पर ही हो.' पत्नी उनींदे स्वर में बोली, 'मैं तो यह सोचकर निश्चित थी कि द्वार पर तुम खड़े चिल्ला रहे हो.'


□ □ □

'मेरी घरवाली मेरे सिवा किसी और मर्द की ओर देखना तक पसंद नहीं करती.' पहले दोस्त ने बताया.

'पर यह बात आपको कैसे मालूम हुई?' दूसरे दोस्त ने जानना चाहा.

'ऐसे कि कल जब मेरी घरवाली का एक परिचित घर आया, तो वह उसे देखती ही बोली, दफा हो जाओ मेरी नजरों से हमेशा के लिए. अब मैं तुम्हारा चेहरा तक देखना पसंद नहीं करती.' पहला मित्र बोला.

## फिल्म वर्ग पहेली - 3703



**बायें से दायें:-**

१. अशोककुमार, नूतन, धर्मेन्द्र की 'ओ जाने वाले' गीत वाली फिल्म-३
४. गोविंदा, शिल्पा शेट्टी की 'स्पॉप दैट मेरी मर्जी' गीत वाली फिल्म-४
७. 'आज गालो मुस्कुरालो' गीत वाली राजेंद्र, धर्मेन्द्र, माला की फिल्म-३
८. फिल्म 'कभी कभीण' में ऋषिकपूर के साथ किस की जोड़ी थी-३
१०. १९७१ में आई अमिताभ, योगिता बाली का एक फिल्म-४
१३. 'कभी शाम ढले' गीतवाली फिल्म-२
१५. 'गोरी तेरा नखरा' गीत वाली बॉबी देओल, करिश्मा की फिल्म-३
१७. 'शादी के लिये रजामंद' गीत वाली फिल्म-२
१९. सैफ अली, काजोल की फिल्म-३
२१. अनिलधवन, नीतू सिंह की 'तेरी गलियों में ना' गीतवाली फिल्म-३
२३. 'तु मेरे पास भी है' गीत वाली फिल्म-२
२४. राजेंद्रकुमार, साधना की फिल्म-३
२५. अनिलकपूर, माधुरी की 'खत लिखना है' गीतवाली फिल्म-२
२७. राजीव, डिम्पल की फिल्म-२
२८. संजयदत्त, अभिषेक, जायेद, एशा, राइमा, शिल्पा की फिल्म-२
३०. 'तसवीर तेरी दिल में' गीत वाली देवआनंद, माला सिन्हा की फिल्म-२
३२. फिल्म 'हम तो मुहब्बत करेगा' में बॉबी देओल के किरदार का नाम-२
३४. 'देखें भी तो क्या' गीत वाली फिल्म-२
३५. 'चुराओ ना दिल' गीत वाली फिल्म-३
३६. दिलीपकुमार, वैजयंतीमाला की 'तेरे हुस्न की क्या' गीत वाली फिल्म-३
३७. फिल्म 'अलग-अलग' में राजेश खन्ना की नायिका कौन थी-२

**ऊपर से नीचे:-**

१. 'तेरे नैना मेरे नेनों की' गीत वाली फिल्म-३
२. फिल्म 'खुदगर्ज' में नायिका कौन थी-३
३. अनिलकपूर, माधुरी नम्रता की फिल्म-३
५. 'सैंया दिल में आना रे' गीतवाली फिल्म-३
६. फिल्म 'बारूद' में अक्षय की नायिका-३
९. बलराज साहनी, नूतन की फिल्म-२
१०. 'जरा तसवीर से तू' गीत वाली फिल्म-४
११. 'एक दूजे के लिए' में कमल हासन के किरदार का क्या नाम था-२
१२. फिल्म 'चोर मचाए शोर' में नायक-२
१४. राजकपूर, नर्गिस की 'ये शाम की तन्हाइयाँ' गीत वाली फिल्म-२
१५. 'शीशा हो या दिल हो' गीत वाली फिल्म-२
१६. सुनील शेट्टी, सोनाली की 'दिल जंगली कबूतर' गीत वाली फिल्म-३
१८. 'मैं प्यार का पुजारी' गीत वाली गोविंदा, नीलम की फिल्म-२
२०. 'कमरिया लचके रे' गीत वाली फिल्म-२
२२. 'और हम तुम' गीत वाली नाना पाटेकर, माधुरी दीक्षित की फिल्म-३
२३. फिल्म 'निकाह' की नायिका-३
२४. राज कपूर, नर्गिस की 'दम भर जो उधर' गीत वाली फिल्म-३
२६. 'जब ना माना दिल' गीत वाली कमल सदाना, काजोल की फिल्म-३
२९. राजेश खन्ना, शर्मिला की 'जीवन से भरी तेरी आँखें' गीत वाली फिल्म-३
३१. 'मेरा पिया' गीत वाली माधुरी की फिल्म-३
३३. विक्रम, लक्ष्मी की 'दिल क्या करे जब किसी को' गीत वाली फिल्म-२

### फिल्म वर्ग पहेली - 3702



## सूडोकु -3703


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | | | 3 | | | 8 | 7 |
| 8 | 7 | | 1 | | 5 | | | |
| | | 2 | | | 9 | | | 4 |
| | 6 | | | | 2 | | 3 | 5 |
| 3 | 8 | | 4 | 1 | 7 | | 2 | 9 |
| 2 | 4 | | 6 | | | | 1 | |
| 7 | | | 3 | | | 8 | | |
| | | | 5 | | 8 | | 7 | 3 |
| 9 | 3 | | | 2 | | | 6 | 1 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु -3702 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 4 | 8 | 3 | 9 | 2 | 1 | 5 | 6 |
| 2 | 6 | 9 | 5 | 7 | 1 | 8 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 5 | 4 | 8 | 6 | 7 | 2 | 9 |
| 5 | 7 | 4 | 8 | 6 | 9 | 3 | 1 | 2 |
| 8 | 9 | 1 | 2 | 3 | 4 | 6 | 7 | 5 |
| 6 | 3 | 2 | 1 | 5 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 4 | 8 | 7 | 6 | 2 | 5 | 9 | 3 | 1 |
| 9 | 2 | 6 | 7 | 1 | 3 | 5 | 8 | 4 |
| 1 | 5 | 3 | 9 | 4 | 8 | 2 | 6 | 7 |

## शब्द पहेली - 3703



**बाएँ से दाएँ**

1.पदमाकर,कमल सरोवर-5
4.इस्लामी धर्म ग्रंथ-3
6.देवस्थान,मंदिर-2
7.शिव आवास-3
8.उत्तम,सज्जन-2
10.पति,शोहर-3
11.दमकना-4
14.टीस,पीड़ा-3
16.झरने की आवाज-4
17.आशा,इच्छा-2
18.संध्या,शाम-2
19.निराकार,भगवान-4
21.बुझाना,शांति-3
22.अभिप्राय-4
24.आंचल-3
25.घोड़ागाड़ी-2
27.उष्ण-3
28.पिता के पिता-2
29.पंक्ति-3
30.तहजीबदार-5

**ऊपर से नीचे**

1.कथा कहने वाला-5
2.चित,जी-2
3.कार्यशाला,यंत्रालय-4
4.माहिर,दक्ष-3
5.आकाश,गगन-2
7.कारावास-2
9.योग्य-3
12.अनुमान,अंदाज-3
13.झगड़ा,कहासुनी-4
15.मुगल सम्राट जहांगीर का एक नाम-3
16.पक्षियों का शोर-4
17.राहत, विश्राम -3
18.मुसीबत, आफत -3
20.होशियार, चेतावनी-5
21.नगर-3
22. संजीव कुमार व लीना चंदावरकर अभिनीत फिल्म
23.मगरमच्छ-3
24.दर,मूल्य-2
26.भूमि,धरती-2
28.पिता के पिता-2

### शब्द पहेली -3702 का हल



# नोएडा का बनेगा अपना लॉजिस्टिक प्लान

## समिति करेगी एजेंसी का चयन, 10 हजार फैक्ट्री को फायदा, स्मूद और जाम फ्री यातायात

**नोएडा।** सड़कों की भीड़भाड़ से बचाकर कच्चा और तैयार मॉल कंपनियों और बाजार तक पहुंचाने के लिए प्राधिकरण सिटी लॉजिस्टिक्स प्लान (सीएलपी) तैयार कर रहा है। इस प्लान को चयनित होने वाली एजेंसी बनाएगी। कंपनी का चयन के लिए एक समिति बनाई जा रही है। इस समिति में एफसी, प्लानिंग, टेक्निकल और विधि विभाग के अधिकारी को शामिल किया जा रहा है। एजेंसी के दस्तावेज चेक करेंगे इसके बाद फाइनेंशियल बिड खोली जाएगी। एजेंसी छह महीने में प्लान तैयार करेगी और उसे शहर में लागू करवाया जाएगा।




यह पहल ऐसे समय में की गई है जब शहर में तेजी से निवेश बढ़ रहा है और भविष्य में इस प्लान की कारोबारियों की जरूरत होगी। ताकि लॉजिस्टिक परिवहन में किसी प्रकार की अड़चन नहीं आए। ये प्लान एक सलाहकार कंपनी तैयार करेगी। इससे करीब 10 हजार से ज्यादा फैक्ट्रियों को फायदा होगा। इसके अलावा नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट तक कार्गो सेवा में इसका फायदा होगा। एसीईओ सतीश पाल ने बताया कि इस प्लान के तहत उन सड़कों की पहचान की जाएगी, जिससे सबसे ज्यादा लॉजिस्टिक आता जाता है। वेयर हाउस, बाज़ार और इंडस्ट्री जोन का एक मैप तैयार किया जाएगा। लॉजिस्टिक लाने ले जाने के लिए ट्रक आवाजाही, बेहतर पार्किंग और लोडिंग-अनलोडिंग सुविधाओं जैसे उपाय सुझाए जाएंगे।

### अभी नहीं है कोई प्लान

वर्तमान में नोएडा में ट्रकों की आवाजाही के लिए कोई मैनेजमेंट प्लान नहीं है। जिससे अक्सर भारी वाहन आवासीय और वाणिज्यिक क्षेत्रों में घुस जाते हैं। इससे यातायात जाम और लोगों को खासी दिक्कत होती है। सीएलपी नॉन पीक आवर में भारी वाहनों की आवाजाही को निर्धारित करके, लॉजिस्टिक गतिविधियों के लिए क्षेत्रों को चिह्नित करेगा।

### एनएलपी को अपनाकर बनेगा प्लान

नोएडा नेशनल लॉजिस्टिक पॉलिसी (एनएलपी) को अपनाकर ही शहर का सिटी लॉजिस्टिक्स प्लान (सीएलपी) बनाएगी। इसके तहत माल ढुलाई भागीदारी समिति (एफपीसी) का गठन किया जाएगा। इन समितियों में सरकारी अधिकारी, उद्योग जगत, लॉजिस्टिक्स प्रदाता और शैक्षणिक विशेषज्ञ शामिल होंगे, जो सामूहिक रूप से अलग-अलग क्षेत्रों जैसे ई-कॉमर्स, इलेक्ट्रॉनिक्स और फार्मास्युटिकल्स के लिए विशेष कार्य योजनाएं बनाएंगे।

### नीयत यातायात से प्रदूषण होगा कम

नए प्लान के तहत शहर के प्रमुख रास्तों पर लॉजिस्टिक एक नीयत ढंग से चलेगा। जिससे सड़कों पर वायु प्रदूषण कम होगा और यातायात जाम भी नहीं होगा। प्लान तैयार करने के बाद प्राधिकरण इसे नोएडा में लागू करेगा।

# बंद घरों में चोरी करने वाले तीन गिरफ्तार

## फर्जी नंबर प्लेट लगाकर कार से करते थे रैकी, जूलरी, कैश, औजार बरामद

**नोएडा।** बंद घरों की रैकी करके चोरी करने वाले गैंग को थाना सेक्टर-24 पुलिस ने पकड़ा है। गैंग के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया गया। इनके पास से घर से चोरी किया गया गहने, घड़ियां, कैश और कार बरामद की गई। इनके नाम गोपाल, पप्पू और मुकेश है। तीनों दिल्ली के त्रिलोक पुरी के वाले है। इसमें गोपाल 39 साल, पप्पू 55 और मुकेश 46 साल का है। ये लोग काफी लंबे समय से चोरी की घटनाओं में लिप्त है। इनकी जानकारी अन्य राज्यों और जनपदों में भेजी जा रही है। पुलिस ने बताया कि इन तीनों को सेक्टर-11 पास से गिरफ्तार किया गया। इससे पहले पुलिस ने थाना सेक्टर-24 क्षेत्र में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले। तीन संदिग्ध लोगों की जानकारी मिली। इलेक्ट्रानिक सर्विलांस और मुखबीर से जानकारी मिली। इसके बाद घेराबंदी की गई।



इनके पास से भारी मात्रा में जूलरी और 11 हजार 400 रुपए कैश, दो फर्जी नंबर प्लेट और ताला काटने के औजार बरामद किए गए।

### कार से करते थे रैकी

ये लोग कार से बंद घरों की रैकी करते है। इसके बाद चोरी छिपे कटर से ताला तोड़कर सामान चोरी कर फरार हो जाते है। गिरफ्तार किए गए तीनों में एक सुनार है। इसका काम चोरी के गहने पिघलाकर उनकी सिल्ली बनाना है। जिससे अन्य गहने बनाकर या बेचकर पैसा कमाना था। फिलहाल पुलिस इनसे पूछताछ कर रही है। ये पता चल सके कि गिरोह में और कितने लोग शामिल है।

ये लोग फेस्टिव सीजन में एक्टिव होते है। दरअसल इन दिनों दिल्ली एनसीआर में रहने वाले लोग अपने घर जाते है। ऐसे में रैकी करके घरों में चोरी की घटना करते है।

# नोएडा में साहित्यकार दया प्रकाश सिन्हा का निधन

**नोएडा।** हिंदी साहित्य के वरिष्ठ नाटककार और पद्मश्री से सम्मानित दया प्रकाश सिन्हा का शुक्रवार को उनके नोएडा सेक्टर-26 स्थित निवास पर निधन हो गया।

91 साल के सिन्हा को उनके नाटक सम्राट अशोक के लिए साहित्य अकादमी पुरस्कार-2021 के लिए चुना गया था। उनके निधन की खबर से साहित्य और रंगमंच जगत में शोक की लहर दौड़ गई है। बताया गया कि दो महीने से उनकी तबीयत खराब थी। उनके परिवार में दो बेटियां हैं, जिनमें एक बेटी यूएस में रहती हैं। शनिवार को अंतिम संस्कार किया जाएगा।

वरिष्ठ लेखक दया प्रकाश हमेशा लिखते- पढ़ते रहते थे। वह पिछले दिनों में कवि रहीम दास के जीवन पर आधारित लेख लिख रहे थे। 1935 में उत्तर प्रदेश के कासगंज में जन्मे सिन्हा रिटायर्ड आईएएस अधिकारी थे, जिन्होंने हिंदी साहित्य, रंगमंच और नाट्य निर्देशन में अमूल्य योगदान दिया। वे उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी और ललित कला अकादमी के अध्यक्ष रहे, साथ ही फिजी में भारत के प्रथम सांस्कृतिक सचिव के रूप में सेवा दी।

# गौतम बुद्ध नगर के पूर्व बार अध्यक्ष राजकुमार नागर को बड़ी जिम्मेदारी : अनुशासन समिति में नामित

विशाल इंडिया ब्यूरो रिपोर्ट

**लखनऊ / नोएडा।** गौतम बुद्ध नगर बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष और वरिष्ठ अधिवक्ता राजकुमार नागर को अब उत्तर प्रदेश बार काउंसिल की अनुशासन समिति में सदस्य के रूप में नामित किया गया है।

यह सिफारिश बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के पूर्व अध्यक्ष एवं वरिष्ठ सदस्य हरीशंकर सिंह ने की है।

**हरीशंकर सिंह ने अपने पत्र में लिखा है कि :** राजकुमार नागर सदैव अधिवक्ताओं के सुख-दुख में शामिल



रहते हैं और अधिवक्ता हितों की सेवा ही उनका संकल्प है।

उन्होंने आगे कहा कि नागर को समिति में शामिल किए जाने से नोएडा, गौतम बुद्ध नगर, गाज़ियाबाद, हापुड़ और आसपास के जिलों के अधिवक्ताओं को सीधा लाभ मिलेगा। क्योंकि अब बार काउंसिल के कार्यों के लिए अधिवक्ताओं को प्रयागराज तक नहीं जाना पड़ेगा।

पत्र में हरीशंकर सिंह ने नागर की सक्रियता, कर्मठता और अधिवक्ता समाज के प्रति समर्पण की प्रशंसा करते हुए कहा, 'मैं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूँ।'

### क्यों है यह नियुक्ति अहम

राजकुमार नागर लंबे समय से अधिवक्ता एकता और न्यायिक सुधार के लिए आवाज उठाते रहे हैं। उनकी बार एसोसिएशन अध्यक्ष रहते हुए कई महत्वपूर्ण पहलें, जैसे— अधिवक्ता कल्याण कोष, विधिक सहायता केंद्र और डिजिटल रजिस्ट्री सुविधा—शुरू की गईं। उनकी अनुशासन समिति में नियुक्ति से न केवल गौतम बुद्ध नगर बार को प्रतिनिधित्व मिलेगा, बल्कि प्रदेशभर के अधिवक्ताओं में उत्साह की लहर है।

# किसानों को 64.7 प्रतिशत बढ़ा मुआवजा मिलेगा

## यमुना प्राधिकरण बोर्ड बैठक में हाइड्रोजन बसों को मंजूरी

**गौतम बुद्ध नगर।** यमुना प्राधिकरण की 87वीं बोर्ड बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। इसमें किसानों को भूमि अधिग्रहण के बदले 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त मुआवजा देने और यमुना सिटी में हाइड्रोजन बसें चलाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। प्राधिकरण ने इस वित्तीय वर्ष में 1564 करोड़ रुपए का शुद्ध मुनाफा भी दर्ज किया है।

यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण की यह बैठक शुक्रवार को आयोजित हुई। इसकी अध्यक्षता प्राधिकरण के चेयरमैन आलोक कुमार ने की, जिसमें मुख्य कार्यपालक अधिकारी राकेश कुमार सिंह और औद्योगिक विकास विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए प्राधिकरण की आय और व्यय का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया गया।




इस अवधि में कुल आय 2839.97 करोड़ रुपए और कुल व्यय 1250.41 करोड़ रुपए रहा। प्राधिकरण ने 1564.19 करोड़ रुपए का शुद्ध मुनाफा कमाया, जो पिछले वर्ष की तुलना में लगभग तीन गुना अधिक है।

प्राधिकरण की पूंजीगत प्राप्तियां 31 अक्टूबर 2024 तक 1554.78 करोड़ रुपए थी। अनुमान है कि वर्ष 2025-26 में यह बढ़कर 1746.38 करोड़ रुपए हो जाएंगी, जो लगभग 12 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाती है।

एक अहम फैसले के तहत, प्राधिकरण ने वर्ष 2007 से 2013 के बीच हुए भूमि अधिग्रहण मामलों में नो लिटिगेशन इंसेंटिव योजना के तहत प्रभावित किसानों को 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त मुआवजा देने को मंजूरी दी। इस निर्णय से लगभग 2925 करोड़ रुपए का भुगतान किया जाएगा।

इसके अतिरिक्त, वन टाइम सेटलमेंट पॉलिसी 2025/26 को भी लागू करने का निर्णय लिया गया। इसके तहत विभिन्न योजनाओं में लंबित बकाया राशि जमा करने की अंतिम तिथि 28 फरवरी 2026 निर्धारित की गई है। प्राधिकरण ने कुछ ग्रामों की आबादी विस्तार योजनाओं को भी स्वीकृति दी है, जिसमें रामपुर बांगड़ ग्राम का प्रस्ताव शामिल है।

पर्यावरण-अनुकूल परिवहन को बढ़ावा देने के लिए, यीडा ने क्षेत्र में हाइड्रोजन से चलने वाली बसें शुरू करने के NTPC के प्रस्ताव को हरी झंडी दे दी है। यह उत्तर प्रदेश में अपनी तरह की पहली पहल होगी।

शुरुआत में, पांच हाइड्रोजन बसें चलाई जाएंगी। ये बसें मुख्य रूप से दिल्ली-एनसीआर-आगरा मार्ग पर संचालित होंगी और प्रत्येक बस न्यूनतम 500 किलोमीटर की दैनिक यात्रा करेगी।

# नोएडा में निवेश के नाम पर ठगे 71 लाख रुपये

**नोएडा।** नोएडा सेक्टर-78 में रहने वाले एक 80 साल के बुजुर्ग को शेयर बाजार में मुनाफा कमाने का लालच देकर साइबर अपराधियों ने 71 लाख रुपए ठग लिए। उन्हें वॉट्सऐप ग्रुप पर जोड़कर ट्रेडिंग करने के टिप्स और ट्रेनिंग दी गई। साथ ही एक ऐप डाउनलोड करवाया गया।

पीड़ित को ऐप पर ही रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया पूरी कराने के बाद शेयर मार्केट में निवेश शुरू करवाई गई। ठगों ने पहली बार में मुनाफे की रकम रिटर्न किया, जिससे उनका भरोसा बढ़ गया।

### 10 बार में ट्रांसफर किए 71 लाख

इसके बाद पीड़ित छोटे और बड़े अमाउंट में कुल दस बार में 71 लाख रुपए ठगों को ट्रांसफर कर दिए। उन्होंने 40 लाख रुपए का लोन भी लिया है। पीड़ित जब मुनाफे की रकम निकालने की कोशिश करने लगे तो उनसे टैक्स के रूप में रुपए मांगे गए और नहीं देने पर ग्रुप से निकाल दिया गया। मामले में साइबर थाने की पुलिस केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### 1 अक्टूबर का ग्रुप से जोड़ा

पुलिस को राकेश जैन ने बताया कि वह सेक्टर 78 एक सोसाइटी में परिवार संग रहते हैं। 1 अक्टूबर को उन्हें एक महिला ने वॉट्सऐप पर बातचीत शुरू की।

महिला ने पीड़ित के बारे में जानकारी जुटाने के बाद उन्हें शेयर मार्केट में निवेश कर मुनाफा कमाने की सलाह दी। साथ ही इसमें मदद करने की भरोसा दिलाया। महिला ने कई दिन बातचीत करने के बाद उन्हें एक वॉट्सऐप ग्रुप पर जोड़ लिया।

# नोएडा के यूट्यूबर अनुनय सूद की अमेरिका में मौत

**फोर्ब्स इंडिया की लिस्ट में शामिल रहे, 14 लाख फॉलोवर्स, नौकरी छोड़ बने ब्लॉगर**

**नोएडा।** नोएडा के रहने वाले यूट्यूबर अनुनय सूद की अमेरिका के लास वेगास में मौत हो गई। वह 32 साल के थे। फोर्ब्स इंडिया की सूची में शामिल रहे अनुनय की मौत का कारण कार्डियक अरेस्ट बताया जा रहा है।

सूत्रों के मुताबिक, अनुनय सूद वीडियो शूट करने के बाद लास वेगास के एक होटल में ठहरे हुए थे। 4 नवंबर को वे अपने कमरे में अचेत अवस्था में मिले। पुलिस ने उन्हें अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। अनुनय की मौत की जानकारी उनके परिवार ने 5 नवंबर (बुधवार) को इंस्टाग्राम पर दी। अनुनय मूलरूप से उत्तराखंड के रहने वाले थे।अभी वे नोएडा के सेक्टर-12 में रहते थे। उनकी मां अपनी छोटी बेटी के साथ दुबई में थीं। बेटे की मौत की खबर मिलते ही मां नोएडा पहुंचीं। पिता राहुल सूद गहरे सदमे में हैं। वे भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (भेल) से रिटायर्ड इंजीनियर हैं।

अनुनय के शव को अमेरिका से लाने के लिए उनकी टीम ने प्रयास शुरू कर दिए हैं। उम्मीद है कि हफ्तेभर में अनुनय का पार्थिव शरीर नोएडा पहुंचेगा।

अनुनय सूद के परिवार ने इंस्टाग्राम पर लिखा, हमें बहुत दुख के साथ अपने प्यारे अनुनय सूद के गुजर जाने की खबर बतानी पड़ रही है। इस कठिन समय में आप सभी से समझ और प्राइवेसी की अपील करते हैं। कृपया पर्सनल प्रॉपर्टी के पास इकट्ठा न हों। अनुनय के लिए प्रार्थना करें, ताकि उनकी आत्मा को शांति मिले।

### इंस्टाग्राम पर 14 लाख से अधिक फॉलोअर्स

अनुनय एक प्रोफेशनल फोटोग्राफर और ट्रैवल कंटेंट क्रिएटर थे। उनके इंस्टाग्राम पर 14 लाख से ज्यादा फॉलोअर्स और यूट्यूब पर 3.8 लाख से अधिक सब्सक्राइबर्स थे। साल 2022, 2023 और 2024 में फोर्ब्स इंडिया की टॉप 100 डिजिटल स्टार्स लिस्ट में उनका नाम शामिल रहा।

फोर्ब्स ने उन्हें दुबई बेस्ड फोटोग्राफर, जो दुनिया को अपने कैमरे से देखना पसंद करता है कहकर सम्मानित किया था। अनुनय अब तक 30 देशों की यात्रा कर चुके थे।

# भतीजे ने चाचा-चाची पर किया जानलेवा हमला

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कोतवाली क्षेत्र के बल्लूखेड़ा गांव में पुरानी रंजिश के चलते एक भतीजे ने अपने चाचा पर डंडे से हमला कर दिया। इस हमले में चाचा गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पीड़ित पक्ष ने आरोपी के खिलाफ कोतवाली में नामजद शिकायत दर्ज कराई है। पीड़ित अर्जुन ने बताया कि कुछ दिन पहले उनका अपने सगे भतीजे से किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। आरोप है कि इसी विवाद के चलते शुक्रवार शाम जब अर्जुन अपने घर पर बैठे थे, तभी भतीजे ने उन पर डंडे से हमला कर दिया। हमले में अर्जुन के शरीर के कई हिस्सों पर चोटें आईं और वे लहूलुहान होकर जमीन पर गिर गए।

# नोएडा में हो सकती है जापानी सुपर फॉर्मूला रेस

## ट्रैक पर दौड़ती है 300 किमी की रफ्तार से कार, जापानी प्रतिनिधि मंडल ने बीआईसी को देखा

**नोएडा।** यमुना प्राधिकरण के सेक्टर-25 में बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट (बीआईसी) में जापान की सुपर फॉर्मूला कार रेस हो सकती है। इसके लिए जापान रेस प्रमोशन कॉरपोरेशन (जीआरसी) के प्रतिनिधिमंडल ने बीआईसी का निरीक्षण किया।

जापान प्रमोशन कॉरपोरेशन की टीम में अध्यक्ष योशिहिसा उएनो, तकनीकी संचालक टाकुया होरी, कॉर्पोरेट स्ट्रैटजी विभाग के जीएम ताकाशी मात्सुई और मार्केटिंग विभाग से गेन्की मियुरा यमुना प्राधिकरण के कार्यालय पहुंचे। उन्होंने सीईओ राकेश कुमार सिंह, एसीईओ नगेंद्र प्रताप सिंह और ओएसडी शैलेंद्र भाटिया से मुलाकात कर यहां जापान सुपर फॉर्मूला रेस कराने की बात कही।



उन्होंने बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट का निरीक्षण किया। जापानी प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि अब तक यह सुपर फॉर्मूला रेस सिर्फ जापान में ही होती आई है। इसी 23 नवंबर को भी जापान में रेस आयोजित होगी। साल 1973 में शुरू हुई जापान सुपर फॉर्मूला ने साल 2023 में अपनी 50वीं एनिवर्सरी मनाई थी।

बीआईसी में पूर्व में दो फॉर्मूला वन रेस का आयोजन हो चुका है। इसी तरह जापान के सुपर फॉर्मूला रेस भी होती है।

इसके करीब 50 हजार से ज्यादा वैश्विक यूजर है। इसकी पहचान दिन प्रति दिन बढ़ती जा रही है। इसमें कार 300 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से दौड़ती है। जिसे एशिया की सबसे तेज और दुनिया में फॉर्मूला वन के बाद दूसरी सबसे तेज रेस मानी जाती है।

# दलित समाज पर अभद्र टिप्पणी करने वाली युवती गिरफ्तार

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा की बिसरख पुलिस ने सोशल मीडिया पर दलित समाज के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करने वाली युवती को गिरफ्तार कर लिया है। युवती के आपत्तिजनक वीडियो वायरल होने के बाद सोशल मीडिया पर उसकी गिरफ्तारी की मांग उठी थी।

गिरफ्तार युवती की पहचान रिया रावत के रूप में हुई है, जो बिसरख थाना क्षेत्र



स्थित इको विलेज वन सोसाइटी में रहती है। जानकारी के मुताबिक, इंस्टाग्राम पर किसी युवती से बहस के बाद रिया ने एक वीडियो पोस्ट किया था। इस वीडियो में उसने न केवल उस युवती के खिलाफ बल्कि दलित समाज के प्रति भी अमर्यादित और आपत्तिजनक टिप्पणी की थी।

जब वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' (पूर्व में ट्विटर) पर वायरल हुआ, तो पुलिस हरकत में आई। मामले की गंभीरता को देखते हुए नोएडा पुलिस की साइबर सेल को जांच सौंपी गई। जांच के बाद बिसरख थाना पुलिस ने रिया रावत को गिरफ्तार कर लिया। डीसीपी सेंट्रल नोएडा ने बताया कि रिया रावत के खिलाफ सोशल मीडिया पर अभद्र टिप्पणी और समाज में वैमनस्य फैलाने से संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपी युवती को हिरासत में लेकर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# शार्ट न्यूज

### ग्रेटर नोएडा की गंग नहर में अवैध खनन

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कोतवाली क्षेत्र में गंग नहर (खेरली नहर) में अवैध बालू खनन धड़ल्ले से जारी है। नहर में पानी न होने का फायदा उठाकर खनन माफिया लंबे समय से बालू निकाल रहे हैं। इस अवैध खनन का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में चंद्रावल गांव के पास नहर से जेसीबी और ट्रैक्टर-ट्रॉलियों की मदद से बालू निकालते हुए देखा जा सकता है। इस अवैध गतिविधि के कारण नहर की गहराई काफी बढ़ गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि नहर की बढ़ी हुई गहराई पानी आने पर जानलेवा साबित हो सकती है, जिससे डूबने की घटनाओं का खतरा बढ़ जाएगा। ग्रामीणों के अनुसार, रात के समय नहर के अंदर मशीनें चलती हैं, जिससे सरकार को भारी राजस्व का नुकसान हो रहा है। ग्रामीणों ने स्थानीय प्रशासन पर अनदेखी का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि बार-बार शिकायत के बावजूद पुलिस और प्रशासन की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है, जिससे खनन माफियाओं के हौसले बुलंद हैं। इस संबंध में जब स्थानीय पुलिस से बात की गई, तो उन्होंने मामले की जानकारी न होने की बात कही।

### ग्रेटर नोएडा में झुग्गियों में लगी आग

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा के बिसरख थाना क्षेत्र स्थित भगत चौक के पास शुक्रवार शाम कबाड़ और झुग्गियों में भीषण आग लग गई, जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। आग इतनी तेजी से फैली कि देखते ही देखते आधा दर्जन से अधिक झुग्गियां जलकर राख हो गईं। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की पांच गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने के प्रयास शुरू किए। शुरुआत में मौके पर दो गाड़ियां भेजी गई थीं, लेकिन आग की भयावहता को देखते हुए आसपास के स्टेशनों से और गाड़ियां बुलाई गईं। दमकल अधिकारी ने बताया कि आग कबाड़ से लगी और तेज हवा के कारण तेजी से फैलती गई, जिससे पास की कई झुग्गियां इसकी चपेट में आ गईं। स्थानीय लोगों ने भी आग बुझाने में दमकलकर्मियों की मदद की। राहत की बात यह है कि इस हादसे में किसी की जान नहीं गई और न ही कोई व्यक्ति झुलसा है। फिलहाल आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया है। घटना में झुग्गियों में रखे घरेलू सामान और कबाड़ के जलने से हजारों रुपये का नुकसान हुआ है। दमकल विभाग आग के कारणों की जांच कर रहा है। पुलिस ने एहतियातन आसपास के क्षेत्र को घेराबंदी कर लिया है ताकि कोई पुन: हादसा न हो।

### ग्रेटर नोएडा में पिता-पुत्र पर फायरिंग

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा के ईकोटेक-3 थाना पुलिस ने पिता-पुत्र पर फायरिंग करने के आरोपी विकास को कस्टडी रिमांड पर लेकर वारदात में इस्तेमाल हथियार बरामद कर लिया है। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर एक पिस्तौल और दो कारतूस बरामद किए हैं। यह मामला 25 अक्टूबर को सैनी गांव में हुआ था। पुलिस के मुताबिक, आरोपी विकास ने अपने साथी के साथ मिलकर स्वतंत्र नागर के घर में घुसकर उन पर और उनके पिता पर फायरिंग की थी। गोलीबारी में दोनों बाल-बाल बच गए थे। वारदात के बाद विकास अपने साथी की मोटरसाइकिल पर सवार होकर फरार हो गया था। घटना के कुछ दिन बाद विकास और उसका साथी कोर्ट में आत्मसमर्पण कर चुके हैं। पुलिस ने आरोपी को कस्टडी रिमांड पर लेकर पूछताछ की, जिसमें उसकी निशानदेही पर घर के सोफे के अंदर छिपाई गई पिस्तौल और कारतूस मिले। ईकोटेक-3 थाना प्रभारी ने बताया कि बरामद हथियार को फॉरेंसिक जांच के लिए भेजा गया है और साथी आरोपी से भी पूछताछ जारी है।

### वोट चोरी मुद्दे पर कांग्रेस का प्रदर्शन

**गौतम बुद्ध नगर।** गौतमबुद्ध नगर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने वोट चोरी के मुद्दे पर जोरदार प्रदर्शन किया। कार्यकर्ता पुलिस कमिश्नर कार्यालय से नारेबाजी करते हुए जिला कलेक्ट्रेट तक पैदल मार्च कर पहुंचे। इस विरोध प्रदर्शन में गाजियाबाद, हापुड़, बिजनौर और अलीगढ़ जिलों से भी कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए। सभी ने हाथों में बैनर-पोस्टर लेकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शन में शामिल पूर्व विधायक विवेक बंसल ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने साक्ष्यों के साथ वोट चोरी के खिलाफ आवाज उठाई है। यह आवाज देश के भविष्य और लोकतंत्र को बचाने के लिए बुलंद की गई है, और हम सब इसे ताकत देने के लिए संघर्ष के मैदान में हैं। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे जिला कांग्रेस गौतमबुद्ध नगर अध्यक्ष दीपक भाटी चोटीवाला ने कहा कि लोकतंत्र में बेईमानी का कोई स्थान नहीं है। उन्होंने वोट चोरी और एसआईआर जैसी कार्रवाइयों को लोकतंत्र का संस्थागत चीरहरण बताया। चोटीवाला ने आगे कहा कि राहुल गांधी ने चुनाव चोरी के साक्ष्य और उदाहरण प्रस्तुत किए हैं, जिससे आम जनमानस के मन में चुनाव को लेकर प्रश्नचिह्न खड़े हो रहे हैं।

### दोहरे हत्याकांड में एक और आरोपी गिरफ्तार

**गौतम बुद्ध नगर।** जारचा थाना क्षेत्र के सेन्थली गांव में दीपावली के दिन हुए दोहरे हत्याकांड के मामले में पुलिस ने एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान जितेंद्र के रूप में हुई है, जो मुख्य आरोपी प्रिंस का भाई है। यह घटना दीपावली के दिन नाली को लेकर हुए विवाद के बाद हुई थी। विवाद बढ़ने पर मुख्य आरोपी प्रिंस ने अपने साथियों के साथ मिलकर ताबड़तोड़ फायरिंग की थी। इस गोलीबारी में ताऊ-भतीजे अजयपाल और दीपांशु की मौत हो गई थी। वारदात को अंजाम देने के बाद सभी आरोपी मौके से फरार हो गए थे। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छह टीमें गठित की थीं। मुख्य आरोपी प्रिंस ने पुलिस को चकमा देकर बुलंदशहर में आत्मसमर्पण कर दिया था। उसके दो दिन बाद मनोज ने गाजियाबाद कोर्ट में सरेंडर किया। इसके बाद दो अन्य आरोपी अलीगढ़ कोर्ट में आत्मसमर्पण करने पहुंचे, जहां एक आरोपी ने सरेंडर कर दिया, जबकि सचिन नामक आरोपी को पुलिस ने कोर्ट परिसर से ही गिरफ्तार कर ग्रेटर नोएडा ले आई थी। अलीगढ़ कोर्ट में सचिन की गिरफ्तारी के दौरान पुलिस और वकीलों के बीच धक्का-मुक्की भी हुई थी।

# एसटीएफ ने गो-तस्कर वाकिफ को एनकाउंटर में मार गिराया

## उम्र 27 साल, 48 मुकदमे; आजमगढ़ में डीएसपी शाही की टीम ने मारी गोली

**आजमगढ़।** आजमगढ़ में 50 हजार के इनामी गो-तस्कर वाकिब उर्फ वाकिफ को एनकाउंटर में मार गिराया गया। शुक्रवार तड़के लूट के सुराग जुटाने के लिए पुलिस टीम गश्त कर रही थी। तभी एसटीएफ को सूचना मिली कि वाकिफ और उसके तीन साथी थाना रौनापार क्षेत्र की ओर भाग रहे हैं। इस पर टीम ने उनकी घेराबंदी की।

जैसे ही बदमाशों को घेरा, उन्होंने फायरिंग शुरू कर दी। एसटीएफ की जवाबी फायरिंग में वाकिफ को गोली लग गई। गोली लगते ही वह जमीन पर गिर पड़ा। पुलिस उसे सीएचसी हरैया लेकर पहुंची, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

वहीं, वाकिफ के 3 साथी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए। एसटीएफ टीम का नेतृत्व डिप्टी एसपी डीके शाही कर रहे थे। शाही वही अफसर हैं, जिन्होंने सुल्तानपुर डकैती कांड में वांटेड मंगेश यादव का एनकाउंटर किया था।


वाकिब उर्फ वाकिफ, मृतक

वाकिफ पर गो-तस्करी, चोरी, हत्या और लूट जैसे गंभीर अपराधों के 48 से अधिक मुकदमे आजमगढ़, गोरखपुर और जौनपुर सहित कई जिलों में दर्ज थे।

वह अपने गिरोह के साथ मिलकर पशुओं की चोरी और गोवंश की अवैध तस्करी करता था।

### 8 साल पहले पहला क्राइम किया, खुद का गैंग बनाया

27 साल का वाकिफ आजमगढ़ के फूलपुर का रहने वाला था। उसके पिता कलाम उर्फ सलाम मजदूरी और फेरी का काम करते हैं। वाकिफ ने 2015 में अपराध की दुनिया में कदम रखा। आजमगढ़ के सरायमीर थाने में उस पर पशु चोरी का पहला मुकदमा दर्ज हुआ था। इसके बाद वह लगातार अपराध करता चला गया और उसने अपना गैंग बना लिया। वह गैंग के साथ मिलकर दूध देने वाले पशुओं की चोरी और गोवंश की अवैध तस्करी करता था। गैंग में अरशद, राकेश उर्फ राका, जावेद, मेराज, सुरेंद्र यादव, शहजादे उर्फ छेदी, मोहम्मद आकिल, हसीम उर्फ शेरू और शकील उर्फ भीमा जैसे अपराधी शामिल थे।

## तालाब में डूबने से बच्चे की मौत

**प्रतापगढ़।** प्रतापगढ़ के बाघराय थाना क्षेत्र के सरकदहा में एक 9 वर्षीय बच्चे की तालाब में डूबने से मौत हो गई। बच्चा शौच के लिए तालाब किनारे गया था, जहां पैर फिसलने से वह गहरे पानी में चला गया। सूचना मिलने पर बाघराय थाना प्रभारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने तत्काल रेस्क्यू अभियान शुरू कराया। लगभग तीन घंटे की मशक्कत के बाद बच्चे का शव तालाब से बरामद किया जा सका। मृतक बच्चे की पहचान सरकदहा के धनउ का पुरवा निवासी 9 वर्षीय शिवांश प्रजापति पुत्र शिव कुमार के रूप में हुई है। वह दोपहर करीब डेढ़ बजे स्कूल से शौच के लिए निकला था। स्थानीय बाजार के लोगों ने बताया कि बच्चा स्कूल से बाहर शौच के लिए गया था। इस घटना के बाद यह सवाल उठ रहा है कि स्कूल से निकला बच्चा तालाब तक कैसे पहुंचा। कुछ लोगों का कहना है कि यदि प्राथमिक विद्यालय में शौचालय की सुविधा होती तो शायद यह हादसा टाला जा सकता था। घटना की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जमा हो गए।

# राजस्व विभाग ने खलिहान भूमि मामले में की खानापूर्ति



▸ 12 दिन बाद भी कब्जा मुक्त नहीं, योगी सरकार के निर्देशों की उड़ रही धज्जियां

**बरखेड़ा ।** नगर पंचायत बरखेड़ा की खलिहान जमीन गाटा संख्या 165 पर अवैध कब्जे को हटाने के लिए 12 दिन पूर्व राजस्व विभाग की टीम पहुँची थी, लेकिन कार्रवाई केवल औपचारिकता तक सीमित रह गई। विभाग की टीम के लौटने के बाद अब तक कब्जा मुक्त कराने की कोई प्रभावी कार्यवाही नहीं हुई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि लाखों रुपये मूल्य की यह सरकारी जमीन अभी भी कब्जाधारियों के अधीन है। जबकि प्रदेश सरकार के स्पष्ट निर्देश हैं कि सभी सरकारी भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया जाए। बावजूद इसके, राजस्व विभाग की टीम केवल खानापूर्ति करके लौट गई।नगर पंचायत चेयरमैन श्याम बिहारी भोजवाल ने बताया कि खलिहान की जमीन का मामला अधिकारियों के संज्ञान में है और शीघ्र ही कब्जा मुक्त कराकर बाउंड्रीवॉल निर्माण कराया जाएगा, जिससे भूमि पुन: सरकारी नियंत्रण में आ सके। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि खलिहान की जमीन पर तत्काल प्रभाव से अतिक्रमण हटाया जाए, ताकि ग्रामवासियों के लिए निर्धारित सार्वजनिक स्थल का उपयोग पुन: शुरू हो सके।

## शार्ट न्यूज

### ठेकेदार ने बिना परमिट काटा हरा-भरा आम का पेड़



**बरखेड़ा।** थाना क्षेत्र के गांव फूटाकुआ कुरैइया में एक कथित ठेकेदार ने बिना परमिट के रात के अंधेरे में एक विशालकाय आम का हरा-भरा पेड़ काट दिया। घटना के बाद भी वन विभाग को इसकी भनक तक नहीं लगी, जिससे ग्रामीणों में आक्रोश है।ग्रामीणों के अनुसार, क्षेत्र में लकड़ी माफिया सक्रिय हैं जो विभागीय मिलीभगत से हरे-भरे पेड़ों का अवैध कटान कर रहे हैं। पेड़ स्वामी ने बताया कि उसने यह आम का पेड़ बीसलपुर के ठेकेदार हरुन अंसारी उर्फ गुड्डू को 20 हजार रुपये में बेचा था, जिसने बीती रात बिना अनुमति के पेड़ काट डाला। ग्रामीणों ने बताया कि यह ठेकेदार पहले भी क्षेत्र में सैकड़ों प्रतिबंधित प्रजातियों के पेड़ काट चुका है, लेकिन वन विभाग ने कभी कोई कार्रवाई नहीं की। ग्रामीणों ने मांग की है कि इस अवैध कटान में शामिल लोगों पर कड़ी कार्यवाही की जाए और वन विभाग के लापरवाह कर्मचारियों की भी जवाबदेही तय की जाए।

### एसपी के नेतृत्व में हुआ वंदे मातरम् का सामूहिक गायन

**हरिनारायण यादव ब्यूरो विशाल इंडिया**

**गाजीपुर।** वर्ष 1875 में बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय जी द्वारा रचित, देश को एकता के सूत्र में पिरोने वाले राष्ट्गीत 'वन्दे मातरम्' के 150 गौरवशाली वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 'वन्दे मातरम्' का सामूहिक गायन पुलिस अधीक्षक कार्यालय जनपद गाजीपुर में पुलिस अधीक्षक जनपद गाजीपुर व अपर पुलिस अधीक्षक नगर की उपस्थिति में किया गया। एसपी द्वारा उपस्थित सभी अधिकारी/कर्मचारियों को राष्ट्गीत के 150 गौरवशाली वर्ष पूर्ण होने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी गईं। उन्होने वर्णन किया कि मातृभूमि के प्रति समर्पण, त्याग और राष्ट्रीय चेतना को जागृत करने वाला यह अमर गीत युगों-युगों तक हम सभी को देशहित के मार्ग पर अग्रसर होने की प्रेरणा देता रहेगा। वंदे मातरम् एक गीत नहीं, बल्कि हर भारतीय के हृदय में अविरल बहने वाला वह भाव तथा उस अमर आत्मा का प्रतीक है, जो करोड़ों भारतीयों के हृदय में जोश, त्याग, समर्पण और देश प्रेम की ज्वाला प्रज्ज्वलित करता है।

### एक सप्ताह से लापता किसान का शव मिला

**देवरिया।** देवरिया में बरियारपुर थाना क्षेत्र के महुआनी गांव के पास पानी में मिला अज्ञात शव एक सप्ताह बाद राम इकबाल गोंड़ (45 वर्ष) के रूप में पहचान लिया गया है। वे महुई टोला पिपरहिया के निवासी थे। शुक्रवार को उनके परिजनों ने थाने पहुंचकर फोटो देखकर शव की शिनाख्त की। राम इकबाल गोंड़, स्वर्गीय सगुन गोंड़ के पुत्र थे। वे 31 अक्टूबर (शुक्रवार) को अपने घर से किसी काम के लिए निकले थे, जिसके बाद वे वापस नहीं लौटे। परिजन लगातार उनकी तलाश कर रहे थे और आसपास के थानों व रिश्तेदारों से संपर्क साध रहे थे। इस बीच, रविवार सुबह बरियारपुर थाना क्षेत्र के महुआनी गांव के समीप एक तालाबनुमा जगह पर एक अज्ञात शव मिलने की सूचना पुलिस को मिली। पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा। उस समय शव की पहचान नहीं हो सकी थी। पुलिस ने अज्ञात शव की सूचना सोशल मीडिया और व्हाट्सएप ग्रुपों पर साझा की थी। इसी सूचना को देखने के बाद राम इकबाल के परिजन शुक्रवार को थाने पहुंचे।

### अवैध निर्माण पर चला बुलडोजर, 40 मकान गिराए

झांसी। झांसी नगर निगम ने अवैध कब्जों के खिलाफ शुक्रवार को बड़ी कार्रवाई की है। कोतवाली थाना क्षेत्र के नगरिया कुआं के पास नगर निगम की जमीन पर बने 40 मकान/झोपड़ों को निगम के बुलडोजर से ध्वस्त कर दिया गया। यहां रहने वालों का कहना है कि वह ढाई दशक से यहां रह रहे हैं लेकिन, अचानक ये कार्रवाई कर दी गई। बता दें कि झांसी नगर निगम ड्रोन टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल कर अपनी जमीनों को चिन्हित कर कब्जे हटा रहा है। इसी कड़ी में नगर निगम ने कोतवाली थाना क्षेत्र के बड़ा बाज़ार के पास निगम की ज़मीन पर बने 200 मकानों की पहचान की है, जो नगर निगम की ज़मीन पर बनाए गए हैं। मंगलवार को नगर निगम की टीम ने यहां अपनी ज़मीन पर कब्जा कर बनाए गए मकानों की पहचान की। इसके बाद शुक्रवार को निगम का अतिक्रमण निरोधी दस्ता बुलडोजर लेकर पहुंच गया। ऐसे में यहां रहने वालों को पता चला कि उनके आशियाने गिराने के लिए बुलडोजर आया है तो उनके पांव के नीचे से ज़मीन खिसक गई। लोगों ने ध्वस्तीकरण का विरोध करने की कोशिश भी की लेकिन, उनकी एक नहीं चली।

### मऊ में 20 हजार रिश्वत लेते दरोगा गिरफ्तार

**मऊ।** मऊ में एंटी करप्शन टीम ने दरोगा को 20 हजार रुपए घूस लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया। दरोगा ने पीड़ित पक्ष से बाइक की डिग्गी में पैसे रखने को बोला था। पीड़ित पक्ष पैसा रखकर चला गया। दरोगा जब डिग्गी से पैसा निकालने लगा तो टीम ने उसे रंग हाथ पकड़ लिया। ये कार्रवाई आजमगढ़ यूनिट ने की है। गिरफ्तारी के बाद एंटी करप्शन टीम आरोपी दरोगा को मऊ जिले के दक्षिण टोला थाने ले गई, जहां उससे पूछताछ की जा रही है। दरोगा का नाम अजय सिंह है, जो हलधरपुर थाने में तैनात है। एक विवाद में 20 लोगों पर अपहरण और हत्या की कोशिश की धाराओं में मामला दर्ज हुआ था। दरोगा अजय सिंह मामले की जांच कर रहा था। उसने केस में शामिल सभी 20 लोगों से 10-10 हजार रुपए की रिश्वत मांगी थी। 16 लोग पैसे दे चुके थे। हलधरपुर थाने क्षेत्र के बिलौझा चौक पर स्थित जमीन को लेकर 29 सितंबर 2025 को गुटों में मारपीट हुई थी। मामले में पीड़ित हरिंद्र चौहान (51) पुत्र शिवनाथ चौहान निवासी ग्राम तरवाडीह पोस्ट बेलौझा थाना हलधरपुर ने 20 लोगों पर मुकदमा दर्ज कराया था।

## झांसी में दो लुटेरों को 5-5 का कारावास

**झांसी।** झांसी में हाईवे पर ट्रक ड्राइवर से लूटपाट करने वाले दो लुटेरों को कोर्ट ने 5-5 साल के कारावास की सजा सुनाई है। दोनों पर दस हजार रुपए का अर्थदण्ड भी लगाया गया है। नहीं देने पर दो माह की जेल अतिरिक्त काटनी होगी। यह फैसला शुक्रवार को न्यायालय संख्या-2 के अपर सत्र न्यायाधीश कमल कांत श्रीवास्तव ने सुनाया है। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता देवेंद्र पांचाल ने बताया कि फिरोजाबाद जिले के मतसेना थाना क्षेत्र के गांव ढकपुरा निवासी बिजेंद्र यादव पुत्र गुना लाल यादव ने बड़ागांव थाना में तहरीर दी थी। जिसमें बताया था कि मैं अपने ट्रक से नासिक से बिहार जा रहा था। मेरे साथ में ड्राइवर गांव का टिंकू था। 12 अगस्त 2020 को पारीछा धनाराम पेट्रोल पम्प के सामने पहुंचा तो बाइक से दो युवक पीछे से आए। मेरे ट्रक के सामने बाइक लगा दी। तब मैंने ट्रक रोक दिया। उसमे से एक व्यक्ति मेरे ट्रक में चढ़ गया। मेरे साथ मारपीट की और मेरे कनपटी में तमंचा लगा दिया। फिर मेरा पर्स छीन कर दोनों बाइक से भाग गए। पर्स में 1940 रुपए व ड्राइविंग लाईसेंस रखा था।

# विवाहिता की मौत को लेकर दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज

**दियोरिया कला।** गांव नौगवा नवीनगर निवासी संगीता देवी पत्नी रामसिंह की दिनांक 5 नवंबर की रात में संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के मामले में पुलिस ने भाई की तहरीर पर पति, सास, ससुर ,देवर ननद सहित पांच लोगों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज मामले की जांच शुरु कर दी है।

बरखेड़ा थाना क्षेत्र के गांव डड़िया भगत निवासी मुकेश कुमार पुत्र मेवाराम ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया है कि उसने अपनी बहन संगीता देवी की शादी वर्ष 2022 में दियोरिया कोतवाली क्षेत्र के गांव नौगवां नवीनगर निवासी तेजराम के पुत्र रामसिंह से हिंदू रीति-रिवाज के साथ की थी जिसमें उसने अपनी हैसियत के अनुसार दान दहेज दिया था लेकिन ससुराल वाले उससे संतुष्ट नहीं थे और अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर उसकी बहन को मारपीट कर प्रताड़ित कर रहे थे संगीता देवी ने अपने घर पर इसकी जानकारी दी सूचना मिलते ही मायके वालों ने ससुराल वालों को समझाया लेकिन कोई बात नहीं बनी आरोप है कि दिनांक 5-6 नवंबर की रात में पति रामसिंह, ससुर तेजराम, सास दुलारो देवी, देवर रामवीर ,ननद रेखा ने संगीता देवी की मारपीट कर हत्या कर दी मुकेश के भाई संतोष कुमार के पास फोन कर मौत की सूचना दी गई सूचना मिलते ही मायके वाले ससुराल पहुंचे तो उन्होंने संगीता देवी को मृत अवस्था में पाया। भाई मुकेश कुमार की तहरीर पर पुलिस ने पति रामसिंह,ससुर तेजराम,सास दुलारो देवी, देवर रामवीर,ननद रेखा निवासी ग्राम नौगवां नवीनगर के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरु कर दी है।

प्रभारी निरीक्षक दिगंबर सिंह ने बताया कि मृतका संगीता देवी के भाई मुकेश कुमार की तहरीर पर पुलिस ने पांच लोगों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरु कर दी है।

# पढ़ाई भी, पोषण भी कार्यक्रम के तहत तीन दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

## आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को दी गई बच्चों के समग्र विकास की सीख

**पूरनपुर (पीलीभीत)।** बाल विकास परियोजना कार्यालय पूरनपुर के तत्वावधान में 'पढ़ाई भी, पोषण भी' कार्यक्रम के तहत आयोजित तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का समापन शुक्रवार को हुआ। इस प्रशिक्षण में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को शैक्षणिक गतिविधियों के माध्यम से बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। प्रशिक्षण का संचालन सीडीपीओ नीरज कुमार के नेतृत्व में किया गया। उन्होंने बताया कि बच्चों की प्रारंभिक अवस्था ही उनके मानसिक, शारीरिक और सामाजिक विकास की सबसे महत्वपूर्ण अवधि होती है। ऐसे में आंगनबाड़ी केंद्रों को केवल भोजन वितरण का केंद्र न मानकर, बच्चों के उज्ज्वल भविष्य निर्माण का आधार बनाना होगा। उन्होंने कहा कि बच्चों को खेल-खेल में सीखने, कहानी सुनाने, चित्रों के माध्यम से शिक्षा देने और संतुलित आहार की व्यवस्था जैसी गतिविधियाँ नियमित रूप से संचालित की जानी चाहिए।




महिला पर्यवेक्षक आशा देवी और कंचन वर्मा ने कार्यकत्रियों को प्रशिक्षण देते हुए कहा कि स्वस्थ बच्चा ही मजबूत भारत की नींव है। उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्रों को बाल शिक्षा और पोषण के केंद्र के रूप में विकसित करने की आवश्यकता पर जोर दिया। कार्यक्रम के समापन पर सभी प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र वितरित किए गए। इस अवसर पर सीडीपीओ नीरज कुमार, मुख्य सेविका आशा देवी, सेविका कंचन वर्मा सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

## एसपी ने की लंबित विवेचनाओं की समीक्षा, साइबर अपराध के मामलों का शीघ्र कराएं निस्तारण



**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक द्वारा कैम्प कार्यालय, ललितपुर पर साइबर थाना से संबंधित लम्बित विवेचनाओं के दृष्टिगत विवेचकों के साथ अर्दली रूम कर समीक्षा की गई एवं उनका शीघ्र, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण हेतु संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये । देर रात्रि पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक द्वारा कैम्प कार्यालय,ललितपुर पर साइबर थाना से संबंधित लंम्बित विवेचनाओं का अर्दली रूम किया गया । इस दौरान विवेचको को, गुणवत्तापरक रूप से विवेचनाओं के निस्तारण करने एवं विवेचनाओं में सभी अभिलेखीय साक्ष्यों को शामिल करने साथ ही मुकदमों में वाछिंत की शीघ्र गिरफ्तारी करने तथा समय से गुणदोष के आधार पर निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया ।

## काम की बात : पात्र गृहस्थी और अंत्योदय कार्डधारकों को आठ से 25 तक मिलेगा अनाज

ललितपुर। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना में पात्र गृहस्थी और अंत्योदय कार्डधारक परिवारों को आठ नवंबर से पच्चीस नवंबर तक निशुल्क अनाज मिलेगा। आयुक्त खाद्य तथा रसद विभाग, उ0प्र0 जवाहर भवन लखनऊ के पत्रांक 5046/आ0पू0रा0-नि:शुल्क वितरण/2024 दिनांक 04.11.2025 के द्वारा अवगत कराया गया है किराष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के अन्तर्गत माह नवम्बर 2025 के सापेक्ष आवंटित खाद्यान्न का जनपद ललितपुर के अन्त्योदय एवं पात्रगृहस्थी कार्डधारको को दिनांक 08.11.2025 रो 25.11.2025 तक आवश्यक वस्तुओं का वित्तरण किया जाना है। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अन्तर्गत अन्त्योदय कार्डधारको 14 कि0ग्रा0 गेहूँ, 21 कि0ग्रा0 चावल प्रति कार्ड एवं पात्रगृहस्थी कार्डधारको को 2.00 कि0ग्रा0 गेहूँ, 3.00 कि0ग्रा0 फोर्टिफाईट चावल (कुल 05 कि0ग्रा0 खाद्यान्न) प्रति यूनिट नि:शुल्क वितरण किया जाना है। जनपद ललितपुर के समस्त अन्त्योदय एवं पात्रगृहस्थी राशन कार्डधारको को सूचित किया जाता है कि दिनांक 08.11.2025 से 25.11.2025 तक उचित दर दुकानों पर उपस्थित होकर ई-पॉस के द्वारा आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से माह नवम्बर 2025 हेतु आवंटित गेहूँ-चावल नि:शुल्क प्राप्त करना सुनिश्चित करें।

## आगरा में रिश्वत में जूते मांगने वाले 2 सिपाही सस्पेंड

**आगरा।** आगरा में रिश्वत में जूते मांगने वाले 2 सिपाहियों को सस्पेंड कर दिया गया। सिपाहियों ने केस से नाम हटाने के लिए दुकानदार से रिश्वत मांगी। इस पर उसने पैसे न होने की बात कही। सिपाहियों ने कहा- कोई बात नहीं अगर पैसे नहीं तो जूते ही दे दो। दोनों सिपाही 4 जोड़ी ब्रांडेड जूते लेकर दुकान से ले गए। सिपाहियों की ये करतूत दुकान में लगे सीसीटीवी में कैद हो गई। पीड़ित दुकानदार ने कमिश्नर के हेल्पलाइन नंबर पर सिपाहियों की शिकायत की। कमिश्नर ने जांच में दोषी पाए जाने पर सिपाही कौशल और विश्वनाथ को सस्पेंड कर दिया। ये दोनों एसीपी ऑफिस में तैनात थे।

# एसपी ने ली परेड की सलामी, दिए निर्देश

**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक, मो0 मुश्ताक द्वारा शुक्रवार की साप्ताहिक परेड की सलामी ली गई एवं परेड का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान परेड की ड्रिल, अनुशासन, ड्रेस कोड एवं तालमेल की गुणवत्ता का सूक्ष्म अवलोकन किया गया। तत्पश्चात रिज़र्व पुलिस लाइन्स में स्थित विभिन्न शाखाओं— डायल-112, परिवहन शाखा, भोजनालय, क्वार्टर गार्ड, कैंटीन, कंट्रोल रूम, वर्दी स्टोर आदि का स्थलीय निरीक्षण किया गया। इस दौरान साफ-सफाई, अभिलेखों के रख-रखाव तथा संसाधनों की स्थिति की समीक्षा की गई। इसके पश्चात डायल-112 के पीआरवी वाहनों का निरीक्षण किया गया । निरीक्षण के दौरान वाहनों की साफ-सफाई, संचार उपकरणों (वायरलेस सेट, जीपीएस ट्रैकर, टैब/मोबाइल) की कार्यशीलता तथा अन्य आपातकालीन उपकरणों की स्थिति की समीक्षा की गई।



श्रीमान पुलिस अधीक्षक द्वारा पीआरवी स्टाफ को आमजन के प्रति संवेदनशील, संयमित एवं सेवा-भाव से कार्य करने हेतु प्रेरित किया गया तथा त्वरित रिस्पॉन्स टाइम को और बेहतर बनाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

इसके उपरांत अर्दली रूम का आयोजन किया गया, जिसमें रिज़र्व पुलिस लाइन्स की विभिन्न मदों के रजिस्टरों का अवलोकन किया गया।

# मिशन शक्ति के तहत ललितपुर पुलिस ने किया जागरूक

**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन में मिशन शक्ति फेज-05 अभियान के अंतर्गत जनपद के थानों पर स्थापित मिशन शक्ति केन्द्र एवं एंटी रोमियो टीम द्वारा बस अड्डों, बाजारों, पार्कों, स्कूलों व गाँव-गाँव आदि जगहों पर जाकर महिलाओं एवं बालिकाओं को उनकी सुरक्षा, आत्मसम्मान और आत्मनिर्भरता, यौन उत्पीड़न से बचाव व उसके खिलाफ आवाज उठाने, साइबर अपराध से बचाव के तरीके, महिलाओं व किशोरियों के कानूनी अधिकार व हेल्प लाइन से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्रदान की । आपात स्थिति में सहायता के लिए हेल्पलाइन नंबर्स। 1090 वूमेन पावर लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन , 181 महिला हेल्पलाइन , 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 102 स्वास्थ्य सेवा, 108 एम्बुलेंस सेवा, 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन साइबर अपराध से बचाव के लिए निम्न जानकारियाँ दी गई। किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें । कभी भी अनजान व्यक्ति को अपना बैंक डिटेल, ओटीपी आदि मांगने पर कभी न दें । सोशल मीडिया का प्रयोग करते समय सावधानियां बरते । किसी भी पोस्ट की सच्चाई जाने विना उसे फोरवर्ड व शेयर न करें । अनजान लोगो की फ्रैन्ड रिक्वेस्ट आने पर उसे एक्सेप्ट न करें । कॉल पर किसी भी व्यक्ति द्वारा दिए गए ऑफर, लालच, या धमकी पर विश्वास न करें । प्लेस्टोर से जैनुइन ऐप ही डाउनलोड करें, प्लेस्टोर के अलावा कहीं से भी app download न करें । महिलाओं को उनकी सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन हेतु शासन द्वारा चलाये जा रही योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, वन स्टाप सेन्टर, आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी।



# यातायात पुलिस ने चलाया जागरूकता अभियान

**ललितपुर।** यातायात माह में शुक्रवार को यातायात पुलिस ने कोतवाली क्षेत्र में जागरूकता अभियान चलाया। पुलिस अधीक्षक के निर्देश के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह व क्षेत्राधिकारी यातायात राजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में ,यातायात प्रभारी, ललितपुर आलोक कुमार तिवारी द्वारा शहर क्षेत्र के प्रमुख चौराहों/तिराहों पर वाहन चालकों को हाई बीम/लो बीम के बारे में जागरूक किया गया। यातायात प्रभारी द्वारा बताया गया कि वाहन में हेड लाइट के दो सेटअप होते हैं, हाई बीम और लो बीम। हाई-बीम में ज्यादा रोशनी मिलती है, जो दूर तक जाती है. वहीं, लो-बीम में कम रोशनी मिलती है और कार के आगे पास वाले एरिया तक ही फैलती है। हाई-बीम का उपयोग तब किया जाता है जब सड़क पर आपके सामने से कोई अन्य वाहन नहीं आ रहा होता है । यह दूर तक रोशनी फैलाता है और यह आपको सड़क पर आने वाली बाधाओं को दूर से ही देखने में सक्षम बनाता है, लेकिन, यह आगे से आने वाले वाहनों के ड्राइवरों की विजिबिलिटी पर असर डालता है, इसलिए, अगर आगे से कोई वाहन आ रहा हो तो लो-बीम का इस्तेमाल करना चाहिए। लो-बीम का उपयोग तब किया जाता है जब सड़क पर आपके आगे से कोई अन्य वाहन आ रहा होता है । यह पास के क्षेत्र में रोशनी फैलाता है और सामने आ रहे वाहनों के ड्राइवरों की विजिबिलिटी पर असर नहीं डालता है। हाई बीम कब उपयोग कब करें ।खाली राजमार्गों या एक्सप्रेसवे पर। जब सामने से कोई वाहन न आ रहा हो। बहुत अंधेरे और सुनसान रास्तों पर। लो बीम का उपयोग कब करें।

# गंगा उत्सव पर नदी पुनर्जीवन विषय पर छात्रों के साथ संवाद

## भगवान आदिनाथ कॉलेज ऑफ़ एजुकेशन में आयोजित हुए कार्यक्रम

**ललितपुर ।** गंगा उत्सव के अवसर पर नमामि गंगे परियोजना के अंतर्गत जिला गंगा समिति द्वारा भगवान आदिनाथ कॉलेज ऑफ़ एजुकेशन में विविध जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों में गंगा एवं अन्य नदियों के संरक्षण के प्रति संवेदनशीलता और जिम्मेदारी की भावना विकसित करना था। कार्यक्रम की शुरुआत गंगा थीम पर रंगोली और चित्रकला गतिविधि से हुई, जिसमें विद्यार्थियों ने रंग-बिरंगी चित्रकृतियों में 'नमामि गंगे', 'स्वच्छ गंगाङ्कनिर्मल गंगा' जैसे संदेश उकेरे। जल संरक्षण एवं पर्यावरण संरक्षण संवाद में परियोजना अधिकारी जिला गंगा समिति केतन दुबे ने बताया कि गंगा उत्सव का कार्यक्रम गंगा नदी को भारत की राष्ट्रीय नदी घोषित किए जाने उपलक्ष्य में प्रत्येक वर्ष 4 नवम्बर को आयोजित किया जाता है। प्रबधंक प्रदीप कुमार जैन ने कहा कि यदि हमने आज जल को नहीं बचाया, तो आने वाली पीढ़ियाँ हमें कभी क्षमा नहीं करेंगी। डॉ. रोहित कुमार जैन ने कहा कि जल संरक्षण एक ऐसा विषय है जिसमें छोटी-छोटी कोशिशें भी बड़े परिणाम ला सकती हैं। विद्यार्थियों से अपील की कि वे अपने आसपास के लोगों को जल और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करें तथा इस दिशा में स्वयं उदाहरण बनें। परिचर्चा के बाद विद्यार्थियों ने सामूहिक रूप से गंगा शपथ ली, जिसमें उन्होंने गंगा और सभी नदियों को स्वच्छ व निर्मल बनाए रखने का संकल्प दोहराया।




कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. सुनील कुमार जैन, राकेश कुमार, शरामसेवक चंद्राकर, बासुदेव सिंह, सिद्धगोपाल सिंह समेत सभी विभागों के शिक्षकगण, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### कतर के अमीर से मिले आसिफ अली जरदारी, रक्षा सहयोग बढ़ाने की पेशकश

**दोहा, एजेंसी।** पाकिस्तानी राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने बुधवार को दोहा में कतर के अमीर, शेख तमीम बिन हमद अल-थानी से मुलाकात कर रक्षा और रक्षा उत्पादन के क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग का विस्तार करने की पेशकश की। यह मुलाकात दोहा में चल रहे दूसरे विश्व सामाजिक विकास शिखर सम्मेलन के दौरान हुई, जिसमें राष्ट्रपति जरदारी पाकिस्तान का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। राष्ट्रपति भवन के अनुसार, दोनों नेताओं ने राजनीतिक, आर्थिक और सांस्कृतिक क्षेत्रों में सहयोग को और मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की। जरदारी की रक्षा सहयोग बढ़ाने की पेशकश पर अमीर ने सकारात्मक प्रतिक्रिया व्यक्त की और अधिकारियों को तुरंत बातचीत शुरू करने का निर्देश देने की बात कही। कतर के अमीर ने हाल में हुए पाकिस्तान-सऊदी अरब रक्षा समझौते पर भी संतोष जताया और इसे एक स्वागतयोग्य और समय पर उठाया गया कदम बताया। उन्होंने पाकिस्तान की अनूठी स्थिति की सराहना की, जो एक साथ चीन, पश्चिम और खाड़ी देशों के साथ रणनीतिक संबंध बनाए रखता है। राष्ट्रपति जरदारी ने गाजा के लिए संघर्ष विराम और मानवीय राहत की वकालत करने में कतर के अमीर के नेतृत्व की प्रशंसा की।

### लंदन में दो कैदियों को गलती से किया रिहा

**लंदन , एजेंसी।** ब्रिटेन में एक बड़ी लापरवाही सामने आई है। लंदन की वैंड्सवर्थ जेल से दो कैदियों को गलती से रिहा कर दिया गया। पुलिस अब दोनों की तलाश में जुटी है। यह वही जेल है जहाँ पिछले साल एक कैदी खाने की गाड़ी के नीचे लटककर भाग गया था। लंदन मेट्रोपॉलिटन पुलिस के अनुसार, 24 वर्षीय ब्राहिम कद्दूर-शरीफ को 29 अक्टूबर को गलती से रिहा कर दिया गया। वह अल्जीरिया का नागरिक है और चोरी की नीयत से घुसपैठ के आरोप में सजा काट रहा था। पुलिस ने बताया कि वह यौन अपराधी के रूप में भी पंजीकृत है और कई नामों का इस्तेमाल करता है। वहीं, सरे पुलिस के अनुसार, 35 वर्षीय विलियम स्मिथ को सोमवार को धोखाधड़ी के कई मामलों में 45 महीने की सजा सुनाई गई थी, लेकिन उसी दिन गलती से रिहा कर दिया गया। पुलिस का कहना है कि स्मिथ के वोकिंग इलाके से संबंध हैं। इन घटनाओं से ब्रिटेन की जेल व्यवस्था पर सवाल उठ गए हैं। हाल ही में नई लेबर पार्टी सरकार ने सख्त निगरानी प्रणाली लागू की थी, लेकिन यह चूक उसके लिए बड़ी शर्मिंदगी का कारण बन गई है।

### इस्लामी उपदेशक जाकिर के बांग्लादेश में प्रवेश पर रोक

**ढाका, एजेंसी।** भारतीय मूल के विवादित इस्लामी उपदेशक जाकिर नाइक को बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने ढाका में प्रवेश की अनुमति नहीं देने का फैसला किया है। सरकार ने यह निर्णय भारत के कड़े विरोध के बाद लिया है, जिसमें भारत में जाकिर नाइक को वांछित घोषित होने की दलील दी गई थी। अंतरिम सरकार ने कानून-व्यवस्था कोर कमेटी की बैठक में विवादित इस्लामी उपदेशक को प्रवेश न देने का फैसला लिया। सूत्रों के हवाले से, दैनिक समाचार पत्र प्रोथोम अलो ने बताया कि बैठक में जाकिर नाइक की संभावित यात्रा पर चर्चा हुई। इसमें कहा गया, यदि जाकिर नाइक बांग्लादेश आते हैं, तो वहां भारी भीड़ होगी। रिपोर्ट में बताया गया कि भीड़ को नियंत्रित करने के लिए बड़ी संख्या में कानून प्रवर्तन कर्मियों की आवश्यकता होगी। नाइक की बांग्लादेश यात्रा को देखते हुए, फिलहाल वहां इतने सारे सदस्यों को तैनात करने का कोई अवसर नहीं है।

### हेलेन गार्नर को बैली गिफर्ड नॉन-फिक्शन पुरस्कार

**मेलबर्न, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलियाई लेखिका हेलेन गार्नर को उनकी किताब हाउ टू एंड अ स्टोरी के लिए प्रतिष्ठित बैली गिफर्ड नॉन-फिक्शन पुरस्कार से सम्मानित किया गया। 82 वर्षीय गार्नर को पुरस्कार राशि 65 लाख रुयये लंदन समारोह में दी गई। जूरी अध्यक्ष रॉबी मिलन ने बताया कि छह सदस्यों की समिति ने गार्नर को सर्वसम्मति से विजेता चुना। उनकी डायरी आधारित पुस्तक को उसकी ईमानदार अभिव्यक्ति और गहरी आत्मविश्लेषी शैली के लिए सराहा गया।

### भारत के राजदूत ने बेलारूस राष्ट्रपति से व्यापारिक सहयोग पर की चर्चा

**मिन्स्क, एजेंसी।** बेलारूस में भारत के राजदूत अशोक कुमार ने मंगलवार को राष्ट्रपति अलेक्जेंडर लुकाशेंको से मुलाकात की। इस दौरान दोनों देशों के बीच व्यापार और सहयोग बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा हुई। भारतीय दूतावास के अनुसार, बातचीत में द्विपक्षीय सहयोग के विभिन्न पहलुओं विशेषकर आर्थिक और वाणिज्यिक क्षेत्रों पर जोर दिया गया। इससे पहले 27-28 अक्तूबर को भारत-बेलारूस के बीच आठवें दौर की विदेश मंत्रालय स्तरीय वार्ता मिंस्क में हुई थी।

# पाकिस्तान बोला- तालिबानियों की एक कप चाय महंगी पड़ी

## डिप्टी पीएम ने कहा- आतंकियों से दोस्ती का खामियाजा भुगत रहे, इमरान इसके जिम्मेदार

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान के डिप्टी प्राइम मिनिस्टर और विदेश मंत्री इशाक डार ने बुधवार को तालिबान से दोस्ती को देश के लिए महंगा बताया। उन्होंने अफगानिस्तान से जुड़े आतंकवाद के लिए पूर्व पीएम इमरान खान को जिम्मेदार ठहराया। डार ने संसद में 2021 के एक घटना का जिक्र करते हुए कहा कि जब तत्कालीन ढ्डस्ढ्ढ चीफ लेफ्टिनेंट जनरल फैज हामिद काबुल गए थे। वहां चाय पीते हुए उन्होंने कहा था कि सब ठीक हो जाएगा। डार ने कहा कि अफगानिस्तान की उस एक कप चाय की आज तक देश को भारी कीमत चुकानी पड़ रही है।



**डार बोले- हजारों आतंकी पाकिस्तान लौट आए :** डार ने इमरान खान पर निशाना साधते हुए कहा कि उनकी सरकार ने तालिबान के सत्ता में आने के बाद बॉर्डर खोल दीं। इससे आतंकी वापस लौट आए। पाकिस्तानी-तालिबान, फित्ना अल-ख्वारिज और बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी जैसे ग्रुप अफगानिस्तान से हमले कर रहे हैं। डार ने कहा, जब हम वहां जाते हैं तो वे कहते हैं कि हम एक कप चाय के लिए आए हैंज अल्लाह सबकी मुश्किलें कम करे, लेकिन उस कप चाय की कीमत हमें सबसे ज्यादा चुकानी पड़ी है। डार ने कहा- उस चाय के प्याले ने पूरी सीमा फिर से खोल दी। 35-40 हजार तालिबानी जो यहां से भाग गए थे, फिर से वापस आ गए। इमरान सरकार ने उन आतंकियों को रिहा कर दिया जिन्होंने स्वात में पाकिस्तानी झंडे जलाए थे, लोगों को बेरहमी से मारा था। उस समय रिहा किए गए आतंकी आज बलूचिस्तान में हमलों के सरगना हैं। यह सब हमारे लिए एक सबक है।

**तालिबान के सत्ता में आने के बाद काबुल गए थे फैज हामिद :** तालिबान ने 15 अगस्त 2021 को काबुल के साथ ही करीब-करीब पूरे अफगानिस्तान पर कब्जा कर लिया था। दुनिया को पहले ही शक था कि पाकिस्तान फौज और ढ्डस्ढ्ढ तालिबान की पूरी मदद कर रही है। सितंबर 2021 की शुरुआत में जनरल फैज हमीद चुपचाप काबुल पहुंचे। यहां एक ही फाइव स्टार सेरेना होटल है। यहां वे तालिबान के आला नेताओं के साथ हाथ में चाय का प्याला लेकर कहकहे लगा रहे थे। संयोग से इसी होटल में ब्रिटेन की एक महिला जर्नलिस्ट मौजूद थी। उसने न सिर्फ फैज के फोटो लिए, बल्कि कुछ सवाल भी किए। इसके जवाब में फैज ने सिर्फ इतना कहा- ऑल इज वेल।

**आईएसआई चीफ की 1 महीने में ही चली गई नौकरी :** तालिबानी नेताओं से मुलाकात की यह खबर आग की तरह फैल गई। फैज के काबुल दौरे और तालिबान नेताओं से मुलाकात बाइडेन एडमिनिस्ट्रेशन को नागवार गुजरी। अमेरिका को लगा कि जनरल फैज तालिबान नेताओं के साथ मिलकर अफगानिस्तान में अमेरिकी शिकस्त का जश्न मना रहे हैं। अमेरिका और आर्मी चीफ जनरल बाजवा ने इमरान खान पर हामिद को हटाने का दबाव बनाया। ऐसे में काबुल के दौरे के एक महीने बाद ही हामिद को आईएसआई चीफ के पद से हटा दिया गया। पाकिस्तान-अफगानिस्तान में कई दिनों झड़प चल रही 2021 में अमेरिकी सेना के अफगानिस्तान से जाने के बाद तालिबान ने काबुल कब्जा लिया था। तब पाकिस्तान ने तालिबान का समर्थन किया था। इमरान खान ने इसे 'गुलामी की जंजीरें तोड़ना' कहा था। हालांकि अब सीमा पर दोनों देशों की झड़पें बढ़ गई हैं। पिछले महीने पाकिस्तानी एयरस्ट्राइक्स में दर्जनों लोग मारे गए थे। इसके बाद तालिबान ने जवाबी कार्रवाई की थी। बाद में तुर्किये और कतर की मध्यस्थता से सीजफायर हुआ, लेकिन हिंसा पूरी तरह रुक नहीं है।

**दोनों देशों के बीच पहले भी हुआ है तनाव :** अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच डूरंड लाइन को लेकर लंबे समय से विवाद है। दोनों देश एक-दूसरे पर हमले और आतंकियों को छिपाने का आरोप लगाते रहते हैं। 2021 में अफगानिस्तान हुकूमत पर तालिबान के कंट्रोल के बाद से तनाव और बढ़ गया है।

# मेक्सिको की राष्ट्रपति दिन-दहाड़े हुईं छेड़खानी का शिकार



**मेक्सिको सिटी, एजेंसी।** मेक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शीनबाम संग सड़क हुई पर छेड़छाड़ के बाद उन्होंने बुधवार को पूरे देश में यौन उत्पीड़न को अपराध घोषित करने की मांग की है। हमले के बाद पूरे देश में महिलाओं के सामने मौजूद खतरों को लेकर नई बहस भी शुरू हो गई है। इससे पहले 63 वर्षीय शीनबाम पर हमला तब हुआ जब वे मंगलवार को मेक्सिको सिटी में राष्ट्रपति भवन के पास समर्थकों का अभिवादन स्वीकार कर रही थीं।

जानकारी के मुताबिक क्लाउडिया एक सार्वजनिक कार्यक्रम में जा रही थीं। तभी अचानक एक शराबी शख्स उनके पास आया, उनके कंधे पर हाथ रखा और दूसरे हाथ से उनकी छाती को छुआ, साथ ही उनकी गर्दन को चूमने की कोशिश की। हालांकि राष्ट्रपति सुरक्षा दल के एक सदस्य ने उसे तुरंत दूर खींच लिया।

यह घटना कैमरे में कैद हो गई और बाद में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। अब देश भर में महिलाओं की सुरक्षा को लेकर सवाल पूछे जा रहे हैं। इस मामले में मेक्सिको के रिकॉर्ड भी चिंताजनक हैं। देश में यौन उत्पीड़न आम है और अधिकार समूह गंभीर संकट की चेतावनी दे रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र के आंकड़ों के अनुसार 15 वर्ष और उससे अधिक आयु की लगभग 70 प्रतिशत मेक्सिकन महिलाओं को अपने जीवन में कम से कम एक बार यौन उत्पीड़न का सामना करना पड़ता है। संयुक्त राष्ट्र का कहना है कि मेक्सिको में हर दिन औसतन 10 महिलाओं की हत्या होती है। घटना के बाद अब शीनबाम ने बुधवार को कहा है कि सरकार यौन उत्पीड़न से संबंधित राष्ट्रव्यापी कानून की जल्द से जल्द समीक्षा करेगी। एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने कहा, 'मेरी सोच यह है। अगर मैं शिकायत दर्ज नहीं कराउंगी, तो बाकी मैक्सिकन महिलाओं का क्या होगा? अगर राष्ट्रपति के साथ ऐसा हुआ, तो हमारे देश की सभी महिलाओं का क्या होगा?' राष्ट्रपति ने कहा, 'यह एक आपराधिक अपराध होना चाहिए और हम इसके लिए एक अभियान शुरू करने जा रहे हैं।'

# जी-20 सम्मेलन में शामिल नहीं होंगे ट्रंप, बोले- दक्षिण अफ्रीका को तो इसमें होना ही नहीं चाहिए

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि वह इस महीने के आखिर में दक्षिण अफ्रीका में होने वाले जी20 सम्मेलन में शामिल नहीं होंगे। ट्रंप ने बुधवार को मियामी में अमेरिका बिजनेस फोरम में कहा, 'मैं नहीं जा रहा हूं। दक्षिण अफ्रीका में जी20 की बैठक है। साउथ अफ्रीका को तो अब जी20 में होना ही नहीं चाहिए क्योंकि वहां जो हुआ है वह बुरा है। मैंने उनसे कह दिया है कि मैं नहीं जा रहा हूं। मैं वहां अपने देश का प्रतिनिधि नहीं करूंगा। उसे वहां नहीं होना चाहिए।'

**जी20 की अध्यक्षता अभी दक्षिण अफ्रीका के पास :** दक्षिण अफ्रीका ने 1 दिसंबर, 2024 को एक साल के लिए जी20 की अध्यक्षता संभाली थी और वह 22 से 23 नवंबर तक जोहान्सबर्ग में ग्रुप के नेताओं की बैठक की मेजबानी करेगा। यह पहली बार होगा जब त20 समिट अफ्रीकी धरती पर होगा। भारत दिसंबर 2022 से नवंबर 2023 तक जी20 का अध्यक्ष था और भारत की अध्यक्षता में सितंबर 2023 में नई दिल्ली में 18वां जी20 सम्मेलन का आयोजन किया था। तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन जी20 सम्मेलन में शामिल होने के लिए भारत आए थे।

जी20 समूह में 19 देश शामिल हैं, जिनमें अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील, कनाडा, चीन, फ्रांस, जर्मनी, भारत, इंडोनेशिया, इटली, जापान, दक्षिण कोरिया, मैक्सिको, रूस, सऊदी अरब, दक्षिण अफ्रीका, तुर्किए, ब्रिटेन और अमेरिका, साथ ही यूरोपियन यूनियन और अफ्रीकन यूनियन सदस्य हैं। भारत की जी20 अध्यक्षता के दौरान ही अफ्रीकन यूनियन को आधिकारिक तौर पर दुनिया की बड़ी अर्थव्यवस्था वाले देशों के समूह में स्थायी सदस्य के तौर पर शामिल किया गया। ट्रंप ने न्यूयॉर्क सिटी के नवनिर्वाचित मेयर जोहरान ममदानी को 'कम्युनिस्ट' कहकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि मियामी पीढ़ियों से उन लोगों का ठिकाना रहा है जो अफ्रीका में कम्युनिस्ट जुल्म से भागकर आए हैं। ट्रंप ने आगे कहा, 'देखिए साउथ अमेरिका के अलग-अलग हिस्सों में क्या हो रहा है। दुनिया के अलग-अलग हिस्सों में क्या हो रहा है।

# हजारों कुशल कर्मचारियों को नौकरी देगी कनाडा सरकार, बजट में एच1बी वीजा धारकों के लिए कई एलान

**ओटावा, एजेंसी।** अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन द्वारा एच1बी वीजा की फीस में भारी बढ़ोतरी के बीच कनाडा की मार्क कार्नी सरकार ने बड़ा दांव चला है। दरअसल मार्क कार्नी सरकार ने विदेशी कुशल कर्मचारियों को लुभाने के लिए एक अहम योजना का अपने बजट में एलान किया है। अमेरिका के एच1बी वीजा का लाभ पाने वालों में 70 प्रतिशत तक भारतीय कर्मचारी हैं। ऐसे में कनाडा सरकार की नई योजना से भारतीय कुशल कर्मचारियों को फायदा मिल सकता है। कनाडा सरकार ने बजट में तय किया 1.7 अरब डॉलर का फंड डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व वाले अमेरिकी प्रशासन ने बीते दिनों एच1बी वीजा की फीस बढ़ाकर एक लाख डॉलर सालाना कर दी है। इससे अमेरिका में जाकर काम करने का सपना देखने वाले कुशल तकनीकी पेशेवरों को भारी निराशा हुई। ट्रंप के इस कदम के बीच कनाडा सरकार ने मौका ढूंढा और शीर्ष अंतरराष्ट्रीय रिसर्चर्स और उच्च प्रशिक्षित तकनीकी पेशेवरों को लुभाने की खास पहल शुरू की है। इसके तहत कनाडा सरकार ने अपने बजट में 1.7 अरब डॉलर का फंड तय किया है, जिससे एक हजार से ज्यादा स्किल्ड रिसर्चर्स को कनाडा में नौकरी दी जाएगी। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के अनुसार, बजट में कहा गया है, 'इन रिसर्चर्स की दक्षता हमारी वैश्विक प्रतिस्पर्धा को आगे बढ़ाने और भविष्य की अर्थव्यवस्था में योगदान देने में मदद करेगी।' कनाडा सरकार ने कुशल कर्मचारियों को आकर्षित करने के लिए ॥-1क्ब वीजा धारकों के लिए एक 'एक्सेलरेटेड पाथवे' का भी एलान किया है। कनाडा अपनी नई अप्रवासन नीति के तहत 2026 से 2028 तक हर साल 380,000 स्थायी रेसिडेंट्स को लाने की योजना बना रहा है। हालांकि, कनाडा, विदेशी छात्रों के सालाना एडमिशन में कटौती जारी रखेगा। अस्थायी निवासियों की संख्या में कटौती कर रही कनाडा सरकार एक तरफ कनाडा कुशल तकनीकी पेशेवरों को लुभाने की कोशिश कर रहा है, वहीं यह अस्थायी रेसीडेंट्स की संख्या में भारी कमी कर रहा है। पहले साल 2026 में कनाडा सरकार की योजना 385,000 अस्थायी निवासियों को कनाडा का वीजा जारी करने की थी और अगले दो वर्षों के लिए यह आंकड़ा 370,000 था। अब कनाडा सरकार ने नए शिक्षा परमिट की संख्या में भारी कमी की है। ब्लूमबर्ग के अनुसार, अब नए लक्ष्यों के तहत 2026 में अस्थायी निवासियों की संख्या को घटाकर 155,000 और 2027 और 2028 दोनों में 150,000 कर दिया गया है।






# अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट में ट्रंप के वैश्विक टैरिफ पर सुनवाई, न्यायाधीशों ने कानूनी आधार पर उठाए सवाल


**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के सुप्रीम कोर्ट में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा लगाए गए वैश्विक टैरिफ (आयात शुल्क) को लेकर अहम सुनवाई शुरू हो गई है। यह मामला कई वर्षों में सुप्रीम कोर्ट के सामने आए सबसे महत्वपूर्ण आर्थिक मामलों में से एक माना जा रहा है। ऐसे में अदालत यह तय करेगी कि ट्रंप ने अन्य देशों पर व्यापक टैरिफ लगाकर कानूनी अधिकारों का सही उपयोग किया या नहीं।

मीडिया रिपोर्टस के अनुसार सुनवाई के दौरान ट्रंप के वकीलों को सुप्रीम कोर्ट के कई जजों, जिनमें एमी कोनी बैरेट, नील गोरसच और ब्रेट कवानॉ शामिल हैं, को कड़ी पूछताछ का सामना करना पड़ा। जस्टिस बैरेट ने सवाल उठाया कि ट्रंप प्रशासन ने एक संघीय कानून का उपयोग करके सभी देशों पर पारस्परिक टैरिफ क्यों लगाया, जबकि ऐसा करना आवश्यक नहीं था। बता दें कि सुनवाई में अमेरिकी ट्रेजरी अधिकारी स्कॉट बेसेंट भी मौजूद रहे। उन्होंने इससे पहले कहा था कि यह मामला आर्थिक आपातकाल से जुड़ा है और प्रशासन इसे बहुत गंभीरता से ले रहा है।

**सरकार किसी भी नतीजे के लिए तैयार- लेविट :** वहीं इस सुनवाई को लेकर व्हाइट हाउस प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने कहा कि सरकार किसी भी नतीजे के लिए तैयार है, लेकिन उसे विश्वास है कि कोर्ट ट्रंप के पक्ष में फैसला देगा। उन्होंने कहा कि हम राष्ट्रपति और उनकी टीम के कानूनी तर्कों पर पूरी तरह भरोसा करते हैं। सुप्रीम कोर्ट से हमें सही फैसला मिलने की उम्मीद है। इस दौरान लेविट ने इस बात पर भी जोर दिया कि यह मामला सिर्फ ट्रंप की नीतियों तक सीमित नहीं है, बल्कि भविष्य के राष्ट्रपतियों के लिए भी यह तय करेगा कि वे आर्थिक आपातकाल के नाम पर टैरिफ लगाने का अधिकार रखेंगे या नहीं।

**ट्रंप बोले- अगर हम जीतेंगे तो अमेरिका सुरक्षित :** हालांकि सुनवाई से पहले राष्ट्रपति ट्रंप ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रूथ सोशल पर पोस्ट कर अपनी प्रतिक्रिया दी थी। उन्होंने लिखा था कि कल का सुप्रीम कोर्ट केस हमारे देश के लिए सचमुच जीवन और मृत्यु जैसा है। अगर हम जीतते हैं तो अमेरिका आर्थिक और राष्ट्रीय रूप से सुरक्षित रहेगा, वरना दूसरे देश हमें लगातार नुकसान पहुंचाते रहेंगे। इस दौरान ट्रंप ने दावा किया कि उनके टैरिफ और व्यापार समझौतों के कारण अमेरिका का शेयर बाजार रिकॉर्ड ऊंचाई पर है और देश पहले से कहीं ज्यादा सम्मानित हुआ है।

# 'मैंने कभी इतने डरे हुए लोग नहीं देखे', ट्रंप ने चीनी राष्ट्रपति जिनपिंग से मुलाकात पर कही चौंकाने वाली



**वॉशिंगटन, एजेंसी।** रिपब्लिकन पार्टी के सीनेटर्स के साथ एक बैठक में राष्ट्रपति ट्रंप ने चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से दक्षिण कोरिया के बुसान में हुई हालिया मुलाकात का जिक्र किया। इस दौरान ट्रंप ने चीनी राष्ट्रपति के साथ बैठक में मौजूद चीनी अधिकारियों का मजाक उड़ाया और कहा कि मैंने अपने जीवन में कभी भी लोगों को इतने डरे हुए नहीं देखा। ट्रंप ने कहा कि वे लोग बिना हिले-डुले और सीधे बैठे हुए थे। ट्रंप ने मजाक में कहा कि मैं चाहता हूं कि मेरी कैबिनेट भी मेरे सामने ऐसे ही व्यवहार करे। ट्रंप के इतना कहने पर हॉल में मौजूद सभी लोग हंस पड़े।

**ट्रंप बोले- मैं चाहता हूं मेरी कैबिनेट भी ऐसा ही व्यवहार करे :** ट्रंप ने कहा कि 'शी जिनपिंग के साथ बैठक में दोनों तरफ छह-छह अधिकारी मौजूद थे। चीन के अधिकारी एक सीधे खड़े हुए थे।' इसके बाद ट्रंप ने खुद सावधान मुद्रा में खड़े होकर दिखाया कि वे किस तरह से खड़े थे। इस पर वहां मौजूद रिपब्लिकन सीनेटर हंस पड़े। ट्रंप ने आगे कहा कि 'मैंने एक से कुछ पूछा, लेकिन उसने कोई जवाब नहीं दिया। इस पर मैंने उससे पूछा कि क्या वे कुछ बोलना चाहेंगे? लेकिन मुझे कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। राष्ट्रपति जिनपिंग ने भी उसे कुछ नहीं बोलने दिया। मैं चाहता हूं कि मेरी कैबिनेट भी ऐसे ही व्यवहार करे।' ट्रंप बोले- मैंने अपने जीवन में इतने डरे हुए लोग नहीं देखे ट्रंप ने आगे कहा कि 'मैंने अपने जीवन में लोगों को इतना घबराए हुए नहीं देखा।

इसके बाद ट्रंप ने अपनी कैबिनेट के मंत्रियों की तरफ देखते हुए मजाक में कहा कि 'आप लोग ऐसे व्यवहार क्यों नहीं करते? जेडी वेंस बिल्कुल ऐसा नहीं करते। जेडी तो बल्कि बातचीत के बीच में ही कूद पड़ते हैं। मैं चाहता हूं कि कुछ हफ्तों के लिए ही सही जेडी भी ऐसा व्यवहार करें।' ट्रंप के इतना कहने पर जेडी वेंस ने भी सावधान मुद्रा दिखाई, जिस पर सभी लोग हंस पड़े। हालांकि डेमोक्रेटिक पार्टी के नेता डोनाल्ड ट्रंप की कैबिनेट पर भी उनकी चापलूसी करने का आरोप लगाते हैं। पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन की प्रेस सचिव रहीं जेन साकी ने कहा कि ट्रंप कैबिनेट के वरिष्ठ अधिकारियों के बीच लगता है कि ट्रंप को खुश करने की प्रतिस्पर्धा होती है कि कौन ट्रंप को ज्यादा खुश करेगा।

# बांग्लादेश में चुनाव प्रचार की शुरुआत में हिंसा: कई जगहों पर हमले और आगजनी

**ढाका, एजेंसी।** बांग्लादेश में फरवरी 2026 में होने वाले आम चुनावों के लिए प्रचार अभियान की शुरुआत के साथ ही कई जगहों पर हिंसा भड़क उठी है। इस दौरान चिटगांव में विपक्षी पार्टी बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के उम्मीदवार एरशाद उल्लाह को गोली लगने से घायल हो गए हैं, जबकि कुमिल्ला जिले में उपद्रवियों ने एक अन्य उम्मीदवार के घर में आग लगा दी।

**अंतरिम सरकार ने घटनाओं की कड़ी निंदा की :** वहीं अंतरिम सरकार ने इन घटनाओं की कड़ी निंदा करते हुए कहा है कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया के दौरान किसी भी प्रकार की हिंसा बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सरकार ने बताया कि शुरुआती जांच में पता चला है कि बीएनपी उम्मीदवार एरशाद उल्लाह इस हमले के मुख्य निशाने पर नहीं थे, बल्कि एक भटकी हुई गोली से घायल हो गए। सरकार ने बयान जारी कर कहा, 'हम इस आपराधिक घटना पर गहरी चिंता व्यक्त करते हैं और सभी उम्मीदवारों व नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। चिटगांव मेट्रोपॉलिटन पुलिस (सीएमपी) को सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं ताकि अपराधियों को जल्द पकड़ा जा सके।

**सुरक्षा एजेंसियों को आरोपियों को पकड़ने का आदेश जारी :** मुख्य सलाहकार ने सुरक्षा एजेंसियों को आदेश दिया है कि दोषियों को हर हाल में पकड़कर न्याय के दायरे में लाया जाए। उन्होंने कहा, 'हिंसा और डराने-धमकाने की राजनीति बांग्लादेश की सामाजिक और राजनीतिक संस्कृति में किसी भी रूप में स्वीकार्य नहीं है।' सरकार ने सभी राजनीतिक दलों और उनके समर्थकों से अपील की है कि वे शांति बनाए रखें और चुनावी प्रक्रिया को सम्मानजनक और शांतिपूर्ण बनाएं। बयान में कहा गया, 'सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि फरवरी का आम चुनाव स्वतंत्र, निष्पक्ष, विश्वसनीय और उत्सव जैसा माहौल लिए हो।



**बीएनपी ने जमात-ए-इस्लामी पर लगाया आरोप :** इस बीच बीएनपी ने जमात-ए-इस्लामी पर चुनावी माहौल खराब करने का आरोप लगाया है। पार्टी के नेताओं का कहना है कि जमात समर्थित छात्र संगठन की हाल की विश्वविद्यालय छात्र संघ (डीयूसीएसयू, आरयूसीएसयू, सीयूसीएसयू) में जीत के बाद देश में अस्थिरता बढ़ी है। बीएनपी उम्मीदवार अनवारुल हक ने कहा, 'जमात-ए-इस्लामी और कुछ सरकारी सलाहकार मिलकर देश का माहौल खराब कर रहे हैं। कुछ विदेशी ताकतें भी इसमें शामिल हो सकती हैं। हमारे देश के लोग धार्मिक जरूर हैं, लेकिन अतिवाद के खिलाफ हैं।

**कुमिल्ला जिले में बीएनपी प्रत्याशी के घर में आगजनी :** वहीं कुमिल्ला जिले के बीएनपी प्रत्याशी मोनोवार सरकार ने आरोप लगाया कि उनके घर को अज्ञात लोगों ने आग के हवाले कर दिया। उन्होंने कहा, 'शरारती तत्वों ने मेरे घर में कई चीजों को जला दिया। यह साफ संकेत है कि विपक्ष को डराने की कोशिश की जा रही है।

# महिला विश्व कप विजेता बेटियों का महाराष्ट्र में सम्मान, सीएम फडणवीस बोले- भारत ने बदला इतिहास

**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने आईसीसी महिला विश्व कप 2025 में भारत की जीत की सराहना की और इसे देश के लिए एक ऐतिहासिक क्षण बताया। उन्होंने विश्व कप घर लाने के लिए टीम की प्रशंसा की। फडणवीस ने क्रिकेटरों स्मृति मंधाना, जेमिमा रोड्रिग्स और राधा यादव से बातचीत की, जो महिला विश्व कप 2025 जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा थीं। बातचीत के दौरान, फडणवीस ने कहा कि यह एक खुशी का दिन है। महिला टीम ने विश्व कप जीता। पहले, हम विश्व कप को कुछ ही देशों में जाते देखते थे। लेकिन आपने सब कुछ बदल दिया और विश्व कप घर ले आए। आपने इतिहास रच दिया है।

आईसीसी महिला विश्व कप पर कब्जा करने का भारत का वर्षों पुराना सपना आखिरकार 2005 और 2017 के फाइनल में दो दिल टूटने के बाद एक वास्तविकता बन गया, क्योंकि उन्होंने फाइनल में एक शानदार प्रदर्शन करते हुए दक्षिण अफ्रीका को 52 रनों से हराया, जिसमें शेफाली वर्मा (87 और 2/36) और दीप्ति शर्मा (58 और 5/39) ने ऑलराउंड प्रदर्शन किया, जो लाखों लोगों के दिमाग में अंकित रहेगा और भविष्य के क्रिकेटरों के लिए प्रेरणा की कहानी के रूप में काम करेगा।

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री ने भारत की ऐतिहासिक आईसीसी महिला विश्व कप जीत पर गर्व व्यक्त करते हुए कहा कि यह देश और खासकर महाराष्ट्र के लिए बहुत सम्मान की बात है, जिसने टीम के प्रमुख खिलाड़ियों और मुख्य कोच का योगदान दिया। उन्होंने मीडिया से बात करते हुए कहा कि यह हम सभी के लिए बहुत गर्व की बात है कि हमारी महिला टीम ने आईसीसी महिला विश्व कप का खिताब जीता है... भारत ने इसे पहली बार जीता है... हमारी टीम ने प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति से मुलाकात की। हम उन्हें भी आमंत्रित करना चाहते थे, लेकिन हम भविष्य में पूरी टीम को आमंत्रित करेंगे। स्मृति मंदाना, जेमिमा रोड्रिग्ज, राधा यादव और कोच अमोल मजूमदार महाराष्ट्र से हैं, इसलिए हमने उनका स्वागत और सम्मान करने का फैसला किया। इन लड़कियों ने एक बार फिर भारतीय लड़कियों को सपने देखने के लिए प्रेरित किया है, और हमारी लड़कियां बड़े पैमाने पर खेल के मैदान में प्रवेश करेंगी।

उन्होंने कहा कि सरकार का एक निर्णय है कि जब कोई एथलीट अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अच्छा प्रदर्शन करता है, तो हम उसे लगभग 2.25 करोड़ रुपये पुरस्कार राशि के रूप में देते हैं। कोच को भी 25 लाख रुपये मिलते हैं। हमने आज उन्हें यह राशि दी, और हमने



उनके अन्य कोचों को भी 11 लाख रुपये का पुरस्कार दिया। लेकिन धन से अधिक, उन्होंने देश को जो सम्मान दिलाया है, वह हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण है।

# महिला विश्वकप सेमीफाइनल की हार से अब भी उबर नहीं पायी हैं एलिसा हीली



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सिडनी (ईएमएस)। ऑस्ट्रेलियाई महिला क्रिकेट टीम की कप्तान एलिसा हीली आईसीसी क्रिकेट विश्व कप 2025 के सेमीफाइनल में भारतीय टीम के खिलाफ मिली हार से अब तक नहीं उबर पायी हैं। ऑस्ट्रेलियाई टीम ने इस मैच में भारतीय टीम को जीत के लिए 339 रनों का विशाल लक्ष्य दिया था जिसे जेमिमा रोड्रिग्स के शतक से भारतीय टीम ने हासिल कर सभी को हैरान कर दिया था। इससे 7 बार की चैंपियन ऑस्ट्रेलियाई टीम मुकाबले से बाहर हो गयी। वहीं भारतीय टीम फाइनल में पहुंचकर विजेता बनी। हीली ने हालांकि कहा कि उन्हें अपनी टीम के प्रदर्शन पर गर्व है पर भारतीय टीम के खिलाफ हार को वह भूल नहीं पा रही हैं। उन्होंने कहा, मैं झूठ नहीं बोलूंगी, मैं बेहतर हो जाऊंगी। हमने पिछ्ल सात सप्ताह में काफी अच्छा क्रिकेट खेला पर भारतीय टीम से जीत नहीं पाये जिससे निराशा हुई पर मैं इस बात को लेकर उत्साहित हूं कि यह टीम अगले चक्र में क्या कर सकती है। हीली ने माना कि ऑस्ट्रेलिया और रन बना सकती थी। उन्होंने कहा, मुझे सच में लगा था कि हमने थोड़े कम रन बनाए। जब एलिस पेरी और फोएबे बल्लेबाजी कर रही थीं, तो हम 350 से ज्यादा रन बनाने की उम्मीद कर रहे थे। अगर हम वहां और प्रयास करते तो ये संभव हो जाता।

उन्होंने आगे कहा, हर कोई योगदान दे रहा था, हर कोई अपना सर्वश्रेष्ठ खेल रहा था, पर नॉकआउट मैच में परिणाम हमारे अनुसार नहीं रहा। यह दुखद है कि हमारे पास दिखाने के लिए कोई ट्रॉफी नहीं है। हीली ने यह भी कहा कि डीवाई पाटिल स्टेडियम की कि लाल मिट्टी वाली पिच दूधिया रोशनी में अलग तरह से व्यवहार करती रही है जिसे हम समझ नहीं पाये।

उन्होंने कहा, शुरुआत में विकेट धीमा था, और दूधिया रोशनी में यह आसानी से फिसलने लगा। हम शायद गेंद के साथ तालमेल बिठाने में उतने तेज नहीं थे और अंत में अपनी लेंथ से भटक गये। साइटस्क्रीन और लाइट्स के आसपास बहुत कुछ हो रहा था। यह निराशाजनक था। अगर मैं एक मिनट और रुकती, तो हम मैदान छोड़कर वापस आ जाते। हीली ने हालांक भारत के धैर्य की प्रशंसा की और इस जीत को खेल के लिए एक शानदार पल बताया।

# प्रतिका को जय शाह के हस्तक्षेप के बाद आईसीसी ने दिया विश्वकप पदक

**दुबई (एजेंसी)।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की सलामी बल्लेबाज प्रतीका रावल को भी अब विश्वकप पदक मिलेगा। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी)) ने चेयरमैन जय शाह के हस्तक्षेप के बाद प्रतीका को पदक देने का फैसला किया है। आईसीसी का नियम है कि विश्व कप विजेता पदक केवल उन्हीं 15 खिलाड़ियों को मिलता है जो दल का हिस्सा होते हैं। प्रतीका चोटिल हो जाने के कारण सेमीफाइनल से पहले बाहर हो गयीं थी। प्रतिका ने छह मैचों में 300 से अधिक रन बनाये थे और वह सबसे अधिक रन बनाने वाले खिलाड़ियों की सूची में शामिल थी। आईसीसी ने अब अपने नियम को बदलते हुए प्रतीका को पदक देना स्वीकार कर लिया है। प्रतीका को बांग्लादेश के खिलाफ लीग स्टेज के आखिरी मुकाबले के दौरान चोट लग गई थी।ऐसे में उनकी जगह दल में शेफाली वर्मा को शामिल किया गया था।

दल का हिस्सा होने की वजह से शेफाली को केवल 2 मैच खेलने के बाद भी विजेता का पदक मिला था पर लीग स्तर में शानदार प्रदर्शन करने वाली प्रतीका को नहीं मिला। जब प्रतीका रावल को मेडल नहीं मिला तो सोशल मीडिया पर प्रशंसकों ने आवाज उठाई और भारत की जीत में उनके योगदान के लिए आईसीसी पर दबाव बनाया। अब प्रतीका रावल ने कहा है कि आईसीसी प्रमुख जय शाह के कारण उन्हें पदक मिलने वाला है।


# रवि शास्त्री की इंग्लैंड को सलाह, एशेज जीतनी है तो ये तरीका अपनाएं

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के पूर्व कोच और ऑलराउंडर रवि शास्त्री ने इंग्लैंड क्रिकेट टीम को एशेज सीरीज जीतने के लिए अहम सलाह दी है। उन्होंने कहा कि बेन स्टोक्स की टीम को शुरुआती मैचों में लय बनानी होगी, क्योंकि शुरुआती जीत सीरीज का रुख तय कर सकती है। इंग्लैंड ने 2015 के बाद से कोई एशेज नहीं जीती है जिसमें 2019 और 2023 की सीरीज 2-2 से ड्रॉ रही थीं। वहीं, ऑस्ट्रेलिया में उनकी आखिरी जीत 2010-11 में 3-1 से आई थी। शास्त्री का मानना है कि इस बार इंग्लैंड के पास बेहतर मौका है।

### इंग्लैंड को चाहिए मजबूत शुरुआत

रवि शास्त्री, जिन्होंने 2017 से 2021 तक भारत के मुख्य कोच के रूप में कार्य किया, ऑस्ट्रेलिया की परिस्थितियों में जीत का अनुभव रखते हैं। भारत को उनके कार्यकाल में दो बार ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट सीरीज जीत मिली थी। उन्होंने कहा कि इंग्लैंड को ऑस्ट्रेलिया जैसी टीम को हराने के लिए लय और आत्मविश्वास जल्दी हासिल करना होगा।

शास्त्री ने स्थ्वहक्त ब्रेकफास्ट शो में कहा, 'अगर आप पिछली दो-तीन सीरीज देखें जो इंग्लैंड ने ऑस्ट्रेलिया में खेली हैं,



तो वे बुरी तरह हारे हैं। लेकिन इस बार उनके पास मौका है। अगर उनके तेज गेंदबाज पहले तीन टेस्ट में पूरी तरह फिट रहते हैं, तो वे शुरुआती बढ़त बना सकते हैं।' उन्होंने यह भी कहा कि इंग्लैंड की बल्लेबाजी लाइन-अप अब पहले से कहीं ज्यादा संतुलित है और 'बैजबॉल रणनीति' अगर सही समय पर काम करे, तो यह ऑस्ट्रेलिया को दबाव में डाल सकती है।

### पैट कमिंस की अनुपस्थिति, इंग्लैंड के लिए मौका

शास्त्री ने कहा कि ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस की अनुपस्थिति इंग्लैंड के लिए फायदेमंद हो सकती है। इस बार स्टीव स्मिथ कप्तान के रूप में टीम की कमान संभाल रहे हैं, और शास्त्री के अनुसार, यह इंग्लैंड के लिए 'अच्छा प्रदर्शन करने का सबसे बड़ा अवसर÷ है।

उन्होंने कहा, 'कमिंस के न खेलने से इंग्लैंड के पास सबसे अच्छा मौका है। उन्हें बस जल्दी तालमेल बिठाना होगा और शुरुआती टेस्ट में बढ़त बनानी होगी। अगर वे ऐसा कर लेते हैं, तो ऑस्ट्रेलिया पर मानसिक दबाव बन सकता है।' शास्त्री का मानना है कि ऑस्ट्रेलिया में शुरुआत में बढ़त बनाना ही सीरीज जीतने की कुंजी है क्योंकि एक बार घरेलू टीम रफ्तार पकड़ ले, तो उसे हराना मुश्किल हो जाता है।

### जेवियर बार्टलेट को टीम से बाहर रखने पर सवाल

रवि शास्त्री ने ऑस्ट्रेलिया की 15 सदस्यीय टीम के चयन पर भी अपनी राय दी और खासतौर पर तेज गेंदबाज ज़ेवियर बार्टलेट को बाहर रखने पर आश्चर्य जताया। 26 वर्षीय बार्टलेट ने हाल ही में ऑस्ट्रेलिया के लिए व्हाइट-बॉल क्रिकेट में डेब्यू किया था और सिर्फ 5 वनडे में 15 विकेट लेकर शानदार प्रदर्शन किया था। शास्त्री ने कहा, 'मैंने जब ऑस्ट्रेलिया की टीम देखी, तो मुझे लगा ज़ेवियर बार्टलेट को ज़रूर शामिल किया जाएगा। वह शानदार फॉर्म में हैं और टेस्ट क्रिकेट के लिए एक संभावित विकल्प माने जा रहे थे। फिर भी, यह ऑस्ट्रेलिया का मजबूत बॉलिंग अटैक है, खासकर पर्थ की तेज़ और उछालभरी पिच पर।'

### ऑस्ट्रेलिया की परिस्थितियों में इंग्लैंड के लिए चुनौती

शास्त्री ने यह भी माना कि भले ही इंग्लैंड का स्क्वाड संतुलित दिख रहा हो, लेकिन ऑस्ट्रेलिया की परिस्थितियों में खेलना हमेशा कठिन होता है। पर्थ और एडिलेड जैसी जगहों पर गेंदबाज़ों को बाउंस और स्विंग दोनों मिलती है, जिससे बल्लेबाजों के लिए बड़ी चुनौती खड़ी होती है। उन्होंने कहा, 'ऑस्ट्रेलियाई पिचें आसान नहीं होतीं। वहां बल्लेबाज को हर रन के लिए मेहनत करनी पड़ती है। अगर इंग्लैंड के गेंदबाज शुरुआती विकेट निकाल सकें और बल्लेबाज़ लंबे समय तक टिकें, तो सीरीज में उलटफेर संभव है।'

# टी20 में भारतीय टीम को हराने इन दो खिलाड़ियों पर लगाना होगा अंकुश : अश्विन

चेन्नई ।पूर्व स्पिनर आर अश्विन ने कहा है कि टी20 में भारतीय टीम को हराने के लिए विरोधी टीम को आक्रामक बल्लेबाज अभिषेक शर्मा और रहस्यमीय स्पिनर वरुण चक्रवर्ती पर अंकुश लगाना होगा जो बेहद कठिन है।अश्विन ने कहा, अभी तक मैं कह



रहा था कि तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह पर नियंत्रण रखना होगा पर अब मुझे लगता है कि जिस प्रकार से टिम डेविड ने वरुण पर नियंत्रण किया वैसा ही करना होगा। मुझे लगता है कि अगर टीमों को भारत से जीतना है तो वे अभिषेक और वरुण को निशाना बनाएंगी। अभिषेक के खिलाफ, हम इस सीरीज में उनकी बनाई रणनीति जरूर देखेंगे और वे उसे जरूर लागू करेंगे। जो भी टीमें आ रही हैं, वे विश्वकप की तैयारी के साथ आ रही हैं।वरुण के खिलाफ भी ऐसा ही होगा, क्योंकि इससे विरोधी टीमों को टी20 विश्व कप में बढ़त मिलेगी।अश्विन ने यह भी कहा कि ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज़ों ने अभिषेक को ऑफ स्टंप के बाहर वाइड एंगल से गेंदें डालकर उनकी आक्रामकता रोकने का प्रयास किया है।

# अक्षर ने बताया सफलता का राज



गोल्ड कोस्ट।ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चौथे टीम मैच में शानदार प्रदर्शन कर भारतीय टीम की जीत में अहम भूमिका निभाने वाले स्पिर ऑलराउंडर अक्षर पटेल ने कहा कि उन्होंने अपनी पिछली गलतियों सबक लेते हुए शॉट खेले जिसका लाभ उन्हें मिला।अक्षर ने इस मैच में 11 गेंदों में एक चौका और एक छक्का लगाकर नाबाद 21 रन बनाये। उन्होंने इस दौरान अंतिम ओवर में मार्कस स्टोइनिस के खिलाफ लगातार गेंदों पर चौका और छक्का भी लगाया।अक्षर ने गेंदबाजी में भी जबरदस्तम प्रदर्शन करते हुए दो विकेट लिए।भारत ने इस मैच को 48 रन से जीतकर सीरीज में 2-1 की बढ़त बना अक्षर को गेंद और बल्ले से अहम भूमिका निभाने के कारण प्लेयर ऑफ द मैच का अवार्ड भी मिला।

अक्षर ने ' कहा, '' मुझे पता था कि रन बनाना कठिन होगगा क्योंकि लगातार विकेट गिर रहे थे।ड्रेसिंग रूम से मुझे यही मैसेज मिला कि मुझे आखिरी ओवर क्रीज पर जमे रहो।'' साथ ही कहा, ''मैंने सोचा कि आखिरी ओवर में बड़े शॉट लगाउंगा।साइड की बाउंड्री की दूरी अधिक थी लेकिन मैंने सोचा कि अगर मैं अपनी लय बनाए रखूं और गेंद पर नजर रखूं तो मैं गेंद को बाउंड्री के पार भेज सकता हूं।'' उन्होंने कहा, ''मैंने पहले भी महसूस किया है कि अगर मैं बाउंड्री के आकार के बारे में सोचता था तो उस तरफ शॉट नहीं खेलता था।ऐसे में यह पहले से तय शॉट बन जाता था और मैं गलतियां कर बैठता था।मैंने पिछली गलतियों से सबक लेकर यहां अपने शॉट में सुधार किये।''

# भारतीय हॉकी के 100 साल पूरे: मंडाविया बोले- देश को ओलंपिक में मिली पहचान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय खेल प्राधिकरण (SAI) और हॉकी इंडिया ने शुक्रवार को नई दिल्ली के ऐतिहासिक मेजर ध्यानचंद राष्ट्रीय स्टेडियम में एक भव्य शताब्दी समारोह के साथ भारतीय हॉकी के 100 साल पूरे होने का जश्न मनाया। हॉकी इंडिया की प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, इस ऐतिहासिक अवसर पर केंद्रीय युवा मामले और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया, संसदीय और अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू, तमिलनाडु के उपमुख्यमंत्री थिरु उदयनिधि स्टालिन, ओडिशा के खेल और युवा सेवा मंत्री सूर्यवंशी सूरज, एफआईएच के अध्यक्ष दातो तैय्यब इकराम सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति, हॉकी के दिग्गज और राष्ट्रीय टीमों के सदस्य मौजूद थे।

यह समारोह खेल उत्कृष्टता, गौरव और एकता की एक शताब्दी का प्रतीक है, जो 1925 में भारतीय हॉकी की शुरुआत से लेकर आधुनिक युग में इसके पुनरुत्थान तक के सफ़र का सम्मान करता है। केंद्रीय खेल मंत्री डॉ. मंडाविया ने इस उपलब्धि का हिस्सा बनने पर गर्व व्यक्त करते हुए कहा, 'इस खेल ने कई पड़ाव देखे हैं, और ओलंपिक में हॉकी के माध्यम से ही हमने दुनिया को दिखाया कि भारत खेलों में क्या हासिल कर सकता है। हमने तब से कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। अपने समृद्ध इतिहास के साथ, भारतीय हॉकी एक बार फिर उभर रही है और एक और ओलंपिक पदक की ओर बढ़ रही है। आज जब देश भर में 1,000 से ज़्यादा मैच खेले जा रहे हैं, तो पूरा



भारत इस गौरवशाली क्षण का आनंद ले रहा है। भारत सरकार हमारे खिलाड़ियों और खेल का हर संभव तरीके से समर्थन करती रहेगी। मैं हॉकी इंडिया, खिलाड़ियों, कोचों और प्रशंसकों को इस उल्लेखनीय यात्रा का हिस्सा बनने के लिए बधाई देता हूँ।'

संसदीय एवं अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने इस ऐतिहासिक दिन पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा, 'मैं इस विशेष अवसर पर खेल के दिग्गजों के बीच उपस्थित होकर खुद को सौभाग्यशाली मानता हूँ। भारतीय हॉकी के लिए यह एक लंबी और प्रेरणादायक यात्रा रही है। मैं हॉकी इंडिया को वर्तमान सितारों के साथ-साथ हमारे महान खिलाड़ियों को सम्मानित करने और हमारे समृद्ध इतिहास को हमारे उज्ज्वल भविष्य के साथ जोड़ने के लिए बधाई देता हूँ। इस अविश्वसनीय यात्रा का हिस्सा रहे सभी लोगों को बधाई।'

एफआईएच के अध्यक्ष दातो तैय्यब इकराम ने कहा, 'भारतीय हॉकी के इस ऐतिहासिक पड़ाव का हिस्सा बनना खुशी की बात है। आज हम अपने दिग्गजों, खिलाड़ियों, प्रशंसकों और प्रशासकों के प्रति आभार व्यक्त करते हैं जिन्होंने इस यात्रा को आकार दिया है। भारत ने 100 वर्षों तक विश्व हॉकी में नेतृत्व किया है, लचीलापन और नवीनता का प्रदर्शन किया है। मैं भारत सरकार और हॉकी इंडिया को उनके निरंतर समर्थन के लिए धन्यवाद देता हूँ। टोक्यो और पेरिस ओलंपिक में भारत का पुनरुत्थान उसकी ताकत दर्शाता है, और मुझे विश्वास है कि अगले 100 वर्ष भारतीय हॉकी के लिए और भी उज्जवल होंगे।'

डॉ. मनसुख मंडाविया की अगुवाई वाली खेल मंत्री एकादश और डॉ. दिलीप तिर्की की अगुवाई वाली हॉकी इंडिया एकादश के बीच एक प्रदर्शनी मैच ने दिन का आगाज किया। इस मैच में खेल मंत्रालय एकादश ने ब्यूटी डुंगडुंग, सलीमा टेटे और कृष्णा पाठक के गोलों की बदौलत 3-1 से जीत हासिल की, जबकि हॉकी इंडिया एकादश के लिए मनप्रीत सिंह ने गोल किया।

# अंगोला के खिलाफ मैत्री मैच में अर्जेंटीना की टीम की अगुवाई करेंगे मेसी



ब्यूनस आयर्स ।लियोनेल मेसी 14 नवंबर को लुआंडा में अंगोला के खिलाफ होने वाले मैत्री मैच में अर्जेंटीना की टीम की अगुवाई करेंगे।मैनेजर लियोनेल स्कालोनी ने गुरुवार को 24 सदस्यीय टीम की घोषणा की, जिसमें तीन नए खिलाड़ी शामिल हैं। बेनफिका के विंगर जियानलुका प्रेस्टियानी, स्ट्रासबर्ग के फॉरवर्ड जोआक्विन पैनिकेली और कोमो के मिडफील्डर मैक्सिमो पेरोन दक्षिण अमेरिकी चैंपियन के लिए चुने गए नए खिलाड़ियों में शामिल हैं।14 नवंबर को लुआंडा में होने वाला यह मुकाबला आगामी फीफा अंतररष्ट्रीय सत्र में दक्षिण अमेरिकी टीम का एकमात्र मैत्रीपूर्ण मैच होगा।जैसा कि अपेक्षित था, मेसी एक आक्रामक टीम की अगुवाई करेंगे जिसमें लुटारो मार्टिनेज और जूलियन अल्वारेज भी शामिल हैं।मौजूदा विश्व कप और कोपा अमेरिका चैंपियन गोलकीपर एमिलियानो मार्टिनेज के बिना मैदान में उतरेंगे, जो पिंडली की चोट से उबर रहे हैं।यह मैत्री मैच 2026 फीफा विश्व कप से पहले, जो संयुक्त राज्य अमेरिका, मेक्सिको और कनाडा में खेला जाएगा, स्कोलोनी के लिए इस टीम के साथ प्रयोग करने का आखिरी मौका होगा।

**अर्जेंटीना टीम :** गोलकीपर - गेरोनिमो रुल्ली, वाल्टर बेनिटेज।

डिफेंडर - नहुएल मोलिना, जुआन फोयथ, क्रिस्टियन रोमेरो, निकोलस ओटामेंडी, माकरस सेनेसी, निकोलस टैग्लियाफिको, वैलेंटिन बाकर।

मिडफील्डर - एलेक्सिस मैक एलिस्टर, मैक्सिमो पेरोन, रोड्रिगो डी पॉल, एंजो फर्नांडीज, थियागो अल्माडा, जियोवानी लो सेल्सो, निकोलस पाज।

फॉरवर्ड - लियोनेल मेसी, गिउलिआनो शिमोन, जियानलुका प्रेस्टियानी, निकोलस गोंजालेज, लुटारो मार्टिनेज, जोस मैनुअल लोपेज, जूलियन अल्वारेज, जोकिन पैनिचेली।

# 'मुझे लग रहा था कि वह उस दिन कुछ खास करेगी', महिला विश्व कप फाइनल में इस प्लेयर के प्रदर्शन पर बोली प्रतिका

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मनोविज्ञान की छात्रा होने के नाते प्रतिका रावल को थोड़ी समझ है कि मानव मस्तिष्क किस तरह काम करता है और उनकी अंतरात्मा से उन्हें महसूस हुआ कि विश्व कप नॉकआउट में उनकी जगह लेने वाली शेफाली वर्मा फाइनल में कुछ खास करेगी। हालांकि प्रतिका टखने और घुटने की चोट के कारण अपने करियर के सबसे अहम दो मैच में खेलने से चूक गईं लेकिन उनका शेफाली के बारे में अंदाजा बिलकुल सही रहा।

प्रतिका ने कहा, 'शेफाली को प्रेरणा की जरूरत नहीं है। फाइनल से पहले वह मेरे पास आई और बोली, 'मुझे सच में अफसोस है कि तुम नहीं खेल सकती' और मैंने उससे कहा कि कोई बात नहीं, ऐसी चीजें होती रहती हैं। मुझे लग रहा था कि वह उस दिन कुछ खास करेगी।' प्रतिका ने टूर्नामेंट में 308 रन बनाए जिससे वह लौरा वोल्वार्ट (571), स्मृति मंधाना (434) और एशले गार्डनर (328) के बाद चौथे स्थान पर रहीं। लेकिन भारत के बांग्लादेश के खिलाफ आखिरी ग्रुप लीग मैच में चोटिल हो गई।

उन्होंने कहा, 'मुझे यह नहीं कहना चाहिए कि मैं अभी मनोवैज्ञानिक हूं क्योंकि मैंने अपनी मास्टर डिग्री पूरी नहीं की है। लेकिन मनोविज्ञान का अध्ययन करने वाली एक छात्रा के तौर पर मुझे मानवीय भावनाओं को बेहतर ढंग से समझने में मदद मिली जिसमें मेरी अपनी भावनाएं भी शामिल हैं।' प्रतिका ने कहा, 'पहली बात कि जो हो गया उसे स्वीकार करें। आप उसे वापस नहीं ला सकते। एक बार जब मैंने चोट को स्वीकार कर लिया तो मैंने केवल उन चीजों पर ध्यान केंद्रित किया जिन पर मैं नियंत्रण कर सकती थी और वो था चोट से उबरना, नींद लेना, पोषण और टीम का समर्थन करते रहना।'

उन्होंने कहा, 'मुझे चोट लगने से निराशा जरूर हुई लेकिन मैं इससे हताश नहीं हुई। मेरे पिताजी हमेशा मेरे साथ थे, मेरे कोच मेरा हालचाल पूछते रहते थे, मेरी मां और भाई के रोज फोन करते थे। मेरे पास एक बहुत अच्छा 'सपोर्ट सिस्टम' है। उन्होंने मुझे निराश या अकेला महसूस नहीं होने दिया।'

उन्होंने स्वीकार किया कि पिछले रविवार को जब उनकी साथी खिलाड़ी मैदान पर उन्हें (व्हीलचेयर पर) जश्न मनाने के लिए ले गईं तब उन्हें विश्वास ही नहीं हो रहा था। उन्होंने कहा, 'मुझे इस बात को स्वीकार करने में बहुत समय लगेगा कि हमने विश्व कप जीत लिया है।' इस युवा बल्लेबाज ने जीत के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात के दौरान के हल्के-फुल्के पलों को साझा करते हुए कहा, 'उन्होंने मुझे भेल खाने की पेशकश की क्योंकि मैं व्हीलचेयर पर थी। मैंने सोचा, 'यह अब तक की सबसे महंगी भेल है!'



# मुम्बई इंडियंस ने हरमनप्रीत को दूसरे, नैट साइवर-ब्रंट को पहले नंबर पर रिटेन किया

मुम्बई( ।महिला प्रीमियर लीग (डब्लयूपीएल) नीलामी में भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर को मुम्बई इंडियंस ने दूसरे नंबर पर रिटेन किया ।विश्वकप जीतने के बाद दूसरी सबसे ज्यादा मांग हरमनप्रीत कौर की है।इसके बाद भी उन्हें दूसरे नंबर पर रखा गया है।वहीं पहले नंबर पर इंग्लैंड की कप्तान नैट साइवर-ब्रंट को रखा गया है।नीलामी के लिए सभी छह फ्रैंचाइजी ने अपनी रिटेंशन सूची जारी कर दी है।इसमें बड़े नाम अपनी टीम के साथ बरकरार हैं तो कई खिलाड़ियों को रिलीज कर दिया गया है।हरमनप्रीत को दूसरे नंबर पर रिटेन होने के कारण एक करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है पर उन्होंने रिटेंशन के लिए सहमति दे दी है।अब उनकी जगह इंग्लैंड की कप्तान नैट साइवर-ब्रंट को सबसे ज्यादा पैसे मिलेंगे।नैट को जहां मुंबई इंडियंस से 3.5 करोड़ रुपये मिलेंगे, जबकि हरमनप्रीत को 2.5 करोड़ रुपये मिलेंगे।हरमन को साल 2023 में पहली नीलामी के बाद पिछले तीन सत्र में 1.8 करोड़ रुपये मिले थे।नैट साइवर-ब्रंट हरमनप्रीत की कप्तानी वाली मुम्बई इंडियंस टीम की सबसे अहम खिलाड़ी रही हैं।नैट 1072 रनों के साथ ही टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाली खिलाड़ी हैं। वह 32 विकेट लेकर पांचवीं सबसे ज्यादा विकेट लेने वाली गेंदबाज भी हैं।नताली लेस्बियन हैं और उनकी शादी कैथरीन ब्रंट से हुई है।कैथरीन भी दिग्गज क्रिकेटर रहीं हैं।इस जोड़ी ने मिलकर इंग्लैंड को 2017 का महिला विश्व कप जिताया था।

विशाल इंडिया
हिन्दी दैनिक



गौतमबुद्धनगर
शनिवार 08 नवंबर 2025
Www.vishalindia.in

## केंद्रीय श्रम मंत्रालय की दो दिवसीय बैठक 11 नवंबर से

**नई श्रम और रोजगार नीति पर होगी विस्तृत चर्चा, सामाजिक सुरक्षा बढ़ाने पर भी जोर**

**नई दिल्ली** केंद्रीय श्रम मंत्रालय राष्ट्रीय श्रम और रोजगार नीति को अंतिम रूप देने के लिए 11 नवंबर से दो दिवसीय बैठक आयोजित करेगा। इस बैठक में सभी राज्य और केंद्रशासित प्रदेश हिस्सा लेंगे। बैठक का मुख्य उद्देश्य हाल ही में जारी श्रम नीति मसौदे पर राज्यों के साथ सहमति बनाना है। मंत्रालय ने बताया कि यह मसौदा श्रम शक्ति नीति 2025 के तहत जारी किया गया और यह पहला प्रयास है जिसमें सार्वजनिक परामर्श के जरिए नीति बनाई जाएगी। बैठक में संगठित और असंगठित क्षेत्रों में सामाजिक सुरक्षा का विस्तार भी प्रमुख एजेंडा होगा। सूत्रों ने बताया कि श्रम संहिताओं पर इस बैठक में चर्चा शामिल नहीं है। मंत्रालय का कहना है कि श्रम नीति राज्यों और केंद्र दोनों के लिए महत्वपूर्ण है और इसमें प्राप्त टिप्पणियों पर विचार किया जाएगा।

## स्टड्स एक्सेसरीज आईपीओ शेयर निर्गम मूल्य से नीचे खुला

**नई दिल्ली** स्टड्स एक्सेसरीज लिमिटेड का शेयर शुक्रवार को बीएसई पर 570 रुपये और एनएसई पर 565 रुपये पर खुला, जो निर्गम मूल्य 585 रुपये से क्रमशः 2.56 और 3.41 फीसदी कम है। कंपनी का आईपीओ 455 करोड़ रुपये का था, मूल्य दायरा 557-585 रुपये प्रति शेयर। लिस्टिंग के समय मार्केट कैप 2,255.54 करोड़ रुपये रहा। आईपीओ पर 73.25 गुना अभिदान हुआ, लेकिन लिस्टिंग पर शेयर अपने निर्गम मूल्य से नीचे आया।

## मोटर वाहन की बिक्री में 21 फीसदी की सालाना वृद्धि

**त्योहारों के दौरान रिकॉर्ड वाहन बिके**

**नई दिल्ली** देश में मोटर वाहनों की खुदरा बिक्री में इस साल 42-दिवसीय त्योहारों की अवधि में 21 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (फाडा) के अनुसार, इस अवधि के दौरान कुल **52,38,401 इकाई बिकीं, जबकि पिछले साल यह 43,25,632 इकाई थी। फाडा के एक प्रमुख अे धिकारी ने कहा कि सभी श्रेणियों में अब तक की सबसे अधिक बिक्री दर्ज हुई। त्योहारों के दौरान यात्री वाहनों की बिक्री 7,66,918 इकाई रही, जो पिछले साल 6,21,539 इकाई थी। कॉम्पैक्ट और सब-4 मीटर कार में जोरदार उछाल देखने को मिला। जीएसटी 2.0 के कारण कीमतों में कमी और मध्यम वर्ग की बढ़ी खरीदारी इस वृद्धि का मुख्य कारण रही। कई मॉडल की बिक्री इतनी तेज़ थी कि आपूर्ति मांग से पीछे रह गई। दोपहिया वाहनों की बिक्री 40,52,503 इकाई तक पहुंची, सालाना आधार पर 22 प्रतिशत की बढ़त दर्ज हुई। ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर आर्थिक माहौल, नकदी की स्थिति में सुधार और इलेक्ट्रिक वाहनों में बढ़ती रुचि ने इस वृद्धि में योगदान दिया। तिपहिया और वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री में क्रमशः 9 प्रतिशत और 15 प्रतिशत की वृद्धि हुई। अक्टूबर में मोटर वाहनों की बिक्री सालाना आधार पर 41 प्रतिशत बढ़ी। यात्री वाहन 11 प्रतिशत, दोपहिया वाहन 52 प्रतिशत, तिपहिया वाहन 5 प्रतिशत और वाणिज्यिक वाहन 18 प्रतिशत बढ़कर बिके।

## गूगल मैप्स में एआई चैटबॉट जेमिनाई का एकीकरण, भारत में जल्द होगा लॉन्च

**नई दिल्ली** गूगल मैप्स ने अपने लार्ज लैंग्वेज मॉडल (एलएलएम) जेमिनाई को ऐप में शामिल करने की घोषणा की है। इसका उद्देश्य उपयोगकर्ताओं को वाहन चलाते समय रेस्तरां, दुकानें और अन्य स्थानों की संक्षिप्त और सटीक जानकारी प्रदान करना है। एआई संचालित चैटबॉट जेमिनाई मैप्स की समीक्षा और वेब सामग्री का विश्लेषण करेगा। इससे उपयोगकर्ताओं को पार्किंग की संभावित उपलब्धता और अन्य महत्त्वपूर्ण विवरण पहले ही पता चल सकेंगे। गूगल मैप्स अब सक्रिय ट्रैफिक अलर्ट सुविधा पेश करेगा। यह सड़क पर आने वाली बाधाओं, देरी और अनुमानित यात्रा समय की जानकारी देगा। इसके अलावा, नागरिक प्राधिकरणों से प्राप्त डेटा के आधार पर दुर्घटना की आशंका वाले क्षेत्रों की चेतावनी भी दी जाएगी। स्पीडोमीटर के पास वास्तविक गति सीमा प्रदर्शित की जाएगी, जिससे ड्राइविंग में अधिक आत्मविश्वास मिलेगा। गूगल मैप्स की महाप्रबंधक ललिता रमानी के अनुसार, यह सुविधा जल्द ही भारत में उपलब्ध होगी और उपयोगकर्ताओं को सुरक्षित, सटीक और व्यावहारिक नेविगेशन अनुभव प्रदान करेगी।

# अमेरिकी दबाव के बीच भारत ने बदले पेट्रोलियम निर्यात के रास्ते

**▸▸ भारत ने जॉर्डन, हॉन्गकॉन्ग और स्पेन जैसे नए देशों में बढ़ाया निर्यात**

**नई दिल्ली**

अमेरिकी दबाव और वैश्विक ऊर्जा बाज़ार में बदलती परिस्थितियों के बीच भारत के पेट्रोलियम उत्पादों के निर्यात के स्वरूप में बड़ा बदलाव देखने को मिल रहा है। वित्त वर्ष 2026 की पहली छमाही (अप्रैल-सितंबर) में भारत के पेट्रोलियम उत्पादों के शिपमेंट में मात्रा के आधार पर 5.6 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है। कुल निर्यात में पेट्रोलियम उत्पादों की हिस्सेदारी भी घटकर 13.8 प्रतिशत रह गई, जो पिछले वर्ष की समान अवधि में 17.1 प्रतिशत थी। डॉनल्ड ट्रंप के जनवरी 2025 में अमेरिकी राष्ट्रपति बनने के बाद से भारत पर रूसी कच्चे तेल की खरीद रोकने के लिए दबाव बढ़ा है। अमेरिका ने 7 अगस्त को भारत पर 25 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क लगाया, जिससे कुल शुल्क दर 50 प्रतिशत तक पहुंच गई।

साथ ही यूरोपीय संघ के देशों को भी भारत से पेट्रोलियम उत्पाद न खरीदने की सलाह दी गई। इसके परिणामस्वरूप नीदरलैंड ने भारत से आयात में 20.4 प्रतिशत, फ्रांस ने 85 प्रतिशत और इंडोनेशिया ने 81.1 प्रतिशत की कमी की। हालांकि, इन परंपरागत बाज़ारों में गिरावट की भरपाई भारत ने नए देशों में निर्यात बढ़ाकर की है। वित्त वर्ष 2026 की पहली छमाही में जॉर्डन को निर्यात 18,086 प्रतिशत, हॉन्गकॉन्ग को 17,006 प्रतिशत, स्पेन को 13,436 प्रतिशत और फिलीपींस को 2,235 प्रतिशत बढ़ा। वहीं चीन और अर्जेंटीना जैसे देशों में भी भारतीय पेट्रोलियम उत्पादों की मांग दोगुनी हो गई।

## भारत का अब तक का सबसे बड़ा आईपीओ लाएगी जियो

**170 अरब डॉलर तक पहुंच सकता है वैल्यूएशन**

**नई दिल्ली** रिलायंस इंडस्ट्रीज की टेलीकॉम कंपनी जियो प्लेटफॉर्म्स लिमिटेड के लिए इनवेस्टमेंट बैंकरों ने 130 अरब डॉलर से 170 अरब डॉलर तक के वैल्यूएशन का सुझाव दिया है। अगर यह 170 अरब डॉलर तक पहुंचता है, तो जियो भारती एयरटेल (12.7 ट्रिलियन) को पीछे छोड़कर भारत की शीर्ष कंपनियों में शामिल हो जाएगी। मुकेश अंबानी ने अगस्त में कहा था कि जियो की लिस्टिंग 2026 की पहली छमाही में हो सकती है। यह रिलायंस का पहला बड़ा आईपीओ होगा जब से रिलायंस पेट्रोलियम ने 2006 में बाजार में कदम रखा। नए नियमों के तहत 5 ट्रिलियन से अधिक वैल्यू वाली कंपनियों को कम से कम 15,000 करोड़ रुपए के शेयर बेचना होंगे और केवल 2.5 फीसदी हिस्सेदारी सार्वजनिक करनी होगी। सितंबर 2025 तक जियो के पास 50.6 करोड़ ग्राहक थे।

## भारत में बड़े वैश्विक बैंक बनाने की तैयारी

**वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए बैंकिंग मजबूत करने की पहल**




**नई दिल्ली** भारत अब दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है, लेकिन अभी कोई भी भारतीय बैंक विश्व के शीर्ष 10 बैंकों में शामिल नहीं है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 12वें एसबीआई बैंकिंग एंड इकॉनमिक्स सम्मेलन में कहा कि देश को ऐसे बैंक चाहिए जो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मुकाबला कर सकें। इस दिशा में सरकार, आरबीआई और बैंकों के बीच सक्रिय चर्चा जारी है। सीतारमण ने उद्योग जगत को कर्ज की उपलब्धता बढ़ाने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने भरोसा जताया कि जीएसटी दरों में कटौती से मांग बढ़ेगी, जिससे निवेश और आर्थिक गतिविधियों में तेजी आएगी। इसके साथ ही सरकार बुनियादी ढांचे के निर्माण पर लगातार ध्यान दे रही है, और पिछले दशक में पूंजीगत खर्च में पांच गुना वृद्धि हुई है। वित्त मंत्री ने स्पष्ट किया कि केवल बैंक विलय से बड़ा बैंक नहीं बनता। इसके लिए ऐसा वातावरण तैयार करना होगा जिसमें कई बड़े बैंक विकसित हो सकें। उन्होंने माना कि इस दिशा में अंतिम निर्णय से पहले बहुत काम बाकी है और आरबीआई की भूमिका अहम रहेगी। सरकार ने पिछले कुछ वर्षों में कई सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों का विलय किया है। 2017 में 27 सरकारी बैंकों की संख्या घटाकर 12 कर दी गई।

# शेयर बाजार गिरावट पर बंद

**मुंबई**




भारतीय शेयर बाजार शुक्रवार को गिरावट पर बंद हुआ। सप्ताह के अंतिम कारोबारी दिन बाजार में ये गिरावट दुनिया भर से मिले कमजोंर संकेतों के साथ ही बिकवाली हावी रहने से आई है। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 94.73 अंक करीब 0.11 फीसदी नीचे आकर 83,216.28 और 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 17.40 अंक टूटकर 25,492.30 पर बंद हुआ। लार्जकैप की जगह पर मिडकैप स्टॉक्स में तेजी देखी गयी। निफ्टी मिडकैप इंडेक्स 374.55 अंक बढ़कर 59,843.15 पर था। हालांकि, स्मॉलकैप शेयरों में हल्की गिरावट हुई और निफ्टी स्मॉलकैप इंडेक्स 29.05 अंक नीचे आकर 18,075.95 पर बंद हुआ था। सेक्टोरल आधार पर, निफ्टी मेटल , निफ्टी फाइनेंशियल सर्विसेज , निफ्टी पीएसयू बैंक , निफ्टी प्राइवेट बैंक और निफ्टी कमोडिटीज तेजी के साथ बंद हुए। दूसरी तरफ, निफ्टी आईटी , निफ्टी फार्मा , निफ्टी एफएमसीजी और निफ्टी इन्फ्रा में गिरावट रही।

सेंसेक्स पैक में टाटा स्टील, एमएंडएम, बजाज फिनसर्व, आईसीआईसीआई बैंक, बीईएल, अदाणी पोर्ट्स, इन्फोसिस, पावर ग्रिड, एशियन पेंट्स, सन फार्मा, कोटक महिंद्रा बैंक के शेयर लाभ में रहे जबकि थे। टेक महिंद्रा, ट्रेंट, एचसीएल टेक, एचयूएल, आईटीसी, टीसीएस, अल्ट्राटेक सीमेंट के शेयर नीचे आये।

इससे पहले आज सुबह भारतीय बाजार की शुरुआत गिरावट के साथ हुई थी।

शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 83,150.15 पर खुला, जबकि इसका पिछला बंद स्तर 83,311.01 था। वहीं निफ्टी 25,433.80 पर खुला जो इसके पिछले बंद स्तर 25,509.70 से नीचे था। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स करीब 500 अंकों तक गिर गया और निफ्टी 25,400 के नीचे फिसल गया। बाजार की गिरावट का मुख्य कारण कमजोर वैश्विक संकेत बताए जा रहे हैं।

एशियाई एशिया-प्रशांत के बाजारों में शुक्रवार सुबह गिरावट देखने को मिली। जापान का निक्कई 225 इंडेक्स 1.38 फीसदी गिरा, दक्षिण कोरिया का कोस्पी 0.46 फीसदी नीचे आया और ऑस्ट्रेलिया का एसएंडपी, एएसएक्स 200 0.27 फीसदी टूट गया। यह गिरावट इसलिए आई क्योंकि अमेरिकी शेयर बाजार (वॉल स्ट्रीट) में भी कल नुकसान हुआ था। इसके अलावा, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) कंपनियों के शेयर बहुत महंगे हो गए हैं जिससे निवेशकों में चिंता बढ़ी है।

# रिपोर्ट: भारत का रियल एस्टेट सेक्टर का आकार 2047 तक 10 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचेगा

**गुरुग्राम**



भारत के रियल एस्टेट सेक्टर का आकार 2047 तक 5-10 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच सकता है, जो फिलहाल करीब 0.3 ट्रिलियन डॉलर है। यह जानकारी एक रिपोर्ट में दी गई। रिपोर्ट में कहा गया कि इस क्षेत्र का योगदान 2047 तक देश की जीडीपी में 14-20 फीसदी तक होगा और यह देश के विकास के आधार के रूप में काम करेगा।

भारत के भविष्य के विकास गलियारों का निर्माण शीर्षक वाली इस रिपोर्ट में छोटी अवधि के रुझानों और मुख्य क्षेत्रों जैसे आवासीय, कार्यालय, खुदरा, औद्योगिक और वेयरहाउसिंग के साथ-साथ वरिष्ठ नागरिकों के लिए आवास, को-लीविंग और डेटा सेंटर्स जैसे उभरते अल्टरनेटिव एसेट क्लास के बारे में बताया है। इनमें से ज्यादातर रुझानों को सरकार द्वारा संचालित सुधार और नीतिगत पहलों और तेज शहरीकरण, जनसांख्यिकीय बदलाव, इन्फ्रास्ट्रक्चर में वृद्धि और तकनीकी संचालित इनोवेशनों से सपोर्ट मिल रहा है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि ये विकास इंजन मिलकर एक गुणक प्रभाव पैदा कर रहे हैं, रियल एस्टेट एसेट्स सेगमेंट में रोजगार और मांग को बढ़ावा दे रहे हैं, संस्थागत पूंजी को आकर्षित कर रहे हैं और देश भर में विकास के नए रास्ते खोल रहे हैं।

सीआईआई कार्यक्रम को संबोधित करते हुए, केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय की उप सचिव हरलीन कौर ने कहा कि भारत का इन्फ्रास्ट्रक्चर विस्तार रियल एस्टेट परिदृश्य को नया रूप दे रहा है, नए विकास गलियारों को खोल रहा है और टियर-2 और 3 शहरों का कायाकल्प कर रहा है। रियल एस्टेट और इन्फ्रास्ट्रक्चर दो अहम क्षेत्र हैं जो एक-दूसरे को मजबूत करने का काम करते हैं।

## पेटीएम की तिमाही आय में 24 फीसदी की वृद्धि, लाभप्रदता में सुधार

**नई दिल्ली** पेटीएम की मूल कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड ने चालू वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही में राजस्व में 24 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है। इस दौरान कंपनी की परिचालन आय 2,061 करोड़ रुपये रही। भुगतान और वित्तीय सेवाओं के व्यवसायों में निरंतर वृद्धि इसे मुख्य कारण बताया गया। कंपनी ने एकमुश्त प्रावधान से पहले 211 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया। चालू तिमाही में शुद्ध लाभ 21 करोड़ रुपये रहा, जो पिछली तिमाही की तुलना में बेहतर प्रदर्शन दर्शाता है। कर पूर्व आय 142 करोड़ रुपये रही। 190 करोड़ रुपये का प्रावधान संयुक्त उपक्रम फर्स्ट गेम्स टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड को दिए गए ऋण के पूर्ण अवमूल्यन से संबंधित था। भुगतान सेवाओं से राजस्व सालाना 25 प्रतिशत बढ़कर 1,223 करोड़ रुपये हुआ, जबकि शुद्ध भुगतान से राजस्व 28 प्रतिशत बढ़कर 594 करोड़ रुपये रहा। कंपनी खर्च पर अनुशासन बनाए रखते हुए बाजार हिस्सेदारी बढ़ाने के लिए रणनीतिक निवेश जारी रखेगी।

# साइबर सुरक्षा एजेंसी की चेतावनी, एंड्रॉयड 13, 14, 15 और 16 यूजर्स हो जाएं सावधान

**नई दिल्ली**



भारत सरकार से जुड़ी साइबर सुरक्षा एजेंसी सीईआरटी-इन की ओर से एंड्रॉयड यूजर्स के लिए बड़ी चेतावनी जारी की है और गूगल के मोबाइल ऑपरेटिंग सिस्टम में खामियां सामने आई हैं। नई एडवाइजरी को सीआईवीएन-2025-0293 नंबर के साथ जारी किया है और यह हाई-सीविएरिटी वॉर्निंग है। इसका सीधा असर एंड्रॉयड 13, 14, 15 और 16 यूजर्स पर पड़ेगा।

रिपोर्ट में खुलासा किया गया है कि खामी का सीधा फायदा अटैकर्स को मिलेगा और वे रिमोटली खतरनाक कोड रन कर सकते हैं। इसका मतलब है कुछ मामलों में अटैकर्स को यूजर्स के प्राइवेट डाटा का ऐक्सेस मिल सकता है और आपका फोन तक क्रैश हो सकता है। यूजर्स को बताया कि यह चेतावनी हाई-रिस्क इसलिए है क्योंकि इससे डाटा चोरी और सिस्टम क्रैश का सीधा खतरा है।

एजेंसी ने बताया है कि इन खामियों की वजह एंड्रॉयड के इंटरनल सिस्टम और कुछ कंपनियों की ओर से बनाए गए हार्डवेयर थे। इन कंपनियों की लिस्ट में कई चिपमेकर्स शामिल हैं। ये कंपनियां ज्यादातर एंड्रॉयड डिवाइसेज में प्रोसेसर लगाती हैं, इसलिए लाखों यूजर्स का प्रभावित होना तय है। सीईआरटी-इन की चेतावनी सभी एंड्रॉयड यूजर्स और स्मार्टफोन निर्माताओं के लिए है। एजेंसी ने बताया कि जो डिवाइस पुराने या प्रभावित वर्जन पर चल रहे हैं, वे तब तक खतरे में रहेंगे जब तक उनके लिए नए सुरक्षा पैच जारी और इंस्टॉल नहीं किए जाते। इन खामियों का फायदा उठाकर हैकर्स डाटा चोरी कर सकते हैं या कुछ मामलों में डिवाइस को पूरी तरह से डैमेज भी कर सकते हैं।

## एलन मस्क को मिलेगा 1 ट्रिलियन डॉलर तक का पे पैकेज

**सिंगापुर, यूएई, स्विट्जरलैंड की जीडीपी से भी ज्यादा**



**नई दिल्ली**

टेस्ला के करीब 75 फीसदी शेयरधारकों ने सीईओ एलन मस्क के लिए तैयार किए गए अब तक के सबसे बड़े पे पैकेज को मंजूरी दे दी है। कंपनी के बोर्ड ने यह परफॉर्मेंस-बेस्ड इंसेंटिव प्लान इस उद्देश्य से तैयार किया है कि मस्क आने वाले वर्षों तक टेस्ला के साथ जुड़े रहें और कंपनी को एआई, रोबोटिक्स और ऑटोनॉमस टेक्नोलॉजी जैसे क्षेत्रों में आगे बढ़ाएं।

इस योजना के तहत मस्क को कुल 12 चरणों में 423 मिलियन से अधिक शेयर मिलने की संभावना है, लेकिन यह तभी संभव होगा जब टेस्ला अगले दस वर्षों में तय किए गए वित्तीय और परिचालन लक्ष्यों को हासिल करे। यदि सभी लक्ष्य पूरे हो जाते हैं, तो कंपनी की मार्केट कैप 8.5 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच सकती है और मस्क की कुल संपत्ति 1 ट्रिलियन डॉलर से अधिक हो जाएगी।

इससे टेस्ला में उनकी हिस्सेदारी 13 फीसदी से बढ़कर 25 फीसदी तक पहुंच जाएगी। मस्क ने शेयरधारकों का समर्थन मिलने के बाद कहा, मैं इस विश्वास की बहुत सराहना करता हूं। यह पैकेज पास होना टेस्ला के लिए अहम माना जा रहा है, क्योंकि मस्क ने पहले संकेत दिया था कि अगर यह प्रस्ताव खारिज हुआ तो वे कंपनी छोड़ने पर विचार कर सकते हैं।

हालांकि कुछ प्रॉक्सी सलाहकार कंपनियों ने इसे अत्यधिक बताते हुए विरोध की सलाह दी थी, अधिकांश निवेशकों का मानना है कि मस्क का नेतृत्व टेस्ला की भविष्य की दिशा तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

दूसरी ओर आलोचकों का कहना है कि इतना बड़ा वेतन पैकेज कॉरपोरेट गवर्नेंस पर सवाल उठाता है और इससे कंपनी में शक्ति का असंतुलन बढ़ सकता है।

## टाटा मोटर्स के दो बहुप्रतीक्षित मॉडल लॉन्च के लिए तैयार



**नई दिल्ली**

भारतीय एसयूवी बाजार टाटा मोटर्स के नवंबर महीने में ही दो बहुप्रतीक्षित मॉडल लॉन्च के लिए तैयार हैं। कंपनी की नई पीढ़ी की सिएरा और महिंद्रा की ऑल-इलेक्ट्रिक एक्सईवी 9एस। दोनों एसयूवी अपने ब्रांड्स के लिए न सिर्फ तकनीकी उपलब्धि साबित होंगी बल्कि सेगमेंट में नए मानक भी तय करेंगी।

टाटा सिएरा, जो एक समय भारतीय सड़कों का आइकॉन मानी जाती थी, 25 नवंबर को आधिकारिक वापसी करने जा रही है। यह एसयूवी टाटा की लाइनअप में कर्व और हैरियर के बीच स्थित होगी और इसे इलेक्ट्रिक और इंटरनल कंबशन इंजन (आईसीई) दोनों वर्जनों में पेश किया जाएगा। पहले इसका आईसीई मॉडल लॉन्च होगा

जबकि ईवी वर्जन बाद में आएगा। सिएरा में टाटा का नया 1.5-लीटर इंजन परिवार दिया जाएगा जिसमें नेचुरली एस्पिरेटेड पेट्रोल, टर्बो पेट्रोल और डीजल यूनिट शामिल होंगे। टर्बो पेट्रोल इंजन से लगभग 168 पीएस पावर और 280 एनएम टॉर्क मिलने की उम्मीद है, जिसे 6-स्पीड मैनुअल और ऑटोमैटिक ट्रांसमिशन दोनों विकल्पों के साथ पेश किया जाएगा। इलेक्ट्रिक सिएरा का प्लेटफॉर्म हैरियर ईवी से साझा होने की संभावना है। इसमें दो बैटरी पैक मिल सकते हैं, जिनमें बड़े पैक से एक बार चार्ज करने पर 500 किलोमीटर से अधिक रेंज मिलेगी। साथ ही फास्ट चार्जिंग और बिडायरेक्शनल चार्जिंग जैसी आधुनिक सुविधाएं भी दी जाएंगी।

दूसरी ओर, महिंद्रा 27 नवंबर को बेंगलुरु में अपने स्क्रीम इलेक्ट्रिक इवेंट में एक्सईवी 9एस का ग्लोबल डेब्यू करेगी।

यह कंपनी की पहली फुली इलेक्ट्रिक, थ्री-रो एसयूवी होगी, जो इंग्लो स्केटबोर्ड प्लेटफॉर्म पर आधारित है।

# सतर्कता के साथ साहस भी जरूरी, बैंक मानदंडों में ढील दी गई:आरबीआई गवर्नर

**▸▸ प्रत्येक मामले को संबंधित संस्था की योग्यता के आधार पर देखा जाना चाहिए**


**मुंबई**

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने शुक्रवार को कहा कि केंद्रीय बैंक सतर्कता के साथ कदम उठा रहा है, लेकिन हाल ही में बैंकों पर लागू नियमों में ढील देना जरूरी था।

उन्होंने स्पष्ट किया कि जबकि आरबीआई सावधानी बरत रहा है, उसे साहस दिखाने की भी आवश्यकता है। मल्होत्रा ने कहा कि अल्पकालिक वृद्धि के पीछे भागते हुए वित्तीय स्थिरता से समझौता करना दीर्घकालिक विकास पर नकारात्मक असर डाल सकता है।

मल्होत्रा ने यह भी कहा कि बैंकों पर अधिक जिम्मेदारियां उनके बेहतर प्रदर्शन और कामकाज के कारण हैं।

उन्होंने जोर दिया कि केंद्रीय बैंक सूक्ष्म प्रबंधन नहीं करना चाहता और किसी भी नियामक का उद्देश्य बोर्ड रूम के निर्णयों को प्रभावित करना नहीं होना चाहिए। प्रत्येक मामले को संबंधित संस्था की योग्यता के आधार पर देखा जाना चाहिए। आरबीआई ने पिछले महीने कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। इनमें बैंकों को घरेलू अधिग्रहणों के लिए धन उपलब्ध कराना और रियल एस्टेट क्षेत्र को विदेशी उधारी लेने की अनुमति देना शामिल है।



# अभिनेत्री कटरीना ने दिया बेटे को जन्म, स्टार्स और फैंस ने दी बधाईयां

### विकी-कैट ने शेयर की पोस्ट लिखा- हम अपने बेबी बॉय का स्वागत करते हैं

कटरीना कैफ और विकी कौशल के फैंस के लिए अच्छी खबर है। कटरीना ने एक बेटे को जन्म दिया है। बेटे के जन्म के साथ ही कैटरीना और विकी की फैमिली में खुशियों का माहौल है। दोनों ने सोशल मीडिया पर एक प्यारा पोस्ट कर सबको ये खुशखबरी दी, जिसपर स्टार्स और फैंस उन्हें बधाई दे रहे हैं। दोनों ने पोस्ट शेयर कर लिखा- हमारे घर खुशियां आई हैं। हम अपने बेबी बॉय का स्वागत करते हैं... 7 नवंबर 2025। कटरीना और विकी। इस पोस्ट को शेयर कर विकी ने लिखा- 'आशीर्वाद'। सब सेलेब्स उन्हें बधाई दे रहे हैं। करीना ने लिखा- कैटज्वेलकम टू बॉय मम्मा क्लब। तुम्हारे और विकी के लिए बहुत खुश हूं। प्रियंका चोपड़ा ने लिखा- दोनों के लिए बहुत खुश हूं, बधाई। आयुष्मान खुराना ने लिखा- बेस्ट न्यूजज्दोनों को बधाई।

बता दें 23 सितंबर को विकी और कटरीना ने अनाउंस किया था कि दोनों जल्द माता-पिता बनने वाले हैं। उन्होंने लिखा था कि ये उनकी लाइफ का बेस्ट चैप्टर है। विकी ने कुछ दिनों पहले एक इंटरव्यू में पिता की जर्नी शुरू होने से पहले कहा था कि मैं काफी एक्साइटेड हूं और ये बहुत बड़ा आशीर्वाद है। एक्साइटिंग टाइम है और फिंगर क्रॉस। बता दें विकी और कटरीना ने 2021 में शादी की थी। दोनों की जोड़ी फैंस की फेवरेट जोड़ी में से एक है। काफी समय से कटरीना की प्रेग्नेंसी की खबरें आ रही थीं, लेकिन दोनों ने इसे छिपाकर रखा था और सितंबर में फिर सबको गुड न्यूज दी थी।

# सोनाली ने कन्नड़ फिल्म चेलुवी से की थी कॅरियर की शुरुआत

अभिनेत्री सोनाली कुलकर्णी भारतीय सिनेमा की उन अदाकाराओं में से हैं, जिन्होंने अपनी प्रतिभा से भाषाओं और सीमाओं की दीवारें तोड़ दीं। हिंदी और मराठी फिल्मों की जानी-मानी एक्ट्रेस सोनाली ने अपने करियर की शुरुआत 1992 में मशहूर निर्देशक गिरीश कर्नाड की कन्नड़ फिल्म चेलुवी से की थी। यह फिल्म न सिर्फ नेशनल अवॉर्ड विनर रही, बल्कि कांस फिल्म फेस्टिवल में भी प्रदर्शित हुई, जिससे सोनाली को अंतरराष्ट्रीय मंच पर पहचान मिली। सोनाली कुलकर्णी की सबसे बड़ी खासियत यह रही है कि उन्होंने सात अलग-अलग भाषाओं कन्नड़, मराठी, हिंदी, तमिल, गुजराती, अंग्रेजी और इतालवी में काम किया है। इस विविधता के कारण उन्हें 卐बहुभाषी सुपरस्टार卐 कहा जाता है। उन्होंने न केवल भारत की फिल्मों में बल्कि हॉलीवुड और यूरोपियन सिनेमा में भी अपनी अदाकारी का लोहा मनवाया।



पढ़ाई के साथ-साथ सोनाली ने बचपन से ही कला और नृत्य में गहरी रुचि दिखाई। उन्होंने भरतनाट्यम में 11 साल तक प्रशिक्षण लिया और पॉलिटिकल साइंस में ग्रेजुएशन किया।

मराठी साहित्य में स्कॉलरशिप पाने के बाद भी उनका दिल अभिनय की ओर खिंचता चला गया। कॉलेज के दिनों में पहली फिल्म साइन करते वक्त उन्हें क्लास मिस होने की चिंता थी, मगर गिरीश कर्नाड के प्रोत्साहन ने उनकी दिशा तय कर दी। सोनाली की पहली मराठी फिल्म मुक्ता (1994) थी, जिसके बाद उन्होंने पीछे मुड़कर नहीं देखा। हिंदी फिल्मों में वह दिल चाहता है, मिशन कश्मीर, डरना जरूरी है, और सिंघम जैसी फिल्मों से पहचानी जाती हैं, जबकि मराठी सिनेमा में देवराई, दोघी, कैरी, सखी और देऊल जैसी फिल्मों ने उन्हें विशेष लोकप्रियता दिलाई।

अभिनय के साथ-साथ सोनाली एक सफल लेखिका भी हैं। उन्होंने मराठी अखबार में 'सो कूल' नाम से कॉलम लिखा, जो इतना लोकप्रिय हुआ कि लोग उन्हें उसी नाम से पहचानने लगे। सोनाली को उनके अभिनय और बहुभाषी योगदान के लिए कई सम्मान मिले हैं, जिनमें मिलान फिल्म फेस्टिवल अवॉर्ड (2006), चार फिल्मफेयर अवॉर्ड्स और महाराष्ट्र स्टेट फिल्म अवॉर्ड शामिल हैं। पर्सनल लाइफ में उन्होंने पहले मराठी निर्देशक चंद्रकांत कुलकर्णी से शादी की थी, बाद में 2010 में टीवी एग्जीक्यूटिव नचिकेत पंतवैद्य से विवाह किया। उनकी एक बेटी है।



# इंडिपेंडेंट फिल्मों के सामने कई बाधाएं मौजूद: किरण राव

फिल्ममेकर किरण राव ने कहा कि डिजिटल प्लेटफॉर्म्स ने फिल्मों की पहुंच तो बढ़ाई है, लेकिन थिएटर में जाकर फिल्म देखने का अनुभव आज भी दर्शकों के लिए खास मायने रखता है। फिल्ममेकर किरण राव ने 14वें धर्मशाला इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल के दौरान अपने विचार साझा किए। किरण राव ने बताया कि पिछले कुछ वर्षों में फिल्म निर्माण और वितरण के तरीके काफी बदले हैं, लेकिन इंडिपेंडेंट फिल्मों के सामने अब भी कई बाधाएं मौजूद हैं। उन्होंने भारत की ऑस्कर प्रविष्टि फिल्म होमबाउंड का उदाहरण देते हुए कहा कि अब दर्शकों का स्वाद पहले से कहीं ज्यादा बदल चुका है। 卐पहले लोग केवल बड़े सितारों वाली फिल्मों को पसंद करते थे, लेकिन अब दर्शक नई कहानियों, नए चेहरे और अनोखे विषयों की ओर भी आकर्षित हो रहे हैं। इसका बड़ा श्रेय ओटीटी प्लेटफॉर्म्स को जाता है, जिन्होंने फिल्मों को घर-घर तक पहुंचाने का काम किया है,' उन्होंने कहा। हालांकि, राव ने एक अहम सवाल भी उठाया 'क्या दर्शक इंडिपेंडेंट फिल्मों के लिए पैसे देने को तैयार हैं?' उन्होंने कहा, 卐यह हर फिल्ममेकर के मन में उठने वाला सबसे बड़ा सवाल है। क्या कोई दर्शक 150 रुपये देकर होमबाउंड या सबर बोंडा जैसी फिल्में देखने थिएटर तक जाएगा? अगर लोग नहीं आएंगे, तो इतनी मेहनत, समय और संसाधन लगाने का क्या मतलब रह जाएगा?卐 किरण राव, जो पिछले एक दशक से इंडिपेंडेंट सिनेमा को प्रोत्साहित कर रही हैं, ने बताया कि इन फिल्मों की सबसे बड़ी चुनौती उनकी डिस्ट्रिब्यूशन है। उन्होंने कहा, 'फिल्में बन जाती हैं, लेकिन उन्हें सही मंच तक पहुंचाना मुश्किल है। बड़े बजट की फिल्मों की तुलना में इंडिपेंडेंट फिल्मों को थिएटर स्क्रीन या प्रमुख प्लेटफॉर्म्स पर जगह पाना आज भी कठिन है।' उन्होंने यह भी कहा कि इंडिपेंडेंट सिनेमा भारतीय फिल्म इंडस्ट्री की रचनात्मक आत्मा है, लेकिन इसके लिए दर्शकों का सहयोग जरूरी है। 'अगर हम चाहते हैं कि विविधता भरी कहानियां कही जाएं, तो हमें भी ऐसी फिल्मों को देखने और समर्थन देने की आदत डालनी होगी,' उन्होंने कहा। किरण राव का यह बयान आज के दौर में इंडिपेंडेंट फिल्ममेकर्स के संघर्ष और दर्शकों की जिम्मेदारी दोनों पर गहराई से रोशनी डालता है। मालूम हो कि भारत में इंडिपेंडेंट फिल्मों का सफर हमेशा से चुनौतीपूर्ण रहा है। शानदार कहानियों और उम्दा अभिनय के बावजूद इन फिल्मों को सही दर्शकों तक पहुंचाना अक्सर सबसे कठिन काम बन जाता है।

# 'जटाधारा' रिलीज़ से पहले ही जबरदस्त चर्चा में

बॉलीवुड एक्ट्रेस सोनाक्षी सिन्हा और सुधीर बाबू अभिनीत मैग्नम ओपस 'जटाधारा' अपनी रिलीज़ से पहले ही जबरदस्त चर्चा में है। वेंकट कल्याण और अभिषेक जायसवाल के निर्देशन में बनी 'जटाधारा' की टीम ने इसकी प्रामाणिकता को बनाए रखने के लिए वास्तविक तांत्रिक अनुष्ठानों का आयोजन किया, जिससे दृश्यों में आध्यात्मिक ऊर्जा और वास्तविकता झलके।

फिल्म की शूटिंग के दौरान हुए इन अनुष्ठानों में असली मंत्रों का जाप किया गया और प्रशिक्षित तांत्रिकों की देखरेख में पूरा माहौल तैयार किया गया। यह फिल्म न केवल एक अलौकिक ड्रामा है, बल्कि भारतीय संस्कृति, आस्था और रहस्यमय अनुष्ठानों से जुड़ी एक गहरी सिनेमाई यात्रा भी है। निर्देशक वेंकट कल्याण ने कहा, 卐हम केवल रहस्यमयी ऊर्जा को दिखाना नहीं, बल्कि उसे महसूस करना चाहते थे। 'जटाधारा' जैसी कहानी सिर्फ इफेक्ट्स से नहीं, बल्कि उस भावनात्मक गहराई से जुड़ती है जो मनुष्य को अदृश्य से संबंध जोड़ने की प्रेरणा देती है।卐 फिल्म की निर्माता प्रेरणा अरोड़ा ने बताया कि 'जटाधारा' केवल एक फिल्म नहीं, बल्कि आस्था और निडरता से जन्मा एक अनुभव है। उन्होंने कहा, 卐हम ऐसा संसार बनाना चाहते थे जो सच्चा और आत्मिक लगे। हर मंत्र, हर भावना वास्तविकता से उपजी थी। सेट का माहौल इतना शक्तिशाली था कि ऐसा लगता




था मानो सिनेमा और दिव्यता का संगम हो गया हो।卐 सह-निर्देशक अभिषेक जायसवाल ने भी कहा कि इस फिल्म में विजुअल इफेक्ट्स पर निर्भर रहने के बजाय प्रामाणिकता पर जोर दिया गया है। उन्होंने कहा, 'जो ध्वनि और कंपन प्राचीन अनुष्ठानों में होती है, वही दर्शकों तक पहुंचाना हमारा उद्देश्य था। सेट पर वे पल बेहद ऊर्जावान थे और यकीन है दर्शक भी उसकी तीव्रता को महसूस करेंगे।' 'जटाधारा' ज़ी स्टूडियोज़ और प्रेरणा अरोड़ा द्वारा प्रस्तुत एक द्विभाषी सुपरनैचुरल फैंटेसी थ्रिलर है, जिसे उमेश कुमार बंसल, शिविन नारंग, अरुणा अग्रवाल, प्रेरणा अरोड़ा, शिल्पा सिंघल और निखिल नंदा ने मिलकर बनाया है। फिल्म में सोनाक्षी सिन्हा और सुधीर बाबू के साथ दिव्या खोसला, शिल्पा शिरोडकर, इंदिरा कृष्णा, रवि प्रकाश, रोहित पाठक और झांसी जैसे कलाकार अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे।

# छोटी फिल्मों का थियेटर में जगह बनाना मुश्किल: हुमा कुरैशी

सीमित संसाधनों में बनी छोटी फिल्मों के सामने सबसे बड़ी चुनौती होती है थिएटर में स्क्रीन और शो टाइम की कमी। यही वजह है कि कई बार मजबूत कहानी और उत्कृष्ट अभिनय के बावजूद, ये फिल्में दर्शकों तक नहीं पहुंच पातीं। इसी मुददे को लेकर हाल ही में अभिनेत्री और निर्माता हुमा कुरैशी ने इसी मुद्दे पर खुलकर आवाज उठाई। उनकी फिल्म सिंगल सलमा को देशभर में बेहद सीमित स्क्रीन पर रिलीज किया गया, जिससे उन्होंने सोशल मीडिया पर नाराजगी जाहिर की। हुमा ने लिखा, 'सिंगल सलमा' जैसी फिल्मों में न तो बड़े स्टार होते हैं और न ही करोड़ों का मार्केटिंग बजट। ऐसे में थिएटर में अपनी जगह बनाना बेहद मुश्किल हो जाता है। सिस्टम अब भी उन्हीं फिल्मों को प्राथमिकता देता है, जिनमें बड़ा नाम या बड़ा पैसा जुड़ा होता है।' हुमा की इस पोस्ट ने दर्शकों और फिल्म इंडस्ट्री दोनों में व्यापक बहस छेड़ दी। देश के कई शहरों—जैसे दिल्ली, लखनऊ, कोलकाता और पटना के फैंस ने उनकी बात का समर्थन किया और थिएटर मालिकों से फिल्म के शो बढ़ाने की मांग की। कई दर्शकों ने सोशल मीडिया पर टिकट बुकिंग ऐप्स के स्क्रीनशॉट साझा किए, जिनमें दिख रहा था कि सिंगल सलमा के शो या तो हाउसफुल हैं या फिर उपलब्ध ही नहीं। इससे साफ है कि दर्शकों की दिलचस्पी मौजूद है, लेकिन थिएटर वितरण प्रणाली की असमानता के कारण उन्हें मौका नहीं मिल पा रहा।






# 'फोन भूत' का क्लिप साझा कर जैकी श्रॉफ ने यादें की ताजा

बॉलीवुड की हॉरर कॉमेडी फिल्म 'फोन भूत' के तीन साल पूरे होने पर अभिनेता जैकी श्रॉफ ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर फिल्म से जुड़ी यादें ताजा कीं। फिल्म का क्लिप साझा करते हुए जैकी ने कैप्शन में लिखा, 'फिल्म फोन भूत के रिलीज के तीन साल पूरे हो गए हैं।' एक्टर के इस पोस्ट के बाद फैंस ने कमेंट सेक्शन में फिल्म के मजेदार पलों को याद करते हुए उन्हें बधाई दी। कहानी दो दोस्तों मेजर (सिद्धांत चतुर्वेदी) और गुल्लू (ईशान खट्टर) के इर्द-गिर्द घूमती है, जिन्हें भूतों का खासा शौक होता है। उनके घर की दीवारें और सजावट भूतिया माहौल का अहसास कराती हैं। एक दिन दोनों भूतिया थीम वाली पार्टी का आयोजन करते हैं, लेकिन उसी दौरान उन्हें करंट लग जाता है। इसके बाद उन्हें एक भटकती आत्मा रागिनी (कैटरीना कैफ) दिखाई देती है, जो तांत्रिक आत्माराम (जैकी श्रॉफ) से अपने प्रेमी को बचाने के लिए उनकी मदद चाहती है। रागिनी दोनों को एक बिजनेस आइडिया देती है और उन्हें 'फोन भूत हेल्पलाइन' शुरू करने के लिए प्रेरित करती है, ताकि वे लोगों को भूतों से निजात दिला सकें। वह यह वादा भी करती है कि वह उन्हें पैसा और शोहरत दिलाने में मदद करेगी। शुरुआत में सब कुछ मजेदार ढंग से चलता है, लेकिन कहानी में मोड़ तब आता है जब दोनों को पता चलता है कि रागिनी असल में आत्माराम से बदला लेने के मकसद से उनके पास आई थी, क्योंकि उसी तांत्रिक ने उसकी जिंदगी तबाह कर दी थी। जैकी श्रॉफ का किरदार फिल्म में रहस्यमय और डरावना दोनों था, जिसने दर्शकों को खूब प्रभावित किया। अपने करियर में जैकी अब तक 220 से ज्यादा फिल्मों में नजर आ चुके हैं। एक्शन, ड्रामा और कॉमेडी हर शैली में उन्होंने अपनी अलग छाप छोड़ी है। अब अभिनेता अपनी अगली फिल्म 'तू मेरी मैं तेरा' में दिखाई देंगे, जिसका निर्देशन समीर विद्वांस ने किया है। इस फिल्म में जैकी के साथ नीना गुप्ता, कार्तिक आर्यन और अनन्या पांडे भी मुख्य भूमिकाओं में हैं। धर्मा प्रोडक्शंस के बैनर तले बनी यह फिल्म करण जौहर, अदार पूनावाला, अपूर्व मेहता, शरीन मंट्री केडिया और किशोर अरोड़ा द्वारा संयुक्त रूप से निर्मित की गई है। 'तू मेरी मैं तेरा' 25 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। मालूम हो कि गुरमीत सिंह के निर्देशन में बनी फिल्म फोन भूत में कैटरीना कैफ, सिद्धांत चतुर्वेदी, ईशान खट्टर, जैकी श्रॉफ और शीबा चड्ढा मुख्य भूमिकाओं में नजर आए थे।

# मीना कुमारी का किरदार निभाएगी कियारा आडवाणी

मदरहुड का आनंद लेने का बाद एक्ट्रेस कियारा आडवाणी ने अपनी पहली फिल्म साइन कर ली है, जो बॉलीवुड की मशहूर अदाकारा मीना कुमारी की जिंदगी पर आधारित होगी। ताजा रिपोर्ट्स के मुताबिक, पिछले साल निर्देशक सिद्धार्थ पी मल्होत्रा ने मीना कुमारी और कमाल अमरोही की कहानी पर आधारित बायोपिक 'कमाल और मीना' की घोषणा की थी। तब से यह चर्चा में था कि इस फिल्म में 卐ट्रेजेडी क्वीन卐 मीना कुमारी का किरदार कौन निभाएगा। लंबे समय से कृति सेनन और कियारा आडवाणी के नामों को लेकर अटकलें लगाई जा रही थीं, लेकिन अब एक रिपोर्ट ने यह साफ कर दिया है कि कियारा आडवाणी को इस प्रतिष्ठित रोल के लिए फाइनल कर लिया गया है। सूत्रों के मुताबिक, फिल्ममेकर को कियारा में वह भावनात्मक गहराई और विंटेज बॉलीवुड चार्म मिला है, जो मीना कुमारी के किरदार के लिए जरूरी था। बताया गया है कि कियारा इस भूमिका की तैयारी में पूरी तरह जुटने वाली हैं।



# फिर से वायरल हो रहे ऐश्वर्या और अभिषेक के पुराने बयान

पिछले साल से बॉलीवुड कपल्स ऐश्वर्या राय बच्चन और अभिषेक बच्चन के बीच दूरियों और तलाक की अफवाहें लगातार चर्चा में हैं। कपल्स के पुराने इंटरव्यू और बयान सोशल मीडिया पर फिर से वायरल हो रहे हैं, जिनसे पता चलता है कि कभी यह कपल अपने रिश्ते को लेकर कितना खुलकर बात करता था। साल 2007 में शादी के बंधन में बंधे ऐश्वर्या और अभिषेक की जोड़ी को फैंस आज भी 卐परफेक्ट कपल卐 मानते हैं। दोनों शादी के बाद टीवी होस्ट ओपरा विंफ्रे के शो पर भी नज़र आए थे, जहां उन्होंने अपनी लव स्टोरी से लेकर शादी तक के सफर के बारे में खुलकर बात की थी। अभिषेक ने उस शो में बताया था कि उन्होंने ऐश्वर्या को न्यूयॉर्क के एक होटल की बालकनी में फिल्म गुरु की शूटिंग के दौरान प्रपोज किया था।

इसी शो के दौरान ओपरा ने भारतीय शादियों की भव्यता पर चर्चा करते हुए कहा था कि इतनी ग्रैंड शादी के बाद अगर दिक्कतें आती हैं, तो तलाक लेना कितना मुश्किल होता है। इस सवाल पर ऐश्वर्या राय बच्चन ने बेहद सधे अंदाज में जवाब दिया था। उन्होंने कहा था कि वह और अभिषेक तलाक के बारे में कभी सोचते भी नहीं हैं। ऐश्वर्या ने मुस्कुराते हुए कहा था, 卐हम कोशिश भी नहीं करते हैं कि इस बारे में सोचें।卐 इस इंटरव्यू में ऐश्वर्या ने अभिषेक के परिवार के साथ रहने पर भी बात की थी और बताया था कि वह खुद को बेहद भाग्यशाली मानती हैं कि उन्हें इतना प्यार करने वाला परिवार मिला है। उनकी यह स्पष्ट और सकारात्मक सोच उस वक्त भी लोगों को खूब पसंद आई थी।

आज जब उनके रिश्ते को लेकर तरह-तरह की बातें की जा रही हैं, तो उनके पुराने बयान एक बार फिर लोगों के बीच चर्चा का विषय बन गए हैं। फैंस उम्मीद कर रहे हैं कि यह पावर कपल इन अफवाहों को जल्द ही पीछे छोड़कर फिर से एक साथ मीडिया के सामने नजर आए। बता दें कि बॉलीवुड के सबसे चर्चित कपल्स में शुमार ऐश्वर्या राय बच्चन और अभिषेक बच्चन इन दिनों एक बार फिर सुर्खियों में हैं। पिछले साल से दोनों के बीच दूरियों और तलाक की अफवाहें लगातार चर्चा में हैं। हालांकि, अब तक न तो ऐश्वर्या और न ही अभिषेक ने इस पर कोई आधिकारिक बयान दिया है।



स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, राजेश चौधरी द्वारा वत्स ऑफसैट, मुद्दा हाउस, सी. ब्लॉक, बारात घर के सामने, सेक्टर-22, नोएडा से मुद्रित तथा ई-189, सेक्टर-63, नोएडा गौतमबुद्धनगर उ.प्र. से प्रकाशित।
संपादक: जितेन्द्र चौधरी, आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, फोन नं.: 9999511233, ई-मेल : vishalindianews@gmail.com, वेब : www.vishalindia.in